03 मई, 2025
वैशाख, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 192

* ओड़िशा संस्करण


www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

पानी से आसमान तक चल रहा युद्धाभ्यास





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# 74 साल बाद होगी देश में जातीय जनगणना, जातियों के डेटा जुटाने की दिशा में मोदी कैबिनेट का बड़ा कदम

- ओबीसी समुदाय के लिए आरक्षण और कल्याणकारी योजनाओं की मांग बढ़ने से गणना की मांग जोर पकड़ने लगी
- कांग्रेस ने 2011 में सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना का फैसला किया, बजट पास हुआ, जनगणना पूरी हुई, लेकिन डेटा सार्वजनिक नहीं किया

**आजाद सिपाही विशेष**

देश में आजादी के बाद पहली बार जाति जनगणना करायी जायेगी। केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को जाति जनगणना को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इसे मूल जनगणना के साथ ही कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह कदम सामाजिक और आर्थिक समानता को बढ़ावा देगा, साथ ही नीति निर्माण में पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी। देश में इसी साल के आखिर में बिहार विधानसभा के चुनाव होने हैं। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल जाति जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं। ऐसे में कयास लगाये जा रहे हैं कि जाति जनगणना की शुरुआत सितंबर में की जा सकती है। हालांकि जनगणना की प्रक्रिया पूरी होने में एक साल लगेंगे। ऐसे में जनगणना के अंतिम आंकड़े 2026 के अंत या 2027 की शुरुआत में मिल सकेंगे। देश में पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। इसे हर 10 साल में किया जाता है। इस हिसाब से 2021 में अगली जनगणना होनी थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे टाल दिया गया था। जाति जनगणना के एलान के बाद राहुल गांधी ने कहा कि आखिरकार सरकार ने जाति जनगणना की बात कह दी है। हम इसका समर्थन करते हैं, लेकिन सरकार को इसकी समय सीमा बतानी होगी। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अगस्त 2024 में कहा था कि जनगणना 'उचित समय' पर होगी और यह 2025 में शुरू हो सकती है। जिसके डेटा 2026 तक प्रकाशित हो सकते हैं। केंद्रीय कैबिनेट का हालिया फैसला 2025 में होने वाली जनगणना में सभी जातियों के डेटा जुटाने की दिशा में एक बड़ा बदलाव है। यह फैसला सामाजिक-आर्थिक नीतियों को और प्रभावी बनाने के लिए लिया गया है, विशेष रूप से उन समुदायों के लिए जो इससे वंचित रहे हैं। आखिर जातिगत जनगणना है क्या, और इसके क्या फायदे और नुकसान क्या हो सकते हैं बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

## क्या है जातिगत जनगणना

जातिगत जनगणना एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें देश की आबादी को उनकी जाति के आधार पर बांटा जाता है। भारत में हर दस साल में होने वाली जनगणना में आमतौर पर आयु, लिंग, शिक्षा, रोजगार और अन्य सामाजिक-आर्थिक मापदंडों पर डेटा इकट्ठा किया जाता है। हालांकि, 1951 के बाद से जातिगत डेटा को इकट्ठा करना बंद कर दिया गया था, ताकि सामाजिक एकता को बढ़ावा मिले और जातिगत विभाजन को कम किया जा सके। फिलहाल केवल अनुसूचित जाति, (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) की जनसंख्या का डेटा इकट्ठा किया जाता है, लेकिन अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और सामान्य वर्ग की जातियों का कोई आधिकारिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। जनगणना एक्ट 1948 में एससी-एसटी की गणना का प्रावधान है। ओबीसी की गणना के लिए इसमें संशोधन करना होगा। इससे ओबीसी की 2,650 जातियों के आंकड़े सामने आयेंगे। 2011 की जनगणना के अनुसार, 1,270 एससी, 748 एसटी जातियां हैं। 2011 में एससी आबादी 16.6% और एसटी 8.6% थीं।

## जातिगत जनगणना का इतिहास

भारत में जातिगत जनगणना का इतिहास औपनिवेशिक काल से जुड़ा है। पहली जनगणना 1872 में हुई थी, और 1881 से नियमित रूप से हर दस साल में यह प्रक्रिया शुरू हुई। उस समय जातिगत डेटा इकट्ठा करना सामान्य था। हालांकि, आजादी के बाद 1951 में यह फैसला लिया गया कि जातिगत डेटा इकट्ठा करना सामाजिक एकता के लिए हानिकारक हो सकता है। इसके बाद केवल एससी और एसटी का ही डेटा इकट्ठा किया गया।

## आरक्षण और कल्याणकारी योजनाओं की मांग बढ़ी

पिछले कुछ सालों में सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में बड़ा बदलाव आया है। ओबीसी समुदाय के लिए आरक्षण और कल्याणकारी योजनाओं की मांग काफी बढ़ गयी है। ऐसे में जातिगत जनगणना की मांग फिर से जोर पकड़ने लगी। 2011 में यूपीए सरकार ने सामाजिक-आर्थिक और जातिगत जनगणना (एसइसीसी) की थी, लेकिन इसके आंकड़े विसंगतियों के कारण सार्वजनिक नहीं किये गये। बिहार, राजस्थान और कर्नाटक जैसे राज्यों ने स्वतंत्र रूप से जातिगत सर्वे किये, जिनके नतीजों ने इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में ला दिया।

## विपक्षी दल लंबे समय से कर रहे थे मांग

विपक्षी दल, कांग्रेस, आरजेडी, सपा आदि लंबे समय से इसकी मांग कर रहे थे। भाजपा का सहयोगी दल जदयू भी जातीय जनगणना के पक्ष में था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसे सामाजिक न्याय का आधार बताते हुए 2024 के लोकसभा चुनाव में इसे प्रमुख मुद्दा बनाया था। क्षेत्रीय दलों का मानना है कि जातिगत आंकड़े नीति निर्माण में मदद करेंगे, जबकि केंद्र सरकार ने पहले इसे प्रशासनिक रूप से जटिल और सामाजिक एकता के लिए खतरा माना था।





## 2011 में सामाजिक-आर्थिक गणना हुई लेकिन आंकड़े जारी नहीं

मनमोहन सिंह सरकार के दौरान 2011 में सामाजिक-आर्थिक और जातिगत जनगणना करवायी गयी थी। इसे ग्रामीण विकास मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने करवाया था। हालांकि इस सर्वेक्षण के आंकड़े कभी भी सार्वजनिक नहीं किये गये। ग्रामीण विकास मंत्रालय की वेबसाइट पर इसके एससी-एसटी हाउसहोल्ड के आंकड़े ही जारी किये गये हैं।

## जातिगत जनगणना के क्या हो सकते हैं फायदे?

जातिगत जनगणना के समर्थकों का मानना है कि यह सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम हो सकता है। उनका कहना है कि जातिगत आंकड़े सरकार को विभिन्न समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को बेहतर ढंग से समझने में मदद करेंगे। उदाहरण के लिए, यह पता लगाया जा सकता है कि कौन सी जातियां शिक्षा, रोजगार, और स्वास्थ्य सेवाओं में सबसे ज्यादा वंचित हैं। इससे कल्याणकारी योजनाओं को और प्रभावी बनाया जा सकता है। इसके अलावा ओबीसी और अन्य वंचित समुदायों की सटीक जनसंख्या के अभाव में, आरक्षण नीतियों को लागू करना और संसाधनों का उचित वितरण करना मुश्किल हो रहा है। मंडल आयोग (1980) ने ओबीसी की आबादी को 52% माना था, लेकिन यह अनुमान पुराने डेटा पर आधारित था। नये आंकड़े आरक्षण की सीमा और वितरण को और पारदर्शी बना सकते हैं।

जातिगत जनगणना से उन समुदायों की पहचान हो सकेगी जो ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर रहे हैं। जातिगत डेटा सामाजिक असमानताओं को उजागर करेगा, जिससे सरकार और समाज को इन मुद्दों को संबोधित करने का अवसर मिलेगा। उदाहरण के लिए अगर किसी विशेष जाति की आय या शिक्षा का स्तर राष्ट्रीय औसत से काफी कम है, तो इसे सुधारने के लिए नीतियां बनायी जा सकती हैं।

## जातिगत जनगणना के नुकसान

जातिगत जनगणना के कई फायदे हैं, लेकिन इसके संभावित नुकसान और जोखिम भी कम नहीं हैं। आलोचकों का मानना है कि यह सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर कई चुनौतियां पैदा कर सकता है। आलोचकों का तर्क है कि जातिगत जनगणना समाज में पहले से मौजूद जातिगत विभाजन को और गहरा कर सकती है। वहीं जातिगत आंकड़ों का उपयोग राजनीतिक दलों द्वारा वोट बैंक की राजनीति के लिए किया जा सकता है। क्षेत्रीय दल और जातिगत आधार पर संगठित पार्टियां इसका लाभ उठाकर सामाजिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा दे सकती हैं। इससे सामाजिक तनाव और हिंसा की संभावना बढ़ सकती है।

## जातियों की संख्या के आधार पर आरक्षण की मांग सबसे पहले यूपी में बसपा नेता कांशीराम ने की

80 के दशक में जातियों पर आधारित कई क्षेत्रीय पार्टियां उभरीं। इन पार्टियों ने सरकारी शिक्षण संस्थानों और नौकरियों में आरक्षण दिये जाने को लेकर अभियान चलाया। इसी दौरान जातियों की संख्या के आधार पर आरक्षण की मांग सबसे पहले यूपी में बसपा नेता कांशीराम ने की।

भारत सरकार ने साल 1979 में सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ी जातियों को आरक्षण देने के मसले पर मंडल कमीशन का गठन किया। मंडल कमीशन ने ओबीसी के लोगों को आरक्षण देने की सिफारिश की। इस सिफारिश को 1990 में उस वक्त के प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने लागू किया। इसके बाद देशभर में सामान्य श्रेणी के छात्रों ने उग्र विरोध प्रदर्शन किये। साल 2010 में लालू प्रसाद यादव और मुलायम सिंह यादव जैसे ओबीसी नेताओं ने मनमोहन सरकार पर जातिगत जनगणना कराने का दबाव बनाया।

इसके साथ ही पिछड़ी जाति के कांग्रेस नेता भी ऐसा चाहते थे। वहीं मनमोहन सरकार ने 2011 में सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना यानी एसइसीसी कराने का फैसला किया। इसके लिए 4 हजार 389 करोड़ रुपये का बजट पास हुआ। 2013 में ये जनगणना पूरी हुई, लेकिन इसमें जातियों का डेटा आज तक सार्वजनिक नहीं किया गया है।

# झारखंड डीजीपी विहीन, अनुराग गुप्ता के फैसले नियम विरुद्ध: बाबूलाल

**मुख्यमंत्री अविलंब राज्य में दूसरे डीजीपी की नियुक्ति करें**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दो दिनों से झारखंड संवैधानिक रूप से डीजीपी विहीन राज्य है। इतना ही नहीं झारखंड में एसीबी, सीआइडी और पुलिस सभी के डीजीपी का पद रिक्त है। कहा कि अनुराग गुप्ता द्वारा दिये जा रहे निर्देश, निर्णय गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश के आलोक में पूरी तरह असंवैधानिक है। कहा कि एक आइपीएस अफसर जिस पर भ्रष्टाचार, पक्षपात और फ्रॉड का आरोप हो, कोई भी सरकार अपने राज्य और जनता की सुरक्षा उसके हवाले कैसे कर सकती है?

श्री मरांडी ने कहा कि 1990 बैच के आइपीएस अनुराग गुप्ता पर आरोपों की लिस्ट काफी लंबी है। उन पर बिहार के जमाने में मगध यूनिवर्सिटी पुलिस स्टेशन केस नंबर 64/2000 धारा 420,467,468,471,474,109, 116, 120 बी और 201के तहत और सेक्शन 13 के तहत भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम का केस हुआ था। कहा कि जहां तक मुझे स्मरण है कि मेरे मुख्यमंत्रित्व काल के अंतिम दिनों में उस मामले में प्रॉसिक्यूशन सैंक्शन के लिए बिहार से अनुरोध पत्र भी आया था। उस पर आगे क्या हुआ इसका मुझे स्मरण में नहीं है। कहा कि हेमंत सोरेन ने खुद इन्हें 24 फरवरी 2020-से 9 मई 2022 (26 महीने) निलंबित किये रखा। लेकिन इस दौरान हेमंत सोरेन और अनुराग गुप्ता की नजदीकियां इतनी बढ़ीं कि सस्पेंशन की अवधि खत्म होते ही हेमंत सोरेन ने अनुराग गुप्ता को वापस झारखंड में ही नियुक्ति दे दी।

कहा कि हेमंत का अनुराग गुप्ता के प्रति नफरत के अचानक निकटता में बदलने के वजह के बारे में जानने की जिज्ञासा हुई तो पता चला कि इनकी नियुक्ति की शर्त यह थी कि उन्हें झारखंड में इडी के मुकदमों को मैनेज करना होगा और सरकार के भ्रष्टाचार का खुलासा करने वाले गवाहों पर झूठे केस चलाकर दबाव बनाना होगा। तभी से यह अटूट साझेदारी चली आ रही है। वरना झारखंड प्रशासन में वरिष्ठ और योग्य आइपीएस अफसरों की कोई कमी न तो पहले थी, न ही आज है। कहा कि अनुराग गुप्ता के प्रयास से इडी के अफसरों को डराने और काम से रोकने के लिए तीन-तीन मुकदमे पुलिस में दर्ज करवाये गये। जिनके जांच और कार्रवाई पर हाइकोर्ट को रोक लगानी पड़ी है।



अभी हाल में इडी के तीन गवाहों को पुलिस केस कर जेल भेजा गया। राज्य सेवा के कुछ अफसर जिनके बयान एवं कार्रवाई पर इडी ने कारवाई कर बड़ी मछलियों को पकड़ा वैसे अफसरों पर एसीबी और पुलिस के जरिये कार्रवाई कर उन पर इडी के खिलाफ बोलने का दबाव बनाया जा रहा है। कहा कि क्या कारण है कि जनवरी 2025 से अब तक पूजा सिंघल, छवि रंजन, आलमगीर आलम समेत दस से भी ज्यादा सरकारी लोगों पर प्रॉसिक्यूशन सेंक्शन के लिए इडी ने झारखंड सरकार को अनुरोध भेजा हुआ है। लेकिन एक भी मामले में झारखंड सरकार ने अबतक सेंक्शन नहीं दिया है। कहा कि 2024 में चुनाव आयोग ने डीजीपी अनुराग गुप्ता को अपने पद का दुरुपयोग करने का दोषी पाया और उन्हें हटा कर दूसरे डीजीपी की नियुक्ति की। लेकिन हद तो तब हो गयी, जब मुख्यमंत्री बनने के कुछ घंटों के अंदर ही हेमंत सोरेन ने अनुराग गुप्ता को डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार दे दिया। कहा कि कोर्ट के आदेश की अवहेलना करके अनुराग गुप्ता को कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया। फिर सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद 7 जनवरी को आनन-फानन में ऑल इंडिया सर्विस रूल्स (1958) को दरकिनार करते हुए सरकार ने डीजीपी की नियुक्ति के लिए एक नयी नियमावली ही बना डाली।

कहा कि ऑल इंडिया सर्विस नियमों के अनुसार, सरकार को डीजीपी की नियुक्ति के लिए पैनल की अनुशंसा यूपीएससी को भेजनी होती है, किंतु झारखंड सरकार ने अपनी मर्जी से नियम बनाकर यह ज़िम्मेदारी खुद ही ले ली। यह भली-भांति जानते हुए कि अनुराग गुप्ता 30 अप्रैल को रिटायर होने वाले हैं, सरकार ने सारे नियम-कानूनों को धत्ता बताते हुए 3 फरवरी को उन्हें झारखंड का डीजीपी नियुक्त कर दिया। जानबूझकर रिटायरमेंट के 2 महीने पहले नियुक्ति करना दर्शाता है कि वे नियुक्ति के बाद कम से कम दो साल डीजीपी बनाये रखने वाले नियम का इस्तेमाल अपने राजनीतिक फायदे के लिए कर रहे हैं। कहा कि इस असंवैधानिक नियुक्ति के संदर्भ में गृह मंत्रालय ने झारखंड सरकार को जो पत्र लिखा है, उसका जवाब में हेमंत सोरेन गृह मंत्रालय को ही पुनर्विचार करने को बोल रहे हैं। सरकार नियमों को ताक पर रखकर संवैधानिक पदों की गरिमा समाप्त कर रही है। कहा यह सिर्फ. डीजीपी की नियुक्ति तक ही सीमित नहीं है – झारखंड में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और सीआइडी का कार्यभार भी गैर कानूनी तरीके से यही संभाल रहे हैं। अनुराग गुप्ता के कार्यकाल में कोयले की चोरी में बेतहाशा वृद्धि हुई है। भ्रमण के दौरान जब धनबाद इलाके में मुझे लोगों ने बताया कि उस इलाके से रोजाना पांच सौ ट्रक से भी ज्यादा कोयले की चोरी हो रही है तो मैंने यह बात सरकार के संज्ञान लाया। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही। श्री मरांडी ने अविलंब राज्य में डीजीपी नियुक्त करने की मांग की। प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता अजय साह भी उपस्थित थे।

## 15 मई तक खाते में आ सकती है मंईयां योजना की राशि




**रांची(आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 18 से 50 वर्ष की आयु के लाभार्थियों को 15 मई से पहले लगभग 43 लाख लाभार्थियों को दो महीने की किस्त के तौर पर 5,000 रुपये जारी करने की तैयारी चल रही है। बता दें कि अपात्र लाभार्थियों और बैंक खातों में गड़बड़ी की जांच के बाद होली से पहले लगभग 38 लाख लाभार्थियों को तीन महीने की किस्त दी गयी थी। शेष 18 लाख लाभार्थियों की जांच अभी भी चल रही है। जिला स्तर पर आधार सीडिंग का काम तेजी से चल रहा है। इसके लिए विशेष शिविर लगाकर खातों को अपडेट किया जा रहा है। रांची में 29 अप्रैल को एक दिन का शिविर लगाया गया था, जबकि कई अन्य जिलों में 5 मई तक आधार सीडिंग का काम चलेगा।**

www.epaper.azadsipahi.in
03 मई, 2025
वैशाख, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00


कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 192

केदारनाथ धाम के कपाट खुले, 108 क्विंटल फूलों से मंदिर सजाया






# जल से आसमान तक चल रहा युद्धाभ्यास

## यूपी के गंगा एक्सप्रेस-वे पर हरक्यूलिस, जगुआर, मिग और राफेल समेत 15 एयरक्राफ्ट का 'टच एंड गो'



- पहली बार नाइट लैंडिंग ट्रायल भी हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

**शाहजहांपुर।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाक के बीच तनाव बढ़ गया है। इस दौरान भारत लगातार अपनी सैन्य ताकत का आकलन कर रहा है। जमीन से आसमान और हवा में युद्धाभ्यास किया जा रहा है। दो दिन पहले जहां अरब सागर में युद्धाभ्यास हुआ था, वहीं शुक्रवार को लड़ाकू विमानों ने उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में भारतीय वायुसेना ने गंगा एक्सप्रेस-वे पर अपना दमखम दिखाया।

3.5 किमी लंबी हवाई पट्टी पर जगुआर, मिराज जैसे 15 लड़ाकू विमानों ने आंधी-तूफान के बीच 'टच एंड गो' किया। सबसे पहले सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान ने एक्सप्रेस-वे पर 'टच एंड गो' किया। इसके बाद जगुआर, मिग और राफेल विमानों ने एक साथ आसमान में युद्धाभ्यास किया। करीब दो घंटे तक वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने अभ्यास किया। इसके बाद शाम को तीन घंटे का नाइट लैंडिंग शो हुआ। इस मौके पर काफी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद थे। पूरा इलाका तालियों और वंदेमातरम की आवजा से गूंज उठा।

### आसमान में एयरफोर्स की ताकत दिखी

गंगा एक्सप्रेस-वे पर लड़ाकू विमानों की सफल लैंडिंग हुई। शाहजहांपुर की धरती पर 15 लड़ाकू विमानों ने टच टाउन किया। सबसे पहले मालवाहन विमान ने लैंड किया। इसके बाद एक के बाद एक विमानों ने आसमान में उड़ान भरी। दोपहर 12.48 पर शुरू हुए एयर शो में एसयू 30, सी 130, एएन 32, मिग 29, राफेल, जगुआर, एमआइ 70 ने आसमान में एयरफोर्स की ताकत दिखायी। वायु सेना की ताकत देखने के लिए सैकड़ों लोग पहुंचे थे। जिन्हें पास नहीं मिला वह खेतों में लड़ाकू विमानों की लैंडिंग देखने पहुंच गये।

### नाइट लैंडिंग ट्रॉयल रहा सफल


जलालाबाद के गांव पीरू के पास बने एयरशो के कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम दो महीने पहले तय था, लेकिन पाकिस्तान के साथ मौजूदा रिश्ते को देखते हुए इस कार्यक्रम को अहम माना जा रहा है। दोपहर के बाद शाम को सात बजे से रात दस बजे तक एक बार फिर नाइट लैंडिंग का ट्रॉयल हउआ। इसे भी वायु सेना ने सफलतापूर्वत पूरा किया। गंगा एक्सप्रेस-वे यूपी का चौथा ऐसा एक्सप्रेस-वे है, जिसमें हवाई पट्टी है। यह रात में लैंडिंग की क्षमता वाला देश का पहला एक्सप्रेस-वे है।

# पाकिस्तानी प्रधानमंत्री का यूट्यूब और इंस्टाग्राम अकाउंट भारत में बंद

- चार पाकिस्तानी क्रिकेटर का भी इंस्टाग्राम अकाउंट पर बैन
- पहलगाम हमले के आतंकी कश्मीर के जंगलों में ही छिपे हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच भारत ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का आधिकारिक यूट्यूब चैनल और इंस्टाग्राम अकाउंट ब्लॉक कर दिया है। इसके अलावा क्रिकेटर बाबर आजम, हारिस रऊफ, मोहम्मद रिजवान और शाहीन



अफरीदी के इंस्टाग्राम अकाउंट भी बंद कर दिये हैं। उधर, पाकिस्तान ने दो दिन बाद वाघा बॉर्डर खोल दिया है। 30 अप्रैल से बॉर्डर बंद कर दिया था। इसके बाद कई पाक नागरिक स्वदेश नहीं लौट पाये थे। शुक्रवार को 21 पाक नागरिकों को देश लौटने की इजाजत दी गयी। ये लोग वीजा रद्द होने के बाद भारतीय सीमा में फंसे थे।

वहीं, पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानी सेना ने लगातार 8वें दिन एलओसी पर सीजफायर वायलेशन किया। इसके अलावा इंटरनेशनल बॉर्डर पर मौजूद जम्मू-कश्मीर के पांच इलाकों पर भी सीजफायर वायलेशन किया गया। इस फायरिंग को देखते हुए कम्युनिटी और दूसरे बंकरों को तैयार करना शुरू कर दिया है, ताकि फायरिंग बढ़ने पर इनका इस्तेमाल किया जा सके।

पहलगाम में शुक्रवार को आइएनए और फोरेंसिक टीम बायसरन घाटी में जांच करने पहुंची। इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया कि पहलगाम हमला करने वाले आतंकी दक्षिण कश्मीर के जंगलों में छिपे हैं। उनके पास राशन-पानी है, ऐसे में ये इन पहाड़ी इलाकों में लंबे समय तक रह सकते हैं। बताते चलें कि पहलगाम की बायसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों को गोली मारी थी।

## सरकार की रणनीति साफ नहीं : खड़गे




नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमले को 10 दिन हो चुके हैं। हमले पर सरकारी की रणनीति साफ नहीं है, जबकि पूरा विपक्ष सरकार के साथ है। खड़गे कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के सामने जो भी चुनौतियां हैं, उनका एकजुट होकर मुकाबला किया जायेगा। इस मुद्दे पर पूरा विपक्ष सरकार के साथ है। पूरी दुनिया को हम ये संदेश दे चुके हैं।

## राजस्थान इंटेलिजेंस ने आइएसआइ के जासूस को गिरफ्तार किया

जैसलमेर (आजाद सिपाही)। राजस्थान इंटेलिजेंस ने जैसलमेर के पठान खान को पाकिस्तान की आइएसआइ के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ सरकारी गोपनीयता अधिनियम, 1923 के तहत केस दर्ज किया गया है। उसे करीब एक महीने पहले हिरासत में लिया गया था और तब से उससे पूछताछ की जा रही थी। उसे औपचारिक रूप से 1 मई 2025 को गिरफ्तार किया गया। बताया गया कि पठान खान 2013 में पाकिस्तान गया था, जहां वह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के अधिकारियों के संपर्क में आया। पाकिस्तान में उसे पैसों का लालच दिया गया और जासूसी की ट्रेनिंग दी गयी। 2013 के बाद भी वह पाकिस्तान जाकर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के अधिकारियों से मिलता रहा और अंतरराष्ट्रीय सीमा से जुड़ी संवेदनशील और गोपनीय जानकारी पाकिस्तानी हैंडलर्स के साथ साझा करता रहा।

## पाकिस्तान का इतिहास आतंकवाद से जुड़ा : बिलावल भुट्टो

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने कहा कि पाकिस्तान का आतंकवाद के साथ इतिहास रहा है, यह कोई सीक्रेट नहीं है। स्काई न्यूज ने गुरुवार को पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान पर बिलावल भुट्टो से सवाल पूछा था। ख्वाजा आसिफ ने पहलगाम हमले के बाद कहा था कि पाकिस्तान 30 साल से आतंकवादियों को फंडिंग कर रहा है। बिलावल ने आसिफ के बयान का समर्थन किया और कहा कि पाकिस्तान ने अपनी गलतियों का अंजाम भुगता।



### न्यूज रील्स

#### अमित शाह 10 मई को आयेंगे रांची



रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची में 10 मई को इस्टर्न जोनल काउंसिल की अहम बैठक का आयोजन किया जायेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में झारखंड, बिहार, ओड़िशा और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। बैठक को देखते हुए रांची पुलिस ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सिटी, ग्रामीण और ट्रैफिक एसपी सहित सभी डीएसपी और थानेदारों के साथ हाइ लेवल मीटिंग कर सुरक्षा रणनीति पर चर्चा की। 27वीं इस्टर्न जोनल काउंसिल की बैठक में चार राज्यों के बीच आर्थिक सहयोग, सामाजिक योजनाएं, सीमा विवाद, अंतरराज्यीय परिवहन और विकास परियोजनाओं की प्रगति जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। परिषद का उद्देश्य राज्यों के बीच समन्वय को मजबूत करना और क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान निकालना है।

#### जम्मू-कश्मीर के रामबन में बादल फटा, एनएच-44 बंद

नयी दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के रामबन में शुक्रवार को बादल फट गया। सड़क पर मडस्लाइडिंग (कीचड़) के चलते जम्मू-श्रीनगर हाइवे (एनएच-44) दोनों तरफ से बंद कर दिया गया है। प्रशासन ने लोगों ने अपील की है कि हाइवे साफ हुआ या नहीं, सोशल मीडिया पर इसका स्टेटस चैक करके ही निकलें। इससे पहले दिल्ली-एसीआर, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में गुरुवार रात आंधी-बारिश और बिजली-पेड़ गिरने की घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गयी।

# मुख्यमंत्री आज करेंगे अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभांरभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक-एक कर चुनावी वादों को पूरा कर रहे हैं। उन्होंने अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ देने का वादा किया था। इस वादे को अब पूरा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री शनिवार को अधिवक्ता बीमा योजना का शुभारंभ करेंगे। इसके लिए खेल गांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में



मौजूद रहेंगे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, मंत्री राधाकृष्ण किशोर, इरफान अंसारी, संजय प्रसाद यादव और मंत्री अरफान अंसारी शामिल होंगे। उनके अलावा मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, राजेश कच्छप, अमित कुमार, सुरेश कुमार बैठा और विधायक विकास कुमार मुंडा को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम दोपहर 11.30 बजे से होगा।

## पाक हैकर्स ने भारत पर साइबर अटैक किया

**नयी दिल्ली।** आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तानी साइबर हैकर्स लगातार भारतीय संस्थानों और कंपनियों की वेबसाइट हैक करने की कोशिश कर रहे हैं। 1 मई को हैक्स1337 और नेशनल साइबर क्रू नाम के हैकर्स ग्रुप्स ने आर्मी पब्लिक स्कूल नगरोटा और सुंजवान की वेबसाइट पर साइबर अटैक किया। गनीमत यह रही कि हैकर्स इसमें कामयाब नहीं हो सके। इंडियन साइबर एजेंसियों ने रियल टाइम में हैकिंग का पता लगाया और इसे फेल कर दिया। हैकर्स इन वेबसाइट को हैक करके पहलगाम आतंकी हमले से जुड़ी फेक पोस्ट करने की कोशिश कर रहे हैं।

# धनबाद से पांचवां आतंकी गिरफ्तार

## पूर्व में यह आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन से जुड़ा हुआ था

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आतंकी संगठन 'हिज्ब उत तहरीर' के झारखंड मॉड्यूल की जांच कर रही झारखंड एटीएस की टीम को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। एटीएस की टीम ने एक ऐसे संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है, जो पूर्व में इंडियन मुजाहिदीन से जुड़ा हुआ था। झारखंड एटीएस की टीम ने आतंकी संगठन हिज्ब उत तहरीर से जुड़े एक और संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है। सबसे हैरत की बात यह है कि गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी पूर्व में आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन से जुड़ा हुआ था। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि धनबाद से जुड़े केस में पांचवे संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार संदिग्ध का नाम अमार यसार है।

### 2014 में भी हुआ था गिरफ्तार

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अमार यसार को साल 2014 में राजस्थान के जोधपुर से गिरफ्तार किया गया था। उस समय उसे इंडियन मुजाहिदीन के संदिग्ध आतंकी के तौर पर गिरफ्तार किया गया था। साल 2024 में जेल से बाहर निकालने के बाद अमार यसार एक बार फिर से आतंकी गतिविधियों में शामिल हो गया था। इस बार वह हिज्ब उत तहरीर से जुड़कर देश विरोधी कार्यों में संलिप्त था।


# नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया-राहुल को कोर्ट का नोटिस

## कहा, आरोपियों का पक्ष भी सुना जायेगा

- अगली सुनवाई 8 मई को होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को सोनिया और राहुल गांधी को नोटिस दिया। कोर्ट में मामले की दूसरी सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने मामले में सैम पित्रोदा, सुमन दुबे, सुनील भंडारी, मेसर्स यंग इंडिया और मेसर्स डोटेक्स मर्केंडाइज प्राइवेट लिमिटेड को भी नोटिस दिया है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने कहा कि किसी भी स्तर पर बात सुने जाने का



अधिकार निष्पक्ष सुनवाई में जान फूंकता है। मामले की अगली सुनवाई अब 8 मई को होगी।

बताते चलें कि 25 अप्रैल को कोर्ट ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी को नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि आरोपियों का पक्ष सुने बिना हम नोटिस जारी नहीं कर सकते। स्पेशल जज विशाल गोगने ने प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की याचिका पर 25 अप्रैल को पहली सुनवाई की थी। उन्होंने कहा कि इडी की चार्जशीट में कुछ डॉक्यूमेंट्स भी गायब हैं। उन डॉक्यूमेंट्स को दाखिल करिए। उसके बाद नोटिस जारी करने पर फैसला करेंगे। इडी ने कांग्रेस के नेशनल हेराल्ड अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (अखछ) से जुड़े मनी लांड्रिंग केस में 9 अप्रैल को पहली चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे को आरोपी बनाया था।

### पीएम ने विझिंजम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह का किया उद्घाटन, कहा

# कई लोगों की नींद हराम कर देगा आज का इवेंट, जहां मैसेज जाना था पहुंच चुका है

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को केरल के विझिंजम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह का उद्घाटन किया। उन्होंने इस दौरान विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि आज का ये इवेंट कई लोगों की नींद हराम कर देगा। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी के साथ-साथ मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन भी शामिल हुए। पीएम मोदी ने अपने भाषण के दौरान गौतम अडाणी का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां सीएम विजयन भी बैठे हैं, ये तो इंडिया गठबंधन के मजबूत स्तंभ हैं। शशि थरूर बैठे हैं। आज का ये



इवेंट कई लोगों की नींद हराम कर देगा। जहां मैसेज जाना था चला गया है। उन्होंने गौतम अडाणी का जिक्र करते हुए कहा कि अडाणी ने जितना अच्छा पोर्ट यहां बनाया है उतना अच्छा पोर्ट तो गुजरात में भी नहीं बनाया था। विझिंजम पोर्ट को बड़े कार्गो जहाजों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है।








## झारखंड के प्राइवेट स्कूलों को हाइकोर्ट से बड़ी राहत

# अब संबद्धता के लिए नहीं देनी होगी प्रतिवर्ष फीस

**प्राइवेट स्कूलों के लिए जमीन की आवश्यकता को सही बताया, छह माह के लिए नियम को किया शिथिल**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के प्राइवेट स्कूलों को झारखंड हाइकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन सहित झारखंड के कई प्राइवेट स्कूल संस्थाओं की ओर से दायर याचिका पर हाइकोर्ट ने फैसला सुनाया है। प्राइवेट स्कूलों ने राइट टू एजुकेशन एक्ट के तहत राज्य सरकार के वर्ष 2019 के रूल के तीन बिंदुओं को कोर्ट में चुनौती दी थी। मामले की सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता सुमित गाड़ोदिया ने और राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने पैरवी की थी। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार द्वारा संबद्धता के लिए आवेदन में प्राइवेट स्कूलों से प्रतिवर्ष कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के लिए 12500 रुपये की फीस लेने एवं कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के लिए 25000 रुपये की फीस लेने को गलत बताते हुए इसे खारिज कर दिया है। वहीं कोर्ट ने सरकार के नियम जिसमें ग्रामीण प्राइवेट स्कूलों के लिए साथ 60 डिसमिल जमीन रखने की अनिवार्यता और शहरी प्राइवेट स्कूलों के लिए 40 डिसमिल जमीन रखने की अनिवार्यता को सही बताया है। कोर्ट ने प्राइवेट स्कूलों के लिए जमीन के संबंध में बने इस नियम को छह माह के लिए शिथिल किया है। साथ ही प्राइवेट स्कूलों को इस नियम का पालन करने के लिए 6 माह का समय दिया है। कोर्ट ने प्राइवेट स्कूलों की संबद्धता के लिए स्थानीय विधायक, सांसद सहित अन्य की कमेटी को बड़ा बताया है और उसे छोटा करते हुए 8 सदस्य वाली कमेटी तक सीमित रखने का आदेश दिया है। बता दें कि प्राइवेट स्कूल संस्थानों की ओर से हाइकोर्ट में याचिका दाखिल कर राइट टू एजुकेशन एक्ट 2019 के नियम को चुनौती दी गयी थी। जिसमें झारखंड के प्राइवेट स्कूलों को संबद्धता के लिए आवेदन में प्रतिवर्ष निर्धारित फीस देने, प्राइवेट स्कूलों के लिए जमीन निर्धारित करने और प्राइवेट स्कूलों की संबद्धता के लिए बनी कमेटी को चुनौती दी गयी थी।

# मानसिक शांति के लिए नकारात्मकता का त्याग जरूरी: स्वामी सुद्धानंद गिरी



**योगदा सत्संग महाविद्यालय में 'ज्ञानोदय व्याख्यानमाला' के अंतर्गत प्रेरक व्याख्यान और नवाचारों का आयोजन**

**न्यूजलेटर 'द वाइएसएम क्रॉनिकल' का विमोचन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** योगदा सत्संग महाविद्यालय के आइक्यूएसी द्वारा आयोजित 'ज्ञानोदय व्याख्यानमाला' के अंतर्गत 'मेंटल इंजीनियरिंग: डेवलपिंग द पावर्स ऑफ द माइंड' विषय पर स्वामी सुद्धानंद गिरी ने प्रेरक व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि यदि हम मानसिक शांति प्राप्त करना चाहते हैं, तो हमें अपने अंदर की नकारात्मकता को दूर करना होगा। स्वामीजी ने मानसिक शक्ति के विकास के लिए आत्मनिरीक्षण और सकारात्मक सोच को आवश्यक बताया।

इसी अवसर पर आइक्यूएसी की पहल से महाविद्यालय का पहला न्यूजलेटर 'द वाइएसएम क्रॉनिकल' (जनवरी-अप्रैल, 2025) स्वामी सुद्धानंद गिरी के कर कमलों से लॉन्च किया गया। यह न्यूजलेटर महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और शोध गतिविधियों का संकलन है। साथ ही, महाविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा 'बुक रिव्यू पोर्टल' का भी उद्घाटन किया गया, जो छात्रों और शिक्षकों को पुस्तक समीक्षा साझा करने का एक मंच प्रदान करेगा।

कार्यक्रम में मंच संचालन आइक्यूएसी समन्वयक प्रोफेसर सिमरन कौर ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर प्रगति बख्शी ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शासी निकाय के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल ज्ञान भूषण, सचिव एके सक्सेना, आइक्यूएसी निदेशक कर्नल हिमांशु शेखर, एमआर नागालक्ष्मी सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

# संत जेवियर्स के पत्रकारिता विभाग के छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के द्वितीय वर्ष के छात्रों ने शुक्रवार को दूरदर्शन केंद्र रांची का दौरा किया। छात्रों को शैक्षणिक दौरे से टीवी मीडिया जगत के तकनीकी पहलुओं और विशेष रूप से पत्रकारिता के बारे में जानने का मौका मिला। भ्रमण पर गये स्नातक छात्रों को रांची दूरदर्शन केंद्र के तकनीकी प्रभारी अमित लकड़ा और तकनीकी सहायक ज्ञान समद के मार्गदर्शन में स्टूडियो, पीसीआर, सर्वर रूम, एडिटिंग रूम, रीजनल न्यूज यूनिट और मुख्य स्वीचिंग रूम को देखा। इस दौरान छात्रों ने प्रोडक्शन कंट्रोल यूनिट के प्रभागों में देखा कि लाइव समाचार कैसे प्रसारित होते हैं और ऑडियो, ग्राफिक उत्पादन और प्रसारण तकनीकों के बारे में सीखा। मौके पर दूरदर्शन केंद्र के अधिकारी और विभाग की डॉ नील कुसुम कुल्लू और आलोक रंजन सहित भ्रमण पर गये लगभग 30 विद्यार्थी उपस्थित थे।

# रेल से करें चार धाम की यात्रा : श्रद्धालुओं के लिए चलायी जा रही भारत गौरव डीलक्स ट्रेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** बद्रीनाथ, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम और द्वारका देश की चार दिशाओं में अवस्थित चार ऐसे धाम हैं जहां की यात्रा करना हर भारतीय की चाहत होती है। देश के इन चारों धाम की यात्रा रेल से कर पाना संभव है। इसके लिए भारतीय रेल द्वारा भारत गौरव डीलक्स टूरिस्ट ट्रेन चलायी जा रही है। भारतीय रेल द्वारा इससे पहले भी दो बार चारों धाम को जोड़ने के लिए भारत गौरव डीलक्स टूरिस्ट ट्रेन चलायी जा चुकी है। इस वर्ष दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से 27 मई को 17 दिवसीय चारों धाम भारत गौरव डीलक्स यात्रा की शुरूआत होगी। इसके तहत बद्रीनाथ, माना गांव, नरसिंह मंदिर, जोशीमठ, ऋषिकेश, जगन्नाथ मंदिर, पुरी समुद्र तट, कोणार्क सूर्य मंदिर, चंद्रभागा समुद्र तट, रामेश्वरम में रामनाथ स्वामी मंदिर और धनुषकोड़ी और द्वारका में द्वारकाधीश मंदिर, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग व भेंट द्वारका जैसी जगहों का भ्रमण कराया जायेगा। इस यात्रा में जाने वाले यात्रियों को वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर, पुणे में भीमशंकर मंदिर और नासिक में त्रंबकेश्वर मंदिर का भ्रमण भी कराया जायेगा। 17 दिनों की यात्रा के दौरान सभी भक्त 8425 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन में कई आधुनिक आरामदायक फीचर जोड़े गये हैं जिसमें दो डायनिंग रेस्टोरेंट, एक मॉडर्न किचन और स्नान के लिए क्यूबिक स्नानघर शामिल हैं। सभी कोच में बायो टॉयलेट युक्त वॉशरूम की व्यवस्था की गयी है। यात्रियों की सहूलियत के लिए फुटमसाजर भी लगाये गये हैं। पूरी तरह से वातानुकूलित इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, सेकंड एसी और थर्ड एसी में टिकट बुक करायी जा सकती है। ट्रेन में यात्रियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे और सिक्योरिटी गार्ड की व्यवस्था भी की गयी है। इस ट्रेन का संचालन भारतीय रेल कैटरिंग एवं टूरिज्म कारपोरेशन के माध्यम से किया जायेगा। टिकटों की बिक्री भी आइआरसीटीसी की वेबसाइट से ही की जायेगी। इसके लिए एक पैकेज रेट का निर्धारण किया गया है जिसमें जर्नी टिकट के साथ-साथ तीन सितारा होटल में रहने, तीनों टाइम का भोजन, ट्रैवल इंश्योरेंस और टूर मैनेजर की सेवा शामिल है। इस ट्रेन में बुकिंग के लिए 150 सीटें उपलब्ध हैं जिसे पहले आओ, पहले पाओ आधार पर बुक किया जायेगा। ट्रेन के संबंध में विस्तृत जानकारी भारतीय रेल कैटरिंग एवं टूरिज्म कारपोरेशन के वेबसाइट पर और उनके वेब पोर्टल पर उपलब्ध है। भारतीय रेल के कार्यकारी निदेशक सूचना एवं प्रचार दिलीप कुमार ने बताया कि देश के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों को जोड़ने के उद्देश्य से भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन का परिचालन किया जाता है। इन ट्रेनों के संचालन से विभिन्न धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान का भ्रमण कर पाना आसान हुआ है।

# आज रांची आयेंगे श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामीजी महाराज

**रविवार को सुबह पांच से आठ बजे तक खेलगांव स्टेडियम में देंगे दर्शन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** परम पूज्य मनीषी संत त्रिदंडी स्वामीजी महाराज के कृपा पात्र शिष्य श्री लक्ष्मी प्रपंन जियर स्वामीजी महाराज अपने भक्तों के साथ जगन्नाथ धाम तीर्थ यात्रा से वापस बिहार लौटने के क्रम में तीन मई की रात रांची आ रहे हैं। उनके आगमन पर स्वागत की तैयारी जोरों पर है। चार मई को प्रातः पांच बजे से आठ तक जीयर स्वामीजी का दर्शन खेलगांव स्टेडियम रांची में होगा। आयोजनकर्ता धर्मेंद्र तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर रांची के सभी भक्तगण स्वामीजी का झारखंड की धरती पर जोरदार स्वागत करेंगे। उन्होंने सभी भक्तों से आग्रह किया कि स्वामीजी के दर्शन कर लाभ लें और पुण्य के भागी बनें। इस पावन अवसर पर दर्शन हेतु बहुत से शिष्य और भक्त भी पधारेंगे। जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय, पूर्व न्यायाधीश एसन पाठक, महाधिवक्ता राजीव रंजन, समाजसेवी वीरेंद्र त्रिपाठी, सूरजभान सिंह, अखिलेश पांडेय, रमेश सिंह आदि भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। किसी तरह की जानकारी के लिए धर्मेंद्र तिवारी के 9431115714 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

## शारदा ग्लोबल स्कूल में राज्यस्तरीय स्पेल बी स्पर्धा का आयोजन

# 48 छात्र राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शारदा ग्लोबल में कक्षा प्रथम से लेकर दशमी तक के छात्रों के लिए स्पेल बी प्रतियोगिता हुई। 90 छात्रों ने इस प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लिया, जिसमें से 48 छात्र राष्ट्रस्तरीय परीक्षा के लिए उत्तीर्ण हुए। स्पेल बी अर्थात शुद्ध वर्तनी का छात्रों के शिक्षा में महत्वपूर्ण स्थान है। इस प्रकार की स्पर्धाओं से छात्र सही वर्तनी याद रखना, उनका सही उपयोग करना सीखते हैं। साथ ही उनकी सही वर्तनी उच्चारण की क्षमता का भी विकास होता है। इन 90 छात्रों में से 20 छात्र रैंक 2-10 तक रहे। इसके अतिरिक्त अन्य मेधावी छात्र भी अलग-अलग रैंक लाकर राष्ट्रीय स्तर की होने वाली प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए।

विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप, प्राचार्या जसमीत कौर ने छात्रों की इस उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी। साथ ही आगे होने वाली राष्ट्रीय स्पेल बी स्पर्धा में और भी बेहतर करने की प्रेरणा दी। प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्रवबीर प्रसाद, शुभ्राजित मिश्रा, लायबा आदिल। तीसरा स्थान, क्रष्णवी स्वरूप, अंश अर्षित खलखो, श्रेयांशी द्विवेदी। चौथा स्थान, रेहानुद्दीन अहमद, साईं लक्षित अलंका। 6ठा स्थान आराध्या सिंह, अयान प्रसाद, शान जरांग बोरो, सोनल गुप्ता। 7वां अनुश्री, अर्णव सिंह, कावेरी मिश्रा। 9वां स्थान आजाद परम, आकांक्षा शरण, अक्षित श्रीवास्तव। 10वां स्थान सृष्टि सात्विक का रहा।

# 'सेफ लैंडिंग ऑफ चंद्रयान -3' पर एक्सपर्ट टॉक का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अंतरिक्ष कार्यक्रमों में इसरो निरंतर आगे बढ़ रहा है और इस दिशा में हमने अपनी पुरानी गलतियों से काफी कुछ सिखा है। उक्त बातें शुक्रवार को प्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरु के एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर राधाकांत पाधी ने कहीं। वे आज सरला बिरला विश्वविद्यालय में आयोजित एक्सपर्ट टॉक के अवसर पर 'सेफ लैंडिंग ऑफ चंद्रयान -3' विषय पर बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे।

उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने भारत के विभिन्न अंतरिक्ष मिशनों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने रॉकेट रिकवरी पर इसरो के प्रयासों पर भी अपना विचार व्यक्त किया। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरु द्वारा चंद्रयान -2 की नाकामी को दूर किये जाने, एक्यूरेट लैंडिंग में सॉफ्टवेयर एल्गोरिद्म के इस्तेमाल और ऑप्टिमल सॉफ्टवेयर एल्गोरिद्म से ईंधन की बचत पर उन्होंने व्याख्यान दिया। चंद्रमा पर रफ ब्रेकिंग और फाइन ब्रेकिंग पर भी उन्होंने उपस्थित श्रोताओं को जानकारी दी। इस अवसर पर विवि के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने आइआइएससी, बेंगलुरु और इसरो के विषय में संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने एक्सपर्ट टॉक के निमित्त सरला बिरला विश्वविद्यालय का दौरा करने के लिए प्रो. पाधी का आभार व्यक्त किया। कुलपति प्रो सी जगनाथन ने ऑप्टिमाइजेशन तकनीक की चर्चा की। उन्होंने अंतरिक्ष से संबंधित विभिन्न मिशनों के लिए इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संचालन डॉ नित्या गर्ग ने किया। कार्यक्रम के अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने इस एक्सपर्ट टॉक के आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया है।

# हजरत मौलाना मोहम्मद नसीरूद्दीन फैजी को शहरे काजी बनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** हजरत मौलाना मोहम्मद नसीरूद्दीन फैजी को शहरे काजी बनाया गया है। सरकार के राजस्व निबंधन व भूमि सुधार विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी की है। इसमें लिखा है कि काजी अधिनियम 1880 संख्या-12 कंडिका 2 की शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल के आदेश से पत्रांक-13/नि0काजी-05/2024/44/नि0,दिनांक-29.04.2025 द्वारा हजरत मौलाना नसीरूद्दीन फैजी (खतीब- मस्जिद-ए- मोहम्मदी, बड़ागांई, रांची) एवं नायब अमीर-ए-जिला, जमिअत अहले हदीस, रांची को मुस्लिम समुदाय के बीच विवाह कराने व प्रमाण-पत्र देने के लिए रांची जिला का षहरे काजी का लाइसेंस दिया जाता है। उन्हें विवाह निबंधक घोषित किया जाता है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल में छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह



रांची (आजाद सिपाही)। अरगोड़ा-कटहल मोड़ रोड स्थित सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल, न्यू अशोक नगर में नये सत्र (2025-26) के लिए हेड बॉय, हेड गर्ल एवं हाउस कैप्टनशिप का चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत संपन्न हुआ। इस चुनाव का एक मात्र उद्देश्य छात्र नेतृत्व को प्रोत्साहित करना एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहद अपने अधिकार को समझाना है। चुनाव में प्राप्त मतों के आधार पर कक्षा नवम के करण कुमार और अनुष्का सिंह को क्रमशः हेड बॉय और हेड गर्ल घोषित किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक डॉ दीपक कुमार एवं रमाकांत प्रसाद उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्या श्रावणी पांडे ने सभी नवनिर्वाचित बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के उप प्राचार्य अक्षय कुमार सिन्हा, वरिष्ठ शिक्षक निर्मल कुमार चौधरी उपस्थित रहे। मंच का संचालन मिस तृषा कुमारी ने किया जबकि साज-सजा से लेकर चुनावी प्रक्रिया तक का संचालन विद्यालय के शिक्षक सुमन कुमारी, रेणु मिश्रा, संदीप पांडेय, तबस्सुम खातून और उषा कुमारी ने किया।

### आइसीएसइ बोर्ड परीक्षा में अदिति आर्या को मिला 98.2 प्रतिशत अंक, बनीं मिसाल

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड की बेटियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अदिति आर्या, पुत्री जयंत पंकज और माता सुषमा गुप्ता ने आइसीएसइ बोर्ड परीक्षा में 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता की नयी ऊंचाइयों को छुआ है। अदिति जैसे गिने-चुने छात्रों ने ही इस परीक्षा में इतने उच्च अंक प्राप्त किये हैं। अदिति एक मध्यम वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखती हैं और उनका जन्म और पालन-पोषण रांची में हुआ है। अदिति के पिता जयंत पंकज ने बताया कि उनकी बेटी एक मेधावी छात्रा है और उसका ध्यान केवल पढ़ाई पर रहता है। अदिति एमबीबीएस करना चाहती हैं और उनका लक्ष्य आइएएस अधिकारी बनना है, जिससे वह देश की सेवा कर सकें। उन्हें कल्पना चावला के जीवन से प्रेरणा मिलती है। कल्पना चावला की हौसले और संघर्ष की कहानी ने अदिति को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रेरित किया है। बातचीत के क्रम में अदिति ने बताया कि संत थॉमस स्कूल, धुर्वा ने उन्हें पढ़ाई के लिए काफी अच्छा माहौल प्रदान किया। उनके साथी और माता-पिता ने उन्हें पढ़ाई में मार्गदर्शन और समर्थन दिया, जिससे उन्हें इस सफलता को प्राप्त करने में मदद मिली। आइसीएसइ बोर्ड के परिणाम आने के बाद अदिति के आसपास के लोगों में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

### टेंडर हार्ट के विद्यार्थियों ने मजदूर दिवस पर श्रमिकों का किया सम्मान



रांची (आजाद सिपाही)। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर टेंडर हार्ट स्कूल के विद्यार्थियों ने रांची के विभिन्न इलाकों में जाकर मजदूरों का सम्मान किया। हिनू चौक, बिरसा चौक, हटिया चौक, तुपुदाना चौक पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने वहां मौजूद हजारों मजदूर भाइयों का बड़े ही आत्मीयता और श्रद्धा से सम्मान किया एवं एक अनोखी मिसाल पेश की। तेज धूप में कठिन परिश्रम कर रहे मजदूरों को बच्चों ने सर्वप्रथम तिलक लगाया और पुष्पमाला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने उन्हें छाता और पानी की बोतल भेंट की, जो सभी श्रमवीरों के सम्मान का प्रतीक बना। अंत में विद्यार्थियों ने बड़े सम्मान भाव से उनका चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। ऐसा सम्मान पाकर उपस्थित सभी मजदूरों की आंखों में गर्व और खुशी के आंसू भर आये और उन्होंने बच्चों को गले लगाकर उन्हें सच्चे मन से आशीर्वाद दिया और जीवन में ऊंचाइयों को छूने की प्रेरणा दी। मौके पर टेंडर हार्ट के चेयरमैन सुधीर तिवारी ने सभी विद्यार्थियों को इस नेक कार्य के लिए शुभकामना संदेश देते हुए बताया कि हमारे देश के स्तंभ सभी श्रमिकों का सम्मान ही राष्ट्र का सच्चा सम्मान है। कार्यक्रम में टेंडर हार्ट कि प्राचार्या उषा किरण झा, निदेशक जे मोहंती एवं उप प्राचार्या शिवांगी शुक्ला भी उपस्थित रहीं और सभी ने बच्चों की इस पहल की खूब सराहना की।

### बी प्रसाद एंड एसोसिएट्स, कॉस्ट अकाउंटेंट्स के नये कार्यालय का उद्घाटन



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के अल्कापुरी स्थित टिग्गा कॉम्प्लेक्स में मेसर्स बी प्रसाद एंड एसोसिएट्स, कॉस्ट अकाउंटेंट्स के नये कार्यालय का भव्य उद्घाटन राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने फीता काटकर किया। कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर राजेश कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन मेसर्स बी प्रसाद एंड एसोसिएट्स के लिए एक नये युग की शुरूआत का प्रतीक है, इस कार्यालय के उद्घाटन के लिए शुभकामनाएं देता हूं और आशा करता हूं कि यह कार्यालय न केवल अपने ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवायें प्रदान करेगा, बल्कि स्थानीय समुदाय के विकास में भी योगदान करेगा। इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में अखिल भारतीय अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष मान्यवर आरपी रंजन, वाइबर यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर अध्यक्ष रामजी यादव और विकास पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर संजय चौरसिया ऑफिस के डायरेक्टर विद्याधर प्रसाद सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यालय के उद्घाटन पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिन्होंने मेसर्स बी. प्रसाद एंड एसोसिएट्स की इस नई पहल के लिए शुभकामनाएं दीं।





## महत्वपूर्ण खबरें

### 7 मई को झारखंड कैबिनेट की बैठक

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड कैबिनेट की अगली बैठक बुधवार, 7 मई 2025 को रांची स्थित झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) के मंत्रिपरिषद् कक्ष में आयोजित की जायेगी। बैठक अपराह्न 4:00 बजे से प्रारंभ होगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में राज्य से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की संभावना है।

### स्वामी सहजानंद सरस्वती सेवा संघ समिति ने भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया



रांची (आजाद सिपाही)। रांची में स्वामी सहजानंद सरस्वती सेवा संघ समिति द्वारा कृषि भवन में भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं पारिवारिक स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के दिलीप राय, नागेंद्र पांडेय, संध्याकर, विकास चौधरी और संतोष राय का विशेष योगदान रहा। परिचय एवं पारिवारिक स्नेह मिलन के महत्व समझाते हुए भाजपा पूर्व प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू ने कहा कि परिचय से परस्पर प्रेम बढ़ता है, प्रेम से संगठन मजबूत होता है, संगठन से ही शक्ति का उपार्जन होता है। संस्थापक: सह भाजपा नेता मृत्युंजय शर्मा ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती सेवा संघ समिति द्वारा समाज को एक मंच से जोड़कर सामाजिक एवं पारिवारिक रिश्तों को और अधिक मजबूत कर एक वृहद परिवार का निर्माण करना सिखाता है। सिंपी सिंह ने कहा कि महिलाएं समाज के निर्माण की आधार होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास चौधरी मंच संचालन व्रजेश शर्मा ने किया। इस मौके पर सोनू कुमार, चिंता राय, विनय सिंह, लाजवंती देवी, पिंकी सिंह, अनामिका देवी, प्रीति सिंह, अरुण कुमार शर्मा, पंकज कुमार, अमित कुमार सिंह, अभिषेक राय, सतीश सिंह, नीरज सिंह अभिषेक सिंह, मोती सिंह, हीरा सिंह, संतोष सिंह, मनोज सिंह, रामानुज शर्मा, अंजली सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### केंद्र सरकार की जातिगत जनगणना कराने की घोषणा का स्वागत: राजू राम



रांची (आजाद सिपाही)। कांग्रेस रांची महानगर अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजू राम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कैबिनेट द्वारा जातिगत जनगणना कराने की घोषणा का स्वागत किया है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि जाति जनगणना की शुरूआत जल्द से जल्द करायी जाये। राजू राम ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और विपक्ष के नेता द्वारा पिछले एक साल से जातीय जनगणना कराने की मांग की जा रही थी। उन्होंने कहा कि अंततः प्रधानमंत्री ने विपक्ष के दबाव में इस मांग को स्वीकार किया है। राजू राम ने कहा कि जातीय जनगणना से राज्य और केंद्र की योजनाओं में आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों को उनकी आबादी के अनुसार हिस्सेदारी मिलेगी। इससे आरक्षण की सीमा बढ़ाने में मदद मिलेगी और इन वर्गों को सरकारी संस्थाओं में जगह मिलेगी।

### टीएमसी ने मजदूरों को सम्मानित किया




रांची (आजाद सिपाही)। ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड ने अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर पार्टी के प्रदेश कार्यालय में मजदूरों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर झारखंड टीएमसी के कार्यकारी अध्यक्ष फिलमोन टोप्पो ने कहा कि मजदूर दिवस मजदूरों के जीवन के महत्व को समझने का महत्वपूर्ण मौका है और देश के विकास में उनकी भूमिका को स्वीकार करना आवश्यक है। झारखंड टीएमसी के प्रदेश सचिव और कार्यालय प्रभारी दयानंद प्रसाद सिंह ने कहा कि देश के मजदूर ही देश का भविष्य गढ़ते हैं और उनकी मेहनत से देश का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि देश के नीति निर्धारकों को मजदूरों के जीवन स्तर में सुधार के लिए कुछ अच्छे कदम उठाने चाहिए। इस कार्यक्रम में झारखंड टीएमसी के प्रवक्ता उदय भान सिंह, रांची जिला अध्यक्ष जयप्रकाश साहू और कई मजदूर भाई उपस्थित रहे। सभी ने मजदूर दिवस के महत्व पर चर्चा की और मजदूरों के अधिकारों की बात की।

### पीएम मोदी के जाति जनगणना कराने के फैसले का स्वागत : प्रदीप रवि



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश गुरु रविदास महासभा वर्षों से जाति आधारित जनगणना कराने के पक्ष में रही है। झारखंड प्रदेश गुरु रविदास महासभा के अध्यक्ष दीपक कुमार रवि ने केंद्र सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जाति जनगणना कराने से सबसे ज्यादा लाभ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और मूलवासियों को होने वाला है। इसके लिये झारखंड प्रदेश गुरु रविदास महासभा विशेष रूप में देश के प्रधानमंत्री सहित जाति जनगणना की मांग करने वाले सभी राजनेताओं का राजनीतिक दलों का और गैर राजनीतिक संगठनों का आभार व्यक्त करती है। महासचिव प्रदीप रवि ने केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह हमारे देश के प्रधानमंत्री की मजबूत इच्छाशक्ति ही है। इससे देश में जाति जनगणना का रास्ता साफ हुआ है। भारत सरकार के इस फैसले का झारखंड प्रदेश गुरु रविदास महासभा स्वागत करता है।

### सीटी बजाओ अभियान 2.0 एक अभिनव और प्रभावी पहल : मंजूनाथ भजंत्री

रांची (आजाद सिपाही)। रांची उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देशानुसार रांची जिला में शिक्षा में कई मानक बदलाव देखने को मिल रहा है। रांची जिला के शिक्षा व्यवस्था में काफी बदलाव आ रहा है। रांची जिला प्रशासन और स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार द्वारा संचालित सीटी बजाओ अभियान 2.0 एक अभिनव और प्रभावी पहल है, जिसका उद्देश्य सरकारी स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति, ठहराव (रिटेंशन) और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना है। इस अभियान ने न केवल रांची जिले में शैक्षिक परिदृश्य को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है, बल्कि पूरे राज्य के लिए एक मॉडल के रूप में उभरा है।

# रांची में स्टैच्यू ऑफ स्ट्रेंथ नाम से बनेगी धरती आबा की प्रतिमा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के हाहाप पंचायत में धरती आबा बिरसा मुंडा की विशाल प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ स्ट्रेंथ नाम से बनाया जायेगा। स्टैच्यू ऑफ स्ट्रेंथ का निर्माण रांची के बायोडायवर्सिटी पार्क और रांची-टाटा मार्ग स्थित नामकुम प्रखंड के हाहाप पंचायत में होगा। इसे लेकर नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने शुक्रवार को स्थल का निरीक्षण किया।

मौके पर मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में यह स्थावन झारखंड के पर्यटन और सांस्कृतिक पहचान का नया केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि रांची-टाटा मार्ग के बगल स्थित एक विशाल पहाड़ी को इस परियोजना के लिए विकसित किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को बायोडायवर्सिटी पार्क में एक न्यूट्रीशन पार्क के निर्माण करने का निर्देश दिया।

प्रस्तावित परियोजना के तहत पहाड़ी क्षेत्र में पार्क, कैफेटेरिया, पार्किंग और ऊपर चढ़ने के लिए सड़क का निर्माण किया जायेगा। साथ ही पहाड़ी की चोटी पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित की जायेगी, जो झारखंड की वीरता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बनेगी।




# गुजरात ने हैदराबाद को 38 रन से हराया

- गिल-बटलर की फिफ्टी
- सिराज-प्रसिद्ध को 2-2 विकेट
- जीत से नंबर-2 पर पहुंची टाइटंस



आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद आइपीएल के मौजूदा सीजन में प्लेऑफ की रेस से पिछड़ रही है। टीम को गुजरात टाइटंस ने 38 रन के अंतर से हराया। हैदराबाद ने 10 में से 7 मैच गंवा दिये, जबकि गुजरात ने सीजन में 7वीं जीत हासिल की है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हैदराबाद ने बॉलिंग चुनी। गुजरात टाइटंस ने 20 ओवर के बाद 6 विकेट खोकर 224 रन बनाये। जवाब में हैदराबाद की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 186 रन ही बना सकी। गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने 76 रन बनाये, जबकि जोस बटलर 64 रन बनाकर आउट हुए। साई सुदर्शन ने 48 रन की पारी खेली। जयदेव उनादकट ने 3 विकेट झटके। हैदराबाद की ओर से अभिषेक शर्मा ने 74 रनों की पारी खेली, हेनरिक क्लासन ने 23 रन बनाएये मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने दो-दो विकेट लिये।

**गिल-सदुर्शन ने रखी नींव :** गुजरात को इस मैच में पहले बल्लेबाजी करने का न्योता मिला। टीम के कप्तान गिल और उनके सलामी जोड़ीदार साई सुदर्शन ने एक बार फिर टीम को मजबूत शुरुआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 87 रन जोड़े। सुदर्शन ने 23 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से 48 रन बनाये। इसके बाद गिल को बल्लेबाज जोस बटलर का साथ मिला। दोनों ने टीम का स्कोर 149 तक पहुंचाया। गिल ने 38 गेंदों पर 10 चौके और दो छक्कों की मदद से 76 रन बनाये।

**बटलर ने दिखाया रंग :** गिल के जाने के बाद बटलर ने जिम्मेदारी ली। 19वें ओवर की चौथी गेंद पर वह आउट हो गये। उन्होंने 37 गेंदों पर तीन चौके और चार छक्कों की मदद से 64 रन बनाये। वॉशिंगटन सुंदर ने 16 गेंदों पर 21 रन बनाये। शाहरुख खान दो गेंदों पर छह रन बनाकर नाबाद रहे।

## झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी की गवर्निंग काउंसिल की 11वीं बैठक

# स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी खोलने की प्रक्रिया शुरू करें : मुख्य सचिव



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में खेल-कूद की गतिविधियों को बढ़ावा देते हुए प्रतिभाओं को प्रशिक्षित कर निखारने के लिए खेल विश्वविद्यालय खुलेगा। खेल विश्वविद्यालय का संचालन झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसायटी और सीसीएल के संयुक्त तत्वावधान में होगा। शुक्रवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी ने इसकी प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि एक कमेटी बनाकर बिहार के राजगीर में खुले खेल विश्वविद्यालय सहित अन्य राज्यों के खेल विश्वविद्यालयों का अध्ययन करें और झारखंड की जरूरतों के अनुसार उसका इस्तेमाल करें। उन्होंने खेल गांव में 200 एकड़ में फैले 4 इनडोर और 6 आउटडोर स्टेडियम सहित अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर के समुचित उपयोग पर बल देते हुए निर्देश दिया कि राज्य की खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए और क्या बेहतर हो सकता है, उस पर फोकस करें। वह शुक्रवार को झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी की गवर्निंग काउंसिल की 11वीं बैठक को संबोधित कर रही थीं।

### सीसीएल ने खेलगांव में दिया 5 मेगावाट का सोलर सिस्टम लगाने का प्रस्ताव

बैठक में स्पोर्ट्स एकेडमी के पार्टनर सीसीएल ने स्पोर्ट्स एकेडमी की गतिविधियों में बिजली की भारी खपत को देखते हुए खेल गांव में 5 मेगावाट का सोलर सिस्टम लगाने का प्रस्ताव रखा। इसका खर्च सीसीएल अपने सीएसआर फंड से करेगा। बताया गया कि बिजली बिल की बचत के पैसे का उपयोग खेल गतिविधियों को और उन्नत बनाने में किया जायेगा। वहीं खेल-कूद विभाग की ओर से बताया गया कि खेल गांव में स्थित इंफ्रास्ट्रक्चर 15 साल पुराना हो चुका है और उसके जीर्णोद्धार की जरूरत है। मुख्य सचिव ने इस दिशा में आगे बढ़ने का निर्देश दिया।

**खेल प्रशिक्षण के लिए चयनित बच्चों के लिए खेल गांव में खुलेगा स्कूल**

मुख्य सचिव ने 4-5 साल तक के बच्चों को स्पोर्ट्स एकेडमी से जोड़ने की पहल करने का सुझाव देते हुए कहा कि विदेशों में लगभग इसी उम्र से बच्चों को प्रशिक्षित कर अंतरराष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी बनाया जाता है। बैठक में स्पोर्ट्स एकेडमी से जुड़े बच्चों की शिक्षा के लिए वहां सरकारी प्लस-2 स्कूल खोलने के सुझाव को स्वीकार करते हुए स्कूली शिक्षा सचिव को इसकी प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि स्पोर्टस एकेडमी के पास इंफ्रास्ट्रक्चर है, सिर्फ शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की जरूरत है।

### 200 एकड़ के कैंपस में चल रही स्पोर्ट्स एकेडमी

बताते चलें कि झारखंड में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी और सीसीएल के बीच 50-50 प्रतिशत के योगदान से 2015 में 30 साल के लिए एमओयू हुआ था। दोनों के संयुक्त तत्वावधान में 2016 से रांची के खेलगांव में स्कूली खेल प्रतिभाओं का चयन कर उन्हें निखारने के लिए रहने, खाने, पढ़ने के साथ विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण की सुविधा दी गयी है। यहां 1400 बच्चों के प्रशिक्षण की सुविधा है, लेकिन अभी यहां 92 लड़के और 128 लड़कियों को मिलाकर कुल 220 बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षक और सपोर्ट स्टाफ की संख्या 47 हैं। मुख्य सचिव ने इसकी संख्या बढ़ाने पर बल दिया। बैठक में बताया गया कि फिलहाल स्पोर्ट्स एकेडमी में 11 खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चार अन्य खेलों का प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। इसके लिए प्रशिक्षकों के चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। 2021-22 से अभी तक स्पोर्ट्स एकेडमी से प्रशिक्षित 1628 बच्चे विभिन्न स्पर्धाओं में कई मेडल जीते हैं। उसमें अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में 4 गोल्ड, चार सिल्वर और 6 कांस्य पदक, राष्ट्रीय स्पर्धा में 74 गोल्ड, 70 सिल्वर और 118 कांस्य पदक सहित राज्यस्तरीय स्पर्धाओं में 763 गोल्ड 352 सिल्वर और 227 कांस्य पदक शामिल हैं। बैठक में गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, खेल-कूद विभाग के सचिव मनोज कुमार, स्कूली शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह समेत स्पोर्ट्स एकेडमी से जुड़े पदाधिकारी शामिल थे।

### मुआवजा से इनकार नहीं कर सकती बीमा कंपनी : हाइकोर्ट

रांची। झारखंड हाइकोर्ट ने पिछले दिनों अपने एक आदेश में कहा है कि बीमाकर्ता अपनी ओर से सही पॉलिसी प्रस्तुत करने में असफल रहता है तो बीमा कंपनी सिर्फ इस आधार पर अपने दायित्व से मुक्त नहीं हो सकती कि दावेदारों ने गलत पॉलिसी नंबर दिया है। हाइकोर्ट ने यह फैसला रिलायंस जनरल इंश्योरेंस की उस अपील पर दिया, जिसमें उसने पाकुड़ की निचली अदालत द्वारा दिये गये 20.49 लाख रुपये मुआवजे के फैसले को चुनौती दी थी।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

ई-निविदा सूचना सं. ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-32-25, दिनांक 30.04.2025; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/आद्रा, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्यों का विवरण:** (1) बोकारो स्टील सिटी सेटेलमेंट में पम्प हाउस से घिस चुकी टैंक के स्थान पर एक लाख गैलन क्षमता वाली ओवरहेड आरसीसी टैंक का प्रावधान, (2) महुदा में पुरानी जंग लगी हुई पीएस टैंक का प्रतिस्थापन, (3) फिल्टर हाउस मलकेरा में इस्पात की जीर्ण शीर्ण टैंक का प्रतिस्थापन एवं (4) भोजूडीह में ओवरहेड टैंक की स्टेजिंग का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य :** रु. 6,78,79,037.48; **ई-निविदाओं के बंद होने की तारीख एवं समय:** दिनांक 26.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे है। ऊपरोक्त ई-निविदाओं के विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-106)



**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. ST-SBP-TENDER-2025-11, दिनांक : 26.04.2025

**कार्य का नाम :** संबलपुर मण्डल में RDSO अनुमोदित फायर अलार्म सिस्टम द्वारा गैर-RDSO निर्मित फायर अलार्म का प्रतिस्थापन।

**निविदा मूल्य :** ₹ 1,56,73,690.20, बिड सिक्युरिटी: ₹ 2,28,400/-

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** 19.05.2025 को 1100 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पन्द्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें।

मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता (संकेत), सम्बलपुर

PR-83/Q/25-26


## मजदूर दिवस पर लालपुर समाचार पत्र विक्रेता संघ का कार्यक्रम

# सरकार को अखबार वितरकों के लिए व्यवस्थित पॉलिसी लानी चाहिए: आदित्य विक्रम जायसवाल




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लालपुर समाचार पत्र विक्रेता संघ के द्वारा विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आदित्य विक्रम जयसवाल ने अखबार वितरकों को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि वितरक बंधु समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं जो कठिन परिस्थितियों में भी अखबार पहुंचाने का कार्य करते हैं। आदित्य विक्रम जायसवाल ने कहा कि सरकार को अखबार वितरकों के लिए एक व्यवस्थित पॉलिसी लानी चाहिए और उन्हें स्वास्थ्य बीमा जैसी सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने वितरकों की समस्याओं को राज्य सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। लालपुर समाचार पत्र विक्रेता संघ के अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा कि वर्तमान में अखबार की बिक्री घट रही है और वितरकों की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि वितरकों के प्रति रुचि ले और उन्हें सरकारी योजनाओं में लाभ प्रदान करे। कार्यक्रम में विभिन्न प्रेस प्रतिनिधि और अभिकर्ता उपस्थित थे। सभी ने अखबार वितरकों के प्रति समर्थन व्यक्त किया और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम प्रमुख लक्ष्मण साहू ने पुष्प गुच्छ देकर सभी को सम्मानित किया। इस मौके पर कुमार शशि वर्मा, लालजी, वीरेंद्र प्रसाद, मुरारी,गणेश, संजय सिंह, राजू सिंह, जिला सिंह, टिंकू, गंगा प्रसाद, उपेंद्र वर्मा, सिया बिहारी, राजकुमार सिंह, दीनानाथ, मुकेश, बजरंगी, दीपक, राजेश रजक, अमित कुमार, अजय, उपेंद्र शुक्ला सहित कई अन्य मौजूद थे।

### भारत निर्वाचन आयोग मतदाता सूची को और सटीक बना रहा

रांची (आजाद सिपाही)। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूचियों की सटीकता में सुधार लाने और मतदान प्रक्रिया को नागरिकों के लिए और अधिक सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से तीन नयी पहल की है। ये उपाय भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीइसी) ज्ञानेश कुमार द्वारा इस वर्ष मार्च में चुनाव आयुक्तों डॉ सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ विवेक जोशी की उपस्थिति में मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीइओ) के सम्मेलन के दौरान की गयी पहलों के अनुरूप हैं। निर्वाचन आयोग अब भारत के महापंजीयक से मृत्यु पंजीकरण डेटा इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करेगा, जो कि मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 9 और जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 (2023 में संशोधित) की धारा 3(5)(बी) के अनुरूप है।




P.R. 351547 (Women, Child Development & Social Security) 25-26

# एनडीए ने बनायी बढ़त

केंद्र सरकार का अगली जनगणना के साथ जाति जनगणना कराने का निर्णय जितना बड़ा है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। यह कदम देश के राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों को बदल सकता है। यह भी तय है कि जाति जनगणना के बाद जातियां आबादी के हिसाब से आरक्षण की भी मांग करेंगी। वहीं, एनडीए सरकार के इस कदम के साथ विपक्ष के हाथ से एक बड़ा मुद्दा भी निकल गया है, जिसे उसने पिछले चुनाव में भुनाने की कोशिश की थी।

**जनगणना का इतिहास :** भारत में जनगणना की शुरुआत अंग्रेजी हुकूमत के दौर में सन 1872 में हुई थी। 1931 तक हुई हर जनगणना में जाति से जुड़ी जानकारी को भी दर्ज किया गया। आजादी के बाद सन 1951 में जब पहली बार जनगणना करायी गयी, तो तय हुआ कि अब जाति से जुड़े आंकड़े नहीं जुटाये जायेंगे। स्वतंत्र भारत में हुई जनगणनाओं में केवल अनुसूचित जाति और जनजाति से जुड़े डेटा को ही पब्लिश किया गया। 2011 के सामाजिक आर्थिक और जातिगत जनगणना (एसइसीसी) में जाति के आंकड़ों को सरकार ने इसलिए सार्वजनिक नहीं किया, क्योंकि इसमें कई विसंगतियां बतायी गयी थीं।

**राजनीति का सवाल :** विपक्षी दलों ने जाति जनगणना की मांग इसलिए उठायी थी, ताकि इस आधार पर आगे आरक्षण को तर्कसंगत बनाया जाये और जातीय गोलबंदी कर चुनावी फायदा लिया जाये। भाजपा पहले तो इसे लेकर दुविधा में थी, लेकिन जाति जनगणना का एलान कर अब उसने इस मुद्दे पर बढ़त बना ली है, लेकिन यह भी देखना होगा कि इसके आंकड़े आने के बाद आबादी के अनुपात में आरक्षण की मांग से वह कैसे निपटती है। फिर इस तरह की पहल जिन राज्यों में हुई है, वहां भी इसे लेकर विवाद चल रहा है।

**यह कदम देश के राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों को बदल सकता है। यह भी तय है कि जाति जनगणना के बाद जातियां आबादी के हिसाब से आरक्षण की भी मांग करेंगी।**

**कर्नाटक के सबक :** हाल में कर्नाटक में जाति जनगणना की रिपोर्ट लीक हो गयी। इसने वहां कांग्रेस सरकार के लिए मुश्किलें खड़ी कर दीं। रिपोर्ट में ओबीसी के लिए आरक्षण को 32% से बढ़ा कर 51% और मुस्लिम समुदाय के लिए 4% से 8% करने की सिफारिश की गयी थी। वहीं, राज्य में प्रभावशाली लिंगायत और वोक्कालिगा समुदायों की आबादी उनकी उम्मीद से कम निकली। सर्वे के तरीके पर भी सवाल उठाये गये।

**विवादों से बच कर :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जातिगत जनगणना की घोषणा करते हुए कहा कि इससे समाज आर्थिक-सामाजिक दृष्टि से मजबूत होगा। लेकिन, अगर इसे सही ढंग से नहीं संभाला गया, तो यह विवाद भी खड़े कर सकता है। कर्नाटक हो या बिहार, पुराने सर्वे यही बताते हैं कि कभी भी, हर कोई पूरी तरह संतुष्ट नहीं हुआ। यह भी तय है कि इससे आरक्षण का मुद्दा जोर पकड़ सकता है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के अनुसार जनवरी-मार्च 2025 के दौरान भारत में सोने की मांग 15% घटकर 118.1 टन रह गयी, जबकि इसी अवधि में इसकी कुल वैल्यू 22% बढ़ कर 94,030 करोड़ पहुंच गयी। यह विरोधाभास दिखाता है कि गोल्ड प्राइस का सीधा असर उपभोक्ता की परचेजिंग पावर पर पड़ रहा है। जनवरी से अप्रैल के बीच कीमतों में करीब 25% की उछाल देखी गयी, जिससे 10 ग्राम सोना 1 लाख के आंकड़े के करीब पहुंच गया।**

# सोने-चांदी में गिरावट खरीदारी का मौका या इंतजार



सुधा श्रीमाली



ट्रंप की ओर से लगाये गये 26 पर्सेंट टैरिफ के बाद 94000 रुपये प्रति दस ग्राम पहुंच चुके सोने की कीमतों में 3% और चांदी की कीमतों में 10% तक की तेज गिरावट आयी। ऐसे में सवाल उठने लगे हैं कि ट्रेड वॉर से मंदी की आंशका के बीच सोने की कीमतें एक लाख रुपये तक पहुंच जायेंगी या डिमांड में कमी से इसमें गिरावट आयेगी? यह खरीदारी का मौका है या अभी इंतजार करना सही होगा? टैरिफ का जेम जूलरी इंडस्ट्री पर क्या असर होगा? इन सवालों के जवाब हमने एनबीटी ऑफिस आए एक्सपर्ट्स से फेसबुक लाइव सेशन में लिए।

**डेढ़ महीने तक सोने-चांदी में रहेगी गिरावट :** इंडिया बुलियन एंड जूलर्स एसोसिएशन (आइबीजेए) के नेशनल सेक्रेटरी सुरेंद्र मेहता ने बताया कि टैरिफ लगने की खबरों का असर सोने-चांदी की कीमतों में पहले ही दिख चुका है। अब टैरिफ पर फोकस होगा। ये पूरी ग्लोबल इकोनॉमी में स्लोडाउन लायेगा। अमेरिका में महंगाई और ट्रेड वॉर बढ़ने से हम भी मंदी की तरफ बढ़ेंगे। घरेलू जेम्स व जूलरी पर 27 पर्सेंट टैरिफ ऐसा थप्पड़ है, जो मुंबई समेत देश भर के लाखों लोगों के रोजगार छीन सकता है।

**केडिया एडवाइजरी के एमडी व डायरेक्टर अजय केडिया ने कहा कि सोने में तेजी के सभी कारक मौजूद हैं।**

**अब ग्लोबल ऑर्डर भी कैंसल होंगे :** कीमतों में तेजी के कारण पहले ही रिटेल बिक्री 25-30 पर्सेंट कम है, अब ग्लोबल ऑर्डर भी कैंसल होंगे। हो सकता है कि सरकार हस्तक्षेप करे। डेढ़-दो महीने में टैरिफ का व्यापक असर आने तक सोने प्रति दस ग्राम 84,800 से 85,700 के बीच जा सकता है। चांदी 87000 रुपये प्रति किलो तक लुढ़क सकती है। दीवाली तक सोना वापस 97-98000 रुपये पहुंचने के अनुमान हैं। चांदी 1,12000-1,15000 रुपये तक पहुंच सकती है। ऐसे में यह बायर्स एवं निवेशकों के लिए खरीदारी का अच्छा मौका है।

**सोने में तेजी के सभी कारण मौजूद :** केडिया एडवाइजरी के एमडी व डायरेक्टर अजय केडिया ने कहा कि सोने में तेजी के सभी कारक मौजूद हैं। मसलन, जियो-पॉलिटिकल टैंशन, टैरिफ के कारण ट्रेड वॉर, आर्थिक अनिश्चितता के कारण सुरक्षित कहे जाने वाले असेट सोने की बढ़ी डिमांड, गोल्ड-सिल्वर रेशो में बढ़ोतरी, सेंट्रल बैंकों की रेकॉर्ड खरीदारी व ईटीएफ की बाइंग। ये तमाम फैक्टर्स हैं, जो सोने की कीमतों में तेजी की ओर इशारा करते हैं।

**और बढ़ सकती है कीमत :** टैरिफ से सोने में इस साल 20% की तेजी आ चुकी थी, इसलिए इवेंट घट जाने के बाद इसमें गिरावट आई। जब तक डॉलर इंडेक्स और ग्लोबल ट्रेड वॉर सैटल नहीं होता, तब तक सोने-चांदी में वोलैटिलिटी बनी रहेगी। अभी निवेशक असमंजस में हैं। ऐसे में 2 महीनों में सोना टूटकर 83000 रुपये और चांदी 84-85000 रुपये पर आ सकते हैं। साल के अंत तक या अगले साल की पहली तिमाही तक सोना 96,000-99000 रुपये और चांदी 1,30,000 रुपये पर पहुंच सकते हैं।

**भारत में इसकी मांग 15% घटी :** 2025 की पहली तिमाही में सोने की कीमतों में रिकॉर्ड तेजी देखी गयी, जिससे भारत में इसकी मांग 15% घटी। कीमतों के बढ़ने से गहनों की बिक्री घटी, लेकिन निवेश में 7% की बढ़ोतरी हुई। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) के अनुसार सालभर की मांग 700-800 टन के बीच रह सकती है। वैश्विक अनिश्चितता के बीच गोल्ड एक सुरक्षित निवेश बना हुआ है। लोगों की रुचि सिक्के और ब्रास में तेजी से बढ़ रही है।

गोड्ल प्राइस की बात करें तो हाल ही में सोने की कीमतों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली, जिसने इसकी डिमांड को अप्रत्याशित रूप से प्रभावित किया है। वैश्विक तनावों और आर्थिक अनिश्चितता के चलते सोना एक बार फिर चर्चा में है, लेकिन इसकी कीमत 1 लाख प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंचने के बाद आम खरीदार इससे थोड़ा दूर हो गया है। इस उछाल का असर सिर्फ रोजमर्रा की खरीदारी पर नहीं, बल्कि परंपरागत पर्वों जैसे अक्षय तृतीया पर भी देखा गया, जहां उम्मीद के अनुसार बिक्री नहीं हो सकी।

डब्ल्यूजीसी के अनुसार, जनवरी-मार्च 2025 के दौरान भारत में सोने की मांग 15% घटकर 118.1 टन रह गयी, जबकि इसी अवधि में इसकी कुल वैल्यू 22% बढ़ कर 94,030 करोड़ पहुंच गयी। यह विरोधाभास दिखाता है कि गोल्ड प्राइस का सीधा असर उपभोक्ता की परचेजिंग पावर पर पड़ रहा है। जनवरी से अप्रैल के बीच कीमतों में करीब 25% की उछाल देखी गयी, जिससे 10 ग्राम सोना 1 लाख के आंकड़े के करीब पहुंच गया।

**700-800 टन के बीच रह सकती है साल 2025 की कुल डिमांड :** डब्ल्यूजीसी के अनुमान के अनुसार, साल 2025 में भारत में सोने की कुल मांग 700 से 800 टन के बीच रह सकती है। भले ही कीमतें उच्च स्तर पर बनी हुई हैं, फिर भी शादियों और धार्मिक अवसरों पर सोने की खरीदारी का चलन कमजोर नहीं पड़ा है। डब्ल्यूजीसी इंडिया के सीइओ सचिन जैन का मानना है कि कीमतें अधिक होने के बावजूद सोने की सांस्कृतिक और पारंपरिक अहमियत इसे लोगों की पहली पसंद बनाये रखती है। खासतौर पर अक्षय तृतीया जैसे अवसर पर लोग इसे शुभ मानते हैं और खरीदारी से नहीं चूकते।

**विश्वसनीय निवेश के रूप में गोल्ड की पहचान बरकरार :** जानकारों का कहना है कि भले ही ऊंची कीमतों ने कुछ ग्राहकों को सतर्क कर दिया हो, लेकिन गोल्ड इन्वेस्टमेंट के तौर पर इसकी विश्वसनीयता में कोई कमी नहीं आयी है। यही कारण है कि गहनों की मांग में गिरावट आयी है, लेकिन निवेश के लिए सोने की खरीदारी में बढ़ोतरी देखने को मिली है। जनवरी-मार्च तिमाही में ज्वेलरी की मांग 25% घटकर 71.4 टन रह गई, जो 2020 के बाद सबसे कम है, पर उसकी कीमतें 3% अधिक रहीं।

**गोल्ड इन्वेस्टमेंट में 7% की बढ़ोतरी, सिक्के और सिल्लियों की मांग में तेजी :** जहां एक ओर गहनों की बिक्री में गिरावट आयी, वहीं निवेश के लिहाज से गोल्ड क्वाइन और ब्रास की डिमांड 7% बढ़ कर 46.7 टन हो गयी है। यह पिछले साल के 43.6 टन की तुलना में स्पष्ट वृद्धि है। इस वृद्धि के पीछे एक बड़ा कारण है कि फाइनेंशियल मार्केट में जारी अनिश्चितता ने सोने को सुरक्षित विकल्प बना दिया है। इसी अवधि में भारत का सोने का आयात 8% बढ़ कर 167.4 टन पहुंच गया, जबकि रीसाइक्लिंग में 32% की गिरावट दर्ज की गयी, क्योंकि लोग अपने पुराने गहने या सोने को अभी बेचने से कतरा रहे हैं।

**ग्लोबल लेवल पर भी सोने की मांग में इजाफा :** भारत में भले ही गोल्ड डिमांड में गिरावट देखने को मिली हो, लेकिन वैश्विक स्तर पर सोने की मांग जनवरी-मार्च 2025 में 1% बढ़कर 1,206 टन हो गई है। यह 2019 के बाद की किसी पहली तिमाही में सबसे अधिक मांग है, जो इस बात का संकेत है कि सोने की उपयोगिता और इसकी अहमियत अब भी वैश्विक निवेशकों के बीच बनी हुई है।

**(डिसक्लेमर : ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### सरकारी और टाटा लीज की भूमि पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं : डीसी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा लीज नवीकरण एवं लीज भूमि पर अतिक्रमण से संबंधित मामलों की गहन समीक्षा हेतु डीसी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिले के अब तक लीज नवीकरण को लेकर की गयी कार्रवाई की विस्तार से समीक्षा की गयी। साथ ही संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिये गये। डीसी अनन्य मित्तल ने लीज भूमि पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए टाटा स्टील के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया वे एक समन्वित अभियान चलाकर अवैध कब्जों को शीघ्र हटायें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा न तो सरकारी भूमि और न ही टाटा लीज की भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त किया जायेगा। प्रशासन इस दिशा में हर आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। जेपीएलइ केस से जुड़े अतिक्रमण मामलों के त्वरित निपटारे के लिए अंचल अधिकारी जमशेदपुर को सप्ताह में दो दिन न्यायालय में सुनवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही यह भी तय किया गया लीज क्षेत्र की खाली पड़ी जमीनों की घेराबंदी कर उनका उचित उपयोग सुनिश्चित किया जाय, ताकि भू-माफियाओं की गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। बैठक में धालभूम की अनुमंडल पदाधिकारी श्रीमती शताब्दी मजूमदार, सिटी एसपी कुमार शिवाशीष, अपरउपायुक्त भगीरथ प्रसाद, जेएनएसी के उपनगर आयुक्त कृष्ण कुमार, एलआरडीसी गौतम कुमार, सीओ जमशेदपुर मनोज कुमार, टाटा स्टील के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर झामुमो नेता ने मजदूरों को किया सम्मानित



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लौहनगरी जमशेदपुर के बमार्माइंस स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर झामुमो युवा नेता महाबीर मुर्मू ने मजदूरों के बीच छाता, गमछा, साड़ी और मिठाई का वितरण कर सभी को सम्मानित किया। मौके पर महाबीर मुर्मू ने कहा मजदूर दिवस श्रमिक आंदोलन की ऐतिहासिक उपलब्धियों के प्रतीक है। मजदूरों के अधिकारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर समाजसेवी बमभोला सिंह, राहुल सिंह, दुर्गा हांसदा, मनोज तांती,रॉकी सिंह, करण कालिंदी, विकी मार्डी, टीकाराम हांसदा सहित सैकड़ो मजदूर शामिल रहे।

### सीएम ने डीसी रवि शंकर शुक्ला और कर्ण सत्यार्थी को पीएम अवॉर्ड के लिए दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता





**सरायकेला/ रांची।** सरायकेला खरसावां के डीसी रवि शंकर शुक्ला और गुमला के डीसी कर्ण सत्यार्थी ने आवास में सीएम सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सीएम ने दोनों अधिकारियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्राइम मिनिस्टर अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन से सम्मानित किए जाने पर शुभकामनाएं और बधाई दी। सीएम ने कहा यह सम्मान न केवल दो जिलों के लिए, बल्कि पूरे झारखंड राज्य के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा राज्य सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं को पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें कर्मठ अधिकारियों की भूमिका अहम है। सीएम ने आशा व्यक्त की भविष्य में भी झारखंड के अधिकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में नये कीर्तिमान स्थापित करते रहेंगे। ज्ञात हो कि 21 अप्रैल को नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित सिविल सेवा दिवस समारोह में सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड को आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के प्रभावशाली और नवोन्मेषी क्रियान्वयन हेतु देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि के लिए डीसी रवि शंकर शुक्ला और गुमला डीसी कर्ण सत्यार्थी को प्रधानमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया।

### जातिगत जनगणना कराने का फैसला कांग्रेस की बड़ी जीत: राकेश साहू



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश साहू ने केंद्र सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कराने के फैसले का स्वागत करते हुए इसे राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक जीत बताया। राकेश साहू ने कहा राहुल गांधी ने संसद में स्पष्ट कहा था सरकार को जातिगत जनगणना करवानी पड़ेगी और आज वह बात सच साबित हुई। उन्होंने कहा यह कदम नीतिगत निर्णयों और कल्याणकारी योजनाओं को सटीक रूप देने में मदद करेगा। कांग्रेस का संघर्ष आरक्षण सीमा 50% से बढ़ाने को लेकर भी जारी रहेगा।

### सेंदरा पर्व को लेकर वन्य पदाधिकारियों और इको विकास समितियों की संयुक्त बैठक



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी के माकुलाकोचा स्थित संग्रहालय परिसर में आगामी 5 मई को होने वाले विशु शिकार (सेंदरा पर्व) को लेकर वन-पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। शुक्रवार को बैठक में दलमा वाइल्डलाइफ सेंचुरी क्षेत्र की सभी ईको विकास समितियों के प्रतिनिधियों की भागीदारी रही। बैठक को संबोधित करते हुए दलमा पूर्वी रेंज की आरएफओ श्रीमती अर्पणा चंद्रा और पश्चिमी रेंज के आरएफओ दिनेश चंद्रा ने पारंपरिक पर्व विशु शिकार के दौरान वन्य जीवों की रक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा आदिवासी समुदाय अपने रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक आस्था का पालन सादगी और शांति के साथ करें। लेकिन किसी भी वन्य जीव को क्षति न पहुंचायें। आवश्यक है हम पर्यावरण संतुलन को बनाए रखें, क्योंकि पृथ्वी के अस्तित्व में जितना योगदान मानव का है, उतना ही वन्य जीवों का भी है। वन विभाग की ओर से विशु शिकार को देखते हुए जंगलों में निरंतर गश्ती बढ़ा दी गयी है। आरएफओ अर्पणा चंद्रा ने स्पष्ट किया यदि किसी व्यक्ति को आधुनिक हथियारों के साथ शिकार करते हुए पकड़ा गया, तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। वन विभाग ने सभी ईको विकास समितियों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा पर्व के दौरान जागरूकता और संयम ही प्रकृति संरक्षण की दिशा में सशक्त कदम होगा।

### आजसू पार्टी ने उठाये सवाल 'हर 100 मीटर पर चेकिंग किस कानून के आधार पर'

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी ने अभियान के पांचवें दिन करनडीह चौक पर यातायात पुलिस की कार्यशैली के खिलाफ सवाल खड़ा कर दिया। जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह और जिला सचिव सचिन प्रसाद के नेतृत्व में आयोजित अभियान में पार्टी ने आरोप लगाया दो किलोमीटर के अंदर 6 चेकिंग प्वाइंट बनाकर ट्रैफिक पुलिस जबरन वसूली कर रही है। होमगार्ड सिपाहियो से जांच करवाना कानून के खिलाफ है। जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ति और अन्य जनप्रतिनिधियों ने आंदोलन को जनता की आवाज बताते हुए सीएम से यातायात पुलिस के व्यवहार में सुधार की मांग की। मौके पर समाजसेवी पूर्व जिला परिषद सदस्य राणा डे, सुसनिगड़िया पंचायत के पंचायत समिति श्वेता जैन, बॉबी सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

### संजीव सरदार ने जाहेरथान घेराबंदी का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**पोटका।** झारखंड सरकार के आदिवासी कल्याण विभाग द्वारा स्वीकृत जाहेरथान घेराबंदी कार्य के लिए शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार को पोटका विधानसभा क्षेत्र के टांगरसाई गांव में शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि पोटका विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। मौके पर ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रीवाज से स्थानीय विधायक का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक संजीव सरदार के द्वारा विधिवत जाहेरथान घेराबंदी कार्य का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री सरदार ने कहा अबुआ सरकार झारखंडवासियों के साथ आदिवासी समुदाय के समग्र विकास हेतु संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा पोटका में आदिवासी सांस्कृतिक स्थलों का संरक्षण और संवर्धन की जारही है। आदिवासी कल्याण विभाग द्वारा स्वीकृत लगभग 21 लाख की लागत से जाहेरथान घेराबंदी कार्य शुरू किया गया। विधायक संजीव सरदार ने कहा सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओ में धुमकुड़िया निर्माण, जाहेरथान घेराबंदी, आदिवासी छात्रावास, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना और मारांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय योजना शामिल है। उन्होंने कहा झारखंड में हेमंत सरकार समाज को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही हैं। विधायक ने ग्रामीणों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। ताकि अपने समाज को आत्मनिर्भर और विकसित बना सके। मौके पर केंद्रीय सदस्य हीरामणि मुर्मू,पूर्व जिला परिषद सदस्य चंद्रावती महतो, झामुमो नेता सुनील महतो,प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन,मुखिया पानो सरदार,पंसस छबि दास,कांग्रेस नेता आनंद दास,ग्राम प्रधान जयहरी सरदार सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने वेलफेयर बिल्डिंग एंड इस्टेट कंपनी की करोड़ों की ठगी का मामला उठाया, सौंपा मांग पत्र



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिले के डीसी अनन्य मित्तल से मुलाकात की। शुक्रवार को मुलाकात के दौरान जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने वेल्फेयर बिल्डिंग एंड इस्टेट प्रा. लि. कंपनी द्वारा 300 से अधिक लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी का मामला उठाया। उन्होंने कहा कंपनी ने निवेश के नाम पर बड़ी रकम ली और अब कार्यालय बंद कर फरार है। मौके पर जिलाध्यक्ष श्री दुबे ने डीसी को एक मांग पत्र सौपा। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। डीसी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च स्तरीय जांच कर विधिसम्मत कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में रामदास मेहता सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

### विधायक अनंत प्रताप देव ने पथ मरम्मत कार्य का भूमि पूजन किया

# पदाधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण के लिए दी हिदायत

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर से केतार होते हुए पाचाडुमर मुख्य पथ मरम्मती कार्य का भूमि पूजन शुक्रवार को मुकसैनी चपरी मोड के समीप क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव ने पूजा अर्चना के उपरांत नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर किया। उक्त सड़क का निर्माण पथ निर्माण के तहत करीब 14 करोड़ की लागत से करायी जायेगी। मौके पर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि इस सड़क का औन लाइन शिलान्यास मुख्यमंत्री के द्वारा किया गया उक्त सड़क का भूमि पूजन के बगैर ही संवेदक ने चुपके चुपके निर्माण शुरू करा दिया, जिसे रोकते ही आज सभी की जानकारी में मेरे द्वारा भूमि पूजन किया। उन्होंने उपस्थित विभाग के पदाधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण के लिए सख्त हिदायत दी। कहा कि विधायक बना तो मैने 2013 में पॉवर प्लांट का शिलान्यास कराया, इसके लिए बाकायदा 514 एकड़ जमीन राज्य सरकार को हस्तांतरित भी करवाने का काम किया, लेकिन भानु दुबारा विधायक बनते ही 2017 में पॉवर प्लांट निर्माण स्थल को माइनिंग क्षेत्र घोषित करवाने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि मेरे पिता जी द्वारा लगवाया गया एशिया का सबसे बड़ा क्रशिंग प्लांट का आज केंद्र सरकार ऑक्शन के माध्यम से कटवा रही है। उन्होंने कहा कि जब तक भवनाथपुर में पॉवर प्लांट लगवा नहीं देता तब तक मेरा संघर्ष जारी रहेगा। सभा को प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, पूर्व अध्यक्ष मनोज यादव, पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, सीडीएम साह, गोपाल उरांव, अजीमुद्दीन अंसारी, कामेश्वर सिंह, दीपक वर्मा, विशंभर राम, राजद के राजेश्वर गुप्ता ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जेएमएम के सबिंद्रा दुबे ने की। इस मौके पर मुक्तेश्वर पांडेय, मुकेश चंद्रवंशी, बिनोद सिंह, सुरेंद्र सिन्हा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## स्वाधिना सिंह ने 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 94.2% अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रौशन किया

**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** कांडी प्रखंड के भड़रिया गांव निवासी पत्रकार अनूप सिंह की पुत्री स्वाधिना सिंह ने (आइसीएसइ बोर्ड ) 10वीं की



**परीक्षा में 94.2% अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। उसने रांची के डोरंडा में पुराने हाईकोर्ट के सामने विशप वेस्टकौट गर्ल्स स्कूल में 360 छात्राओं में टॉप 10 में स्थान प्राप्त की है। स्वाधिना सिंह ने पढ़ाई का सारा श्रेय अपने पिता अनूप सिंह और माता राजकुमारी देवी को देती है और कहती है कि उनके संघर्ष एवं त्याग के कारण यह सफलता प्राप्त हुई है। आगे की पढ़ाई के बारे में स्वाधिना बताती हैं कि उनका कॉमर्स की उच्चतर पढ़ाई कर चार्टेड एकाउंटेंट बनने का लक्ष्य है।**

### मिलाप मेडिकल सेंटर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

# 72 मरीजों को मिली निःशुल्क चिकित्सा सेवा

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम के तत्वावधान में स्थानीय मिलाप मेडिकल सेंटर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 72 मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान की गयी। स्वास्थ्य शिविर में सुबह से ही लोगों की भीड़ देखी गयी। मरीजों ने पंजीकरण कराने के बाद डॉक्टरों से निःशुल्क परामर्श लिया और उन्हें आवश्यकतानुसार दवाएं भी दी गयी। शिविर में आये कई मरीजों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से उन्हें समय पर इलाज मिल जाता है और आर्थिक बोझ भी नहीं बढ़ता। लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम के सदस्यों ने बताया कि उनका उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। हर माह की पहली तारीख को यह शिविर नियमित रूप से आयोजित किया जा रहा है और भविष्य में इसे और व्यापक रूप देने की योजना है। क्लब अध्यक्ष ने कहा कि जरूरतमंदों के लिए यह सेवा एक सामाजिक जिम्मेदारी है।

जिसे वे पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं। डॉक्टरों की अनुभवी टीम और क्लब सदस्यों की सेवा भावना ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया। यह शिविर न केवल बीमारों के लिए राहत का माध्यम बना, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी प्रबल करता है।

# जातीय जनगणना कराने का फैसला सराहनीयः रविंद्र नाथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** युवा आजसू के प्रदेश संयोजक सह केंद्रीय सचिव ओबीसी एकता और अधिकार मंच रविंद्र नाथ ठाकुर ने जातीय जनगणना कराने के फैसले का स्वागत किया है रवींद्रनाथ ठाकुर ने कहा कि जातीय जनगणना कराई जाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी केंद्र सरकार ने इस मांग पर मोहर लगाकर भारत के वंचित समुदाय का सम्मान रखा है। जातीय जनगणना होने से एक सही आंकड़ों का पता चलेगा वंचित समुदाय को उनका उचित आर्थिक सामाजिक और राजनीतिक लाभ मिल सकेगा लंबे समय से जातीय जनगणना करायी जाने की मांग आजसू पार्टी के द्वारा किया जा रहा था, ओबीसी एकता और अधिकार मंच ने भी लगातार इसकी मांग करते आयी जातीय जनगणना सन 1952 में हुआ 2011 में आर्थिक एवं सामाजिक जनगणना हुआ, लेकिन उसका आंकड़ा पेश नहीं हो पाय आज भी बहुत से जाति समुदाय के लोग गुमनामी की जिंदगी जी रहे हैं। आजसू पार्टी प्रारंभ काल से ही सामाजिक न्याय का पक्षधर रही है और समय-समय पर पिछड़ों वंचितों के हक और अधिकार के लिए सड़क से लेकर सदन तक आवाज को बुलंद किया हैं। यह फैसला देश के हर एक नागरिक के लिए लाभकारी साबित होगा।

# मजदूर दिवस पर मनरेगा मजदूरों को मुखिया ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड परिसर स्थित ग्राम पंचायत मेराल पूर्वी के पंचायत सचिवालय सभागार में गुरुवार को मुखिया रामसागर महतो की अध्यक्षता में मजदूर दिवस मनाया गया। बताया गया कि श्रमिकों का पंजीयन कर जॉब कार्ड बनाया जाता है। साथ ही मनरेगा के तहत जॉब कार्डधारकों को काम भी मुहैया कराया जाता है। इससे गांव के लोगों को काम के लिए जिले से बाहर पलायन नहीं करना पड़े। इस अवसर पर 100 दिन हाजरी पूरा करने वाले 30 जॉब कार्डधारी मजदूरों को अंग वस्त्र देकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। जिन्हे सम्मानित किया गया उनमें रानी कुवंर, शशिकांत गुप्ता, राही हुसैन, गोवर्धन महतो, महफूज अंसारी, अखिलेश कुमार, रामप्यारी चौधरी, जाबिर अंसारी, सरफराज अंसारी, सियाराम कुमार, ज्ञान प्रकाश कुमार, जितेंद्र प्रसाद आदि शामिल थे। मौके पर मुखिया रामसागर महतो, विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन ने मजदूरों के कार्यों की सराहना करते हुए इन्हें विकास का वाहक बताया। कहा मजदूर समाज के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, अपनी मेहनत और श्रम से बड़े से बड़े कार्यों को अंजाम देने है जिससे देश का विकास होता है। कार्यक्रम में पंचायती राज एसोसिएट प्रियंका, पंचायत सचिव राधा कुमारी, रामनाथ चौधरी, रोजगार सेवक निभा तिवारी, उप मुखिया अली शेर अंसारी, पंचायत सहायक मसूद आलम सहित कई लोग थे।

### उपायुक्त ने जनता दरबार का आयोजन कर सुनी समस्याएं

# संबंधित पदाधिकारियों को शिकायतों का निपटारा करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने जनता दरबार का आयोजन कर जिले के विभिन्न प्रखंडो से आये फरियादियों की समस्याओं को एक-एक कर सुना और उसके निराकरण के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमलोगों को देने की दिशा में जिला प्रशासन की टीम तत्परता के साथ कार्य कर रही है। योजनाओं का सीधा लाभ जरूरतमंद और योग्य व्यक्तियों को मिले, उन्हें कोई समस्या उत्पन्न नहीं हो, इस दिशा में प्रशासन द्वारा लगातार कार्य किये जा रहे है। शुक्रवार को आयोजित इस जनता दरबार में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन, बकाया मजदूरी भुगतान समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त द्वारा समस्या सुनी गयी। यथाशीघ्र उनके समस्याओं को प्राथमिकता के तहत निराकरण हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया। सर्वप्रथम रंका प्रखंड के चुटिया पंचायत से आये विनोद राम ने अपने आवेदन के जरिए बताया की उन्होंने दो वर्ष पूर्व अबुआ आवास के लिए आवेदन किया था लेकिन उन्हें अभी तक इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। उनके पंचायत के बाकी लोग इस योजना का लाभ लेकर अपने आवास कार्य को पूरा करा रहे है। अतः उन्होंने उपायुक्त से इसकी जाँच कराते हुए उन्हें भी अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने हेतु अनुरोध किया।

### छुट्टी के दिन भी मजदूरों से लिया जा रहा था काम

# मजदूर दिवस पर हादसे में एक युवक की मौत

आजाद सिपाही संवादददाता

**भवनाथपुर।** एक मई विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर जहां देशभर में श्रमिकों के सम्मान और अधिकारों की बात हो रही थी, वहीं भवनाथपुर में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे सिस्टम की पोल खोल कर रख दी है। एक मई को सेल के अधीन क्रेशर प्लांट की कटिंग के दौरान एक मजदूर की दुर्घटना में मौत हो गयी। मृतक मजदूर धीरज कुमार 22 वर्ष पिता रामप्रवेश साहनी बिहार के समस्तीपुर जिला के ताजपुर थाना अंतर्गत दरबा गांव के निवासी है। यह हादसा उस वक्त हुआ जब प्लांट में कटिंग कार्य जारी था, जबकि एक मई को सरकारी अवकाश घोषित होता है। जानकारी के अनुसार क्रेशर प्लांट में हो रही कटिंग के दौरान सभी मजदूरों का गेट पास बनाकर सीआइएसएफ की मौजूदगी में काम कराया जा रहा था। मजदूर धीरज कुमार सेफ्टी बेल्ट लगाकर कार्य कर रहा था, तभी लोहे का इंगल टूटने से उसका सेफ्टी बेल्ट खुल गया, जिससे 40 फिट उपर से गिरकर उक्त मजदूर की मौत हो गयी। साथ में काम कर रहे मृतक मजदूर के भाई ने भवनाथपुर थाना में संवेदक के विरुद्ध लिखित शिकायत दर्ज करायी है। वहीं घटना के बाद संवेदक ने मृतक के परिजनों साढ़े चार लाख रुपये मुआवजा और चालीस हजार रुपये दाह संस्कार के लिए देकर मामले को शांत करने की कोशिश की। यह राशि संवेदक द्वारा मजदूरों के आक्रोश को देखते हुए तात्कालिक रूप से दी गयी थी, लेकिन इससे मजदूरों में रोष कम नहीं हुआ। यह हादसा न केवल श्रमिकों की सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है, बल्कि यह भी दशार्ता है कि संवेदक और संबंधित विभाग किस तरह नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या कार्रवाई करता है। क्या दोषियों को सजा मिलेगी या यह मामला भी बाकी मामलों की तरह फाइलों में दब जायेगा। घटना स्थल पर पहुंचकर एसडीएम ने लिया जायजा, बंद कराया काम उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद दूसरे दिन शुक्रवार को श्रीबंशीधर नगर एसडीएम प्रभाकर मिर्धा व भवनाथपुर सीओ शंभू राम सेल के क्रेशर प्लांट के समीप घटनास्थल पर पहुंचे और सेल पदाधिकारियों और मजदूरों से घटना की जानकारी लिया इसके बाद विधि व्यवस्था को देखते हुए फिलहाल क्रेशर प्लांट के कटिंग कार्य पर रोक लगा दी है।

# आचार्य मिलन सह केंद्र दर्शन कार्यक्रम का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** प्रखंड के किसान उच्च विद्यालय में एक मई 2025 को वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन के बैनर तले प्रखंड में संचालित प्रतिभा विकास केंद्र के आचार्य मिलन सह केंद्र दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय संगठन प्रभारी और केंद्रीय संयोजक वीरेंद्र कुमार, धनंजय कुमार सिंह, रंजीत कुमार थे। कार्यक्रम में बच्चों ने संस्कार, नृत्य, संगीत और रामायण पर आधारित कला प्रस्तुत की। इस अवसर पर शिक्षक श्रीमान दिनानाथ प्रसाद, आरएसएस के कार्यकर्ता संजय गुप्ता, प्रखंड डंडई के संयोजक रामकिशन ठाकुर, प्रेम कुमार गुप्ता, बमहाशंकर यादव, राजमुनी विश्वकर्मा, अंजली कुमारी, सुचिता देवी, प्रमोद पासवान, संजय पासवान और ललिता कुमारी शामिल थे।

# जायंट्स ग्रुप ने मजदूर दिवस पर दिहाड़ी मजदूरों के बीच गमछा वितरित किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के द्वारा मजदूर दिवस के अवसर पर मुख्य पथ पर ग्रुप के उपाध्यक्ष अवधेश कुशवाहा की अध्यक्षता में दिहाड़ी मजदूरों के बीच गमछा का वितरण किया गया। जायंट्स सदस्यों ने कहा कि गर्मी के दिनों में पानी, निंबू पानी और ग्लूकोज पीते रहे हैं। पानी साथ में रखें ताकि जब भी प्यास लगे पानी पीते रहे हैं। जिससे शरीर का तापमान नियंत्रित रह सके और लू से बचाव हो सके। मौके पर जायंट्स वेलफेयर फेडरेशन आठ के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, फेडरेशन पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता, स्पेशल कमिटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी फेडरेशन के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज केशरी रूपा गंजी, गढ़वा ग्रुप के आंतरिक्ष उपाध्याक्ष अवधेश कुशवाह, वाह्य उपाध्याक्ष चन्द्रभूषण सिन्हा, प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खान, वित्त निदेशक अशोक केशरी, निवर्त्तमान अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, ध्रुव केशरी, दीपक तिवारी, रविन्द्र जयसवाल, मनोज केशरी, चंदन चंद्रवंशी, रितेश केशरीआदि सदस्य उपस्थित थे।

# नल-जल योजना की बिछायी गयी पाइप से बह रहा है पानी



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड के शिवपुर पंचायत अंतर्गत अधौरा गांव में शुक्रवार को नल जल योजना के तहत बिछाये गये पाइप से पूरे दिन पानी बहता रहा। इस योजना के तहत अधौरा गांव में घरों में पीने का पानी सप्लाई के लिए आधे-अधूरे पाइप बिछाया गया है जो सरजुन अंसारी के घर तक बिछाकर छोड़ दिया गया है। शुक्रवार को अधूरे बिछाये गये पाइप में पानी खोल दिया गया। जिस कारण पूरे दिन गांव की गलियों में पानी बहता रहा।जिसे देखने वाला कोई नहीं है। उक्त पानी बहते हुए कई खेतों में लबालब भर गये। गांव की गलियों में पानी भरा रहने से लोगों को आना जाना मुश्किल हो गया है। अभी तक हजारों गैलन पानी बेकार में बह गया होगा।

# पचौर गांव में हैंडपंप का बोर भरने से पिछले तीन वर्षो से बंद है पानी की सुविधा, ग्रामीण परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** डंडई प्रखंड के पचौर गांव के रविदास टोला में सामुदायिक भवन के समीप पीएचइडी विभाग के द्वारा लगा हैंडपंप का बोर भरा गया है। जिससे पिछले कई वर्षो से हैंडपंप और जल मीनार बंद पड़ा हुआ है। टोला के लोगो को बूंद बूंद पीने का पानी को लेकर दूसरे टोला में भटकना पड़ रहा है। टोले के ग्रामीण कुंती देवी, अमरावती देवी, विमला देवी, रूबी देवी, गीता देवी, चंद्रावती देवी, बिंदु देवी, रीता देवी, सावित्री देवी, पुष्पा देवी, आशा देवी,कविता देवी, अनीता देवी, सुनीता देवी, पतीया देवी, मीना देवी सहित अन्य लोगों ने बताया कि हैंडपंप का बोर भरा जाने से पिछले करीब तीन वर्ष से हैंडपंप और जल मीनार बंद पड़ा हुआ है। जिससे हमलोगों को पीने का पानी को लेकर दूसरे टोला में भटकना पड़ रहा है। वही इस तपती गर्मी में बेजुबान मवेशियों को पानी पिलाना कठिन हो गया है। विभाग को इसकी जानकारी दिया गया था। इसके के बाद पीएचईडी विभाग के अधिकारी पहुंचे और दूसरा बोर कराने की आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज करीब एक वर्ष गुजर गया लेकिन आज तक दूसरा बोर नहीं किया जा सका। ऐसी स्थिति में पीने का पानी को लेकर टोला में हाहाकार मचा हुआ है। वही बताया कि पीएचइडी विभाग के द्वारा 20 वर्ष पूर्व करीब ढाइ सौ घरों की आबादी पर यह हैंडपंप लगाया गया था। आज बोर धसने से हमलोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हम लोग तो कहीं से पानी लाकर अपनी प्यास बुझा लेते हैं, लेकिन इस गर्मी में मवेशियों को पानी पिलाना मुश्किल हो गया है। अगर उक्त टोला में दूसरा बोर करा दिया जाता तो पानी की समस्या से हमलोगों निजात मिल सकता था। टोले के ग्रामीणों ने विभाग के संबंधित अधिकारियों से मांग किया है कि तत्काल जल मीनार के अगल-बगल बोरिंग करा दिया जाता तो टोल के लोगों को इस तपती गर्मी में पीने का पानी को लेकर भटकना नहीं पड़ता और हमलोगों को काफी सहूलियत होता।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स के कंपटीशन मैनेजर नियुक्त हुए शैलेंद्र पाठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पटना में पांच मई से आयोजित ४होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 (खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा आयोजित) में साइकिलिंग स्पर्धा के लिए गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक को साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा कंपटीशन मैनेजर मनोनीत किया गया है। विदित हो कि भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025-26 में रोड एवं ट्रैक इवेंट का आयोजन होना है। बताते चलें कि गढ़वा (झारखंड) के निवासी शैलेंद्र पाठक पहले ऐसे खेल प्रशासक हैं जिन्होंने यह शानदार कामयाबी पायी है। वर्ष 2002 से गढ़वा में खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय है। जिसके परिणाम स्वरुप यह मुकाम उन्हें हासिल हुआ है। वहीं श्री पाठक ने कंपटीशन मैनेजर के रूप में नामित करने हेतु साइकिलिंग फेडरेशन के महासचिव सरदार मनिंदर पाल सिंह एवं डॉक्टर मधु कांत पाठक के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री पाठक के इस उपलब्धि पर लोकसभा सदस्य विजय हसदा, उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर, उपविकास आयुक्त गढ़वा पशुपतिनाथ मिश्रा, पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय सहित अपने शुभचिंतकों के प्रति आभार प्रकट किया है।

# ग्राम प्रधानों ने राज्यपाल संतोष गंगवार को सौंपा मांग पत्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** पंच परगना क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष यदु गोपाल सिंह मुंडा के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार को सौंपा मांग पत्र। मांग पत्र में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश में जल्द पेशा एक्ट लागू करने, ग्रामीण क्षेत्र के छोटे-छोटे विवादों के निपटारा करने का अधिकार ग्राम सभा को देने, लघू वनौपज का हक अधिकार ग्राम सभा को देने, बालु घाट और छोटे-छोटे खनन के नीलामी का अधिकार ग्राम सभा को देने के साथ ही ग्राम प्रधानों को दी जाने वाली सम्मानित राशि नियमित और समय देने संबधी मांग पत्र सौंपा गया। महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार से मिलने वालों में ग्राम प्रधान यदु गोपाल सिंह मुंडा,प्रधान लक्ष्मण सिंह मुंडा, प्रधान राजेंद्र सिंह मुंडा, प्रधान गंगाधर सिंह मुंडा औरं ग्राम प्रधान मिहिर सेन मुंडा शामिल थे।

# डकरा में मनाया गया मजदूर दिवस



**खलारी (आजाद सिपाही)।** एटक कार्यालय डकरा में मजदूर दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यूनियन के जेसीएससी सदस्य नरेश मंडल शामिल हुए। क्षेत्रीय अध्यक्ष कृष्णा चौहान ने झंडोतोलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद शाहिद बेदी पर उपस्थित लोगों ने फूल चढ़ाकर शहीद हुए मजदूरों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान मजदूर दिवस पर प्रकाश डालते हुए मुख्य अतिथि नरेश मंडल ने कहा कि हजारों मजदूरों के शहादत के बावजूद भी वर्तमान में कोयला उद्योग में असंगठित मजदूरों से 8 घंटे की बजाय 12 घंटे काम लिया जा रहा है। कार्यक्रम को क्षेत्रीय सचिव प्रेम कुमार, कृष्णा चौहान, दिनेश भर पिपरवार के क्षेत्रीय अध्यक्ष मो अब्दुला, सीएचपी सचिव कयूम अंसारी ने संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेता रमेश चौहान के नेतृत्व में दर्जनों मजदूर और युवा ने यूनियन की सदस्यता ली। जिसका अतिथियों ने माला पहनकर स्वागत किया। इस मौके पर अशोक राम, जितेंद्र सिंह, कुंदन, पंकज सहित कई लोग मौजूद थे।

# क्षेत्र की दिशा और दशा बदलनी है: सुदीप गुड़िया



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा के झामुमो विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि मेरा उद्देश्य तोरपा विधानसभा क्षेत्र की दिशा और दशा बदलना है। विधायक ने कहा कि आपने मुझे वोट देकर अपना विधायक अपना सेवक के रूप मे चुना है, मैं आपसे किये गये वादे पर पर जरूर खरा उतरूंगा। ग्रामीणों की मूलभूत सुविधा जैसे पानी, बिजली, स्वास्थ्य, सड़क पर मुझे काफी काम करना है और प्रत्येक बूथ और पंचायत स्तर पर बेहतर तरीके से काम करके मुझे तोरपा विधानसभा की दिशा और दशा बदलनी है और तोरपा विधानसभा को आदर्श विधानसभा के रूप में विकसित करना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने बच्चां को स्कूल जरूर भेजें। आप मुझे अपनी समस्या की जानकारी दे, मैं जरूर उसे ठीक करूंगा। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य वीरेन कंडुलना, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गाबरियल तोपनो, प्रमुख नेली डहंगा, बीस सूत्री अध्यक्ष देवनाथ मघईया, थाना प्रभारी विकासा कुमार, झामुमो प्रखंड सचिव फिलीफ डाहंगा, उप प्रमुख रेशमा कंडुलना, मुखिया सुष्मा डाहंगो, राहुल केशरी, जोलेन गुड़िया आदि उपस्थित थे।

# मजदूरों का हक-अधिकार दिलाने के लिए हृढ़संकल्पित हैं : अब्दुल्ला अंसारी



**खलारी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ इंटक के द्वारा मजदूर दिवस मनाया। कार्यक्रम में मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने केडीएच चौराहा पर स्थित कोयला मजदूर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मजदूरों को संबोधित करते हुए अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि मजदूर दिवस मजदूरों को सम्मान देने के साथ उनका हक अधिकार दिलाना भी याद कराता है। कहा कि देश में संगठित से अधिक असंगठित क्षेत्र के मजदूर हैं। यही स्थिति खलारी कोयलांचल क्षेत्र की भी है। इस मौके पर सलामत अंसारी, कृष्णा सिंह, मुमताज अंसारी, मंतोष भट्टाचार्जी, रमेश प्रसाद आदि असंगठित क्षेत्र के मजदूर उपस्थित थे।

# मजदूर दिवस पर गोष्ठी का आयोजन




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मूलवासी मजदूर संघ द्वारा गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया और खूंटी नगर मे जुलूस निकाला गया। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सयूम अंसारी ने की। जुलूस डाक बंगला रोड से होते हुए भगत सिंह चौक, मेन रोड, नेताजी चौक से वापस डाकबंगला पहुंचा। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में डालसा की सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर उपस्थित हुई, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य सुशील संगा, पीएलवबी मदन गौंझू एलएडीसी चीफ राजीव कमल, किसान मोर्चा के अध्यक्ष धर्मेंद्र मांझी, मंसूर आलम आदि उपस्थित थे। इस आंदोलन के दौरान अमेरिका में मजदूर काम करने के लिए आठ घंटे का समय निर्धारित किए जाने को लेकर आंदोलन पर चले गये थे। मौके पर युवा अध्यक्ष विक्रम महतो आलोक रितेश डुंगडुंग, जीतवाहन महतो, अरविंद महतो, गोपाल महतो, सिकंदर नायक महेश नायक आदि उपस्थित थे।

# वुमेंस अंडर-15 टी-20 टूर्नामेंट के लिए कस्तूरबा की तीन छात्राओं का चयन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बूंडू।** वुमेन्स अंडर-15 टी-20 टूर्नामेंट के लिए कस्तूरबा बुंडू के तीन छात्राओं का खुटी जिला स्तरीय टीम में चयन हुआ हैं। इन छात्राओं के चयन होने से वे विद्यालय और पूरे पंचपरगना मे खुशी का माहौल है। चयनित खिलाड़ियों के नाम काजल कुमारी कक्षा 10, स्वीटी कुमारी कक्षा 10, अमृता कुमारी कक्षा 9 तीनों खिलाड़ी कस्तूरबा बुंडू में पढ़ाई करती हैं। सभी खिलाड़ी जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए शुक्रवार को धनबाद प्रस्थान प्रस्थान किये। इन तीन खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत किये हैं। वे अब खूंटी जिला टीम का हिस्सा बनकर झारखंड वोमेन्स अंडर-15 टी-20 टूनामेंट हिस्सा ले रहीं हैं। खिलाड़ियों और उनके परिवार बेहद उत्साहित है। इसका आयोजन जेएससीए करती है।

# खूंटी की रुक्मणी कुमारी का झारखंड बालिका कबड्डी टीम में चयन

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** सौराष्ट्र गुजरात में 10 से 13 मई तक होने वाली राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए अजीत कुम्हार की बेटी रूक्मणी कुमारी का चयन हुंआ है। राजकीय उत्क्रमित मध्य सह उच्च विद्यालय तोकेन रनियां प्रखंड की छात्रा रूक्मणी कुमारी पिछले तीन वर्षों से लगातार अभ्यास कर रही है और उसका प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहा था। अभ्यास के दौरान उसे कई तरह की मुसीबतों का सामना करना पड़ा, लेकिन रूक्मणी पीछे नहीं हटी और आखिरकार उसका चयन जूनियर झारखंड बालिका टीम में राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हो गया। रूक्मणी कुमारी के चयन पर खूंटी जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष गुलाब महतो और कोषाध्यक्ष सुमित कुमार ने हर्ष जाहिर किया और कहा कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में वह मेडल लेकर आयेगी। यह जानकारी जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव और मुख्य कोच शिवकुमार महतो ने दी।

# बायोमेट्रिक हाजिरी के विरोध में केडीएच परियोजना में गेट मिटिंग



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** संयुक्त मोर्चा और रैयत विस्थापित मोर्चा ने केडीएच वर्कशॉप में बायोमेट्रिक से हाजिरी बनाने को लेकर गेट मीटिंग किया गया, जिसकी अध्यक्षता गोल्डेन प्रसाद यादव और संचालन रामलखन गंझू ने की । कामगारों ने प्रबंधन के विरोध में जमकर नारेबाजी की और गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए श्रमिक संगठन के नेताओं ने कहा कि प्रबंधन कामगारों को बंधुआ मजदूर बनाना चाह रही है, मजदूरों को किसी तरह का कोई भी सुविधा नहीं मिल रही है, बहुत सारे मजदूरों को क्वाटर नहीं मिला है, ना ही रेस्ट शेल्टर है ना ही शुद्ध पीने का पानी है। वेजेस एक्ट में फॉर्म डी रजिस्टर में हाजरी बनाना है, बायोमैट्रिक सिस्टम ठेका मजदूरों के लिए लागू किया गया था, लेकिन प्रबंधन जबरन सी सी एल के मजदूरों पर बायोमैट्रिक से हाजरी बनाने के लिए दबाव बना रही है, जिसे कामगार कभी स्वीकार नहीं करेगी। गेट मीटिंग को मुख्य रूप से सुनील सिंह, मिथलेश सिंह, पिंकू, राजेंद्र एवं नरेश गंझू ने संबोधित किया।इस मौके पर काफी संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा की तैयारियों की उपायुक्त ने की समीक्षा




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 2025 के सफल संचालन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, सशस्त्र बल और अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को ब्रिफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि चार मई को नीट परीक्षा का आयोजन होना है। उन्होंने बताया कि खूंटी में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। यहां कुल 180 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लेंगे। परीक्षा का समय अपराह्न दो से पांच बजे तक परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। परीक्षा के आयोजन को लेकर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा प्रधानाध्यापक केंद्रीय विद्यालय खूंटी को सिटी कॉर्डिनेटर के रूप नियुक्त किया गया है। उन्होंने प्रश्नपत्रों की गोपनीयता बनाये रखने, कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने, विद्युत आपूर्ति, यातायात प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने को लेकर की गयी तैयारियों की समीक्षा कर कई आवश्यक निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों के बैठने के लिए बेंच डेस्क की पर्याप्त व्यवस्था रहे, सीसी टीवी पूरी तरह से फंक्शनल हो, पेयजल और शौचालय की व्यवस्था रहे, एंबुलेंस की व्यवस्था रहे, प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, दंडाधिकारी, पुलिस बल के जवान समय पर अपने स्थान पर उपस्थित रहे और सक्रिय होकर अपना कार्य करें। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा केंद्रों की निगरानी और अभ्यर्थियों की भीड़ प्रबंधन के बारे में विशेष दिशा-निर्देश दिये। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खूंटी, तोरपा, डीसीएलआर, कल्याण पदाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी, शिक्षा अधीक्षक, परिवहन पदाधिकारी, आपूर्ति पदाधिकारी, पुलिस विभाग के पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कार और बुलेट की टक्कर में तीन घायल

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के भकुवाडीह मोड़ के समीप एक बुलेट जेएच 05 डीएफ 7785 और कार जेएच 01 जीए 1365 में टक्कर हो गया। घटना शुक्रवार शाम 6 बजे की है। बुलेट में सवार तीन लोग जमशेदपुर से जामुदाग गांव जा रहे थे। मोड़ पर काले रंग की कार से टक्कर हो गयी। टक्कर से बुलेट सवार 26 वर्षीय देवराज बडाल, 21 वर्षीय सीमा कुमारी और 18 वर्षीय कृष्ण दत्ता गंभीर रूप से घायल हुए। घटना की सूचना पर तत्काल सोनाहातू थाना प्रभारी चंदन कुमार घटनास्थल पर पहुंच कर तीनों घायलों को सोनाहातू अस्पताल में इलाज के लिए ले गये। इलाज के बाद देवराज की स्थिति नाजुक बनी हुई है। इधर टक्कर के बाद कार को तीन किलोमीटर दूर दानाडीह गांव में लावारिस हालत में जब्त किया गया।

# विश्व मजदूर दिवस पर रैली का आयोजन




**मुरी (आजाद सिपाही)।** मुरी एल्युमिनियम फैक्ट्री वर्कर्स यूनियन, इंडाल कामगार यूनियन और असंगठित ठेका मजदूर यूनियन के संयुक्त तत्वाधान से शहीद ए आजम भगत सिंह चौक बड़ा मुरी से मजदूर रैली निकली। दुनियां के मजदूरों एक हो, शिकागो के अमर शहीदों तुम्हें हमारा लाल सलाम, शहीद तुम्हारे अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे आदि नारे लगाते हुए हिंडाल्को गेट पहुंचे तथा रैली आम सभा में तब्दील हो गयी। आम सभा को जीवराज महतो, गोलक बिहारी महतो, शैलेंद्र महतो, मुकेश साहु,अमर महली तथा अरुण महतो ने संबोधित किया। संचालन सुमित महतो उर्फ डोला ने किया तथा रैली सदानंद सोनार, नजीर हुसैन, आलोक रंजन महतो, नीतीश महतो, संजय महतो कोकोराना, संजय महतो कोंचो, मनोज कुमार, गिरजा शंकर मुंडा के नेतृत्व में सफल हुआ।

# पोजिशन लेने गये सीसीएल प्रबंधन को विश्रामपुर के ग्रामीणों के विरोध के कारण बैरंग लौटना पड़ा



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** केडीएच परियोजना में नौकरी के लिए पोजिशन दिलाने के लिए आये सीसीएल प्रबंधन को विश्रामपुर के ग्रामीणों के विरोध के कारण बैरंग बापस लौटना पड़ा। केडीएच परियोजना में जमीन के बदले दो लोगो को नौकरी के लिए पोजिशन लेने के लिए सीसीएल प्रबंधन, प्रशासन, अंचल सहित सीआइएसएफ जवान पंहुचे। इसकी जानकारी विश्रामपुर के रैयतो को मिली तो काफी संख्या में रेयत विस्थापित एवं रैयत विस्थापित मोर्चा के लोग विश्रामपुर में उक्त जगह पर पहुंचे। केडीएच प्रबंधन जमीन कि पोजीशन लेने के लिए जेसीबी मशीन लेकर आयी थी। केडीएच पीओ अनिल कुमार सिंह, खलारी इंस्पेक्टर जयदीप टोप्पो एवं खलारी अंचल के कर्मियों के सामने ग्रामीणो ने बाहरी व्यक्ति को जमीन के बदले नौकरी देने का विरोध करते हुए पोजिशन नही लेने दिया। दोनो पक्षो ने अपनी अपनी बातों को प्रशासन के समक्ष रखा। उनके पूर्वजों की जमीन को गलत तरीके से खरीद विक्री का कागज बनाकर नौकरी लेने के लिए लगे हुए हैं जिसे ग्रामीण कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे।ग्रामीणो ने कहा कि जो बाहरी लोग दावा करते हैं उनकी इस गांव में कोई घर भी नहीं है, इसलिए यह साबित होता है कि पूरी तरह से मिलीभगत करके कागजात बनाकर रैयतो की जमीन पर खुद नौकरी लेने की जुगाड़ में है। ग्रामीणो ने केडीएच प्रबंधन पर आरोप लगाया गया कि प्रबंधन जान बूझकर विश्रामपुर में माहौल बिगाड़ने में लगा हुआ है, जबकि पूर्व में भी ग्रामीणो ने विरोध करते हुए बाहरी व्यक्ति को गलत तरीके से बनाये गये जमीन में नौकरी देने को लेकर प्रबंधन का जोरदार विरोध किया गया था। रैयतो के द्वारा प्रशासन एव अंचल को कागजात दिखाए जाने के बाद प्रबंधन सहित अन्य लोग बैरंग वापस लौट गये। ग्रामीणो ने बताया उक्त जमीन को लेकर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग में भी लिखित शिकायत की गयी है और अभी मामला चल रहा है ऐसे में केडीएच प्रबंधन के द्वारा बार बार रैयतो के साथ कि जा रहे छल से प्रबंधन के खिलाफ रैयत विस्थापित का आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

# सेविकाओं के बीच स्मार्टफोन का वितरण



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड के बाल विकास परियोजना कार्यालय सभागार में शुक्रवार को महिला बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग के पोषण अभियान तहत स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर परियोजना अंतर्गत ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में कार्यरत 118 सेविकाओं के बीच स्मार्टफोन का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एकता वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रही। वही बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ एकता वर्मा ने बताया कि महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड सरकार के द्वारा सभी प्रखंडों में आंगनवाड़ी सेविकाओं को स्मार्टफोन दिया जा रहा है। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका कृष्णा देवी, ममता बिन्हा सहित सभी आंगनवाड़ी सेविका उपस्थित थे।

# विधायक ने स्टेडियम निर्माण कार्य का शिलान्यास किया

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा कें विधायक सुदीप गुड़िया ने शुक्रवार को रनिया प्रखंड के बेलसिया गढ़ मे फुटबाल स्टेडियम का शिलान्यास किया। विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को रनिया में फुटबॉल स्टेडियम की सौगात देने के लिए धन्यवाद दिया। मौके पर विधायक ने प्रखंड के जनप्रतिनिधि और झामुमो के पदाधिकारियों को स्टेडियम निर्माण की गुणवत्ता का ध्यान रखने और बीच-बीच मे निरीक्षण करने को कहा। संवेदक को निर्देश देते हुए सुदीप गुड़िया ने कहा कि कि गुणवत्ता में किसी तरह की कोंताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। निमार्णा कार्य में गड़बड़ी की शिकायत मिली, तो कड़ी कार्रवाई की जायेगी। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य सह जिला परिषद सदस्य वीरेन कंडुलना, प्रखंड अध्यक्ष गाबरियल तोपनो, प्रमुख नेली डहंगा, बीस सूत्री अध्यक्ष देवनाथ मघईया, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत डांग, थाना प्रभारी विकास कुमार, फिलीप डाहंगा, उप प्रमुख रेशमा कंडुलना, मुखिया सुष्मा डाहंगा, रिमिस तोपनो, सुरेश कोंनगाडी, राहुल केशरी, अरमान तोपनो, दीपक भूईया आदि उपस्थित थे।

# किस के छात्रों ने 10वीं बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

# 18 वर्षों तक 100 प्रतिशत सफलता हासिल की



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (किस) ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (बीएसइ), ओडिशा द्वारा आयोजित 10वीं बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है, जिसके परिणाम आज घोषित किये गये। जबकि ओडिशा में औसत उत्तीर्ण दर 94.93 प्रतिशत है, किस ने एक बार फिर 100 प्रतिशत सफलता दर हासिल की है। यह उपलब्धि लगातार 18वें वर्ष है जब किस के छात्रों ने मैट्रिक परीक्षा में 100 प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। इस वर्ष स्कूल से कुल 1,900 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 41% ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये, जबकि शेष विद्यार्थी 50 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। क्योंझर की किस छात्रा खैरानी माझी 560 अंकों के प्रभावशाली स्कोर के साथ स्कूल टॉपर बनीं। उल्लेखनीय है कि विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) से संबंधित 201 छात्रों, जैसे कि सौरा, बोंडा, जुआंग, खड़िया, लोधा और पौडी भुइयां ने असाधारण प्रदर्शन किया है। इनमें से अधिकांश छात्र अपने परिवार में प्रथम शिक्षार्थी हैं, तथा औपचारिक शिक्षा प्राप्त करने वाली प्रथम पीढ़ी बन गये हैं। उनकी सफलता किस द्वारा प्रदान की गयी मजबूत शैक्षणिक नींव और पोषण वातावरण का प्रमाण है। शिक्षकों और कर्मचारियों ने असाधारण समर्पण के साथ उनका ध्यान रखा है, चुनौतियों पर काबू पाने और भविष्य की शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एक ठोस आधार तैयार करने के लिए उनका मार्गदर्शन और सलाह दी है। परिणामों पर खुशी व्यक्त करते हुए, किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी। उन्होंने किस की लगातार सफलता का श्रेय शिक्षकों और कर्मचारियों के समर्पण, उनके समय पर मार्गदर्शन और छात्रों के अथक प्रयासों को दिया। डॉ. सामंत ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों की अथक प्रतिबद्धता और योगदान के लिए उनका हार्दिक धन्यवाद किया।

# सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल में मजदूर दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल में मजदूर दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता किया गया और चालक, उपचालक, माली और सफाई कर्मियों को बच्चों द्वारा बनाये गये। गुलदस्तों और कई तरह के उपहार देकर उन्हें प्राचार्या तराना बेगम द्वारा सम्मानित किया गया। प्राचार्या ने कहा कि विद्यालय को सुचारू रूप से चलाने के लिए आपके महत्वपूर्ण योगदान के लिए मैं धन्यवाद देती हूं। इस अवसर पर स्कूल के प्रधान निदेशक अली अल अराफात और कई शिक्षक भी उपस्थित हुए।

## बेड़ो में प्रशिक्षण प्राप्त 17 महिलाओं एवं किशोरियों के बीच प्रमाण पत्र वितरित

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के करकरी पंचायत के खड़देवरी गांव में महिलाओं एवं किशोरियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विश्व वाणी संस्था की ओर से संचालित सिलाई प्रशिक्षण गुरुवार को प्रमाण पत्र वितरण के साथ संपन्न हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में करकरी की मुखिया सरिता एक्का और पंसस मकबूल अंसारी ने प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया। मुखिया सरिता एक्का ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं हुनरमंद बनेंगी तो समाज और परिवार दोनों का विकास निश्चित है। इस तरह का प्रशिक्षण उनके आत्मविश्वास के साथ आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में सहायक होगा। वहीं पंसस मकबूल अंसारी ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं के लिए एक सुनहरा अवसर हैं। जिससे वो अपने पैरों पर खड़ी होकर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती हैं। वहीं संस्था की ओर से बताया गया कि इस सिलाई सेंटर में प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं और किशोरियों को दैनिक उपयोग में आने वाले कपड़ों की कटाई और सिलाई की बारीकियां सिखाई गईं। इस दौरान 17 महिलाओं एवं लड़कियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

## डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने बेड़ो के फन स्पोर्ट वाटर पार्क में की मस्ती



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को फन स्पोर्ट वाटर पार्क में जम कर मस्ती की। कक्षा पहली, दूसरी और तीसरी के 250 छात्र-छात्राएं अपने शिक्षकों के साथ इस मनोरंजक यात्रा पर गये थे। चिलचिलाती गर्मी में बच्चों ने वाटर पार्क के विभिन्न रोमांचक राइड्स और वाटर स्लाइड्स में खूब मस्ती किया। प्राचार्य कैलाश कुमार ने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ ही मनोरंजन और शारीरिक गतिविधियों का अवसर प्रदान करना था। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। वाटर पार्क में बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के सुरक्षित और मनोरंजक आकर्षण मौजूद थे, जिनका उन्होंने भरपूर आनंद लिया। बच्चों को स्वादिष्ट भोजन भी परोसा गया, जिससे उनकी ऊर्जा बनी रही।

## टाटीसिलवे में आयोजित नौ दिवसीय मंडा पूजा का समापन, आस्था की ज्वाला पर नंगे पांव चले भोक्ता



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे में मंडा पूजा समिति टाटी के तत्वावधान में आयोजित नौ दिवसीय मंडा पूजा सह मेला गुरुवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इसमें 90 भोक्ताओं एवं 90 सोकताओं द्वारा किया गया निर्जला उपवास और फूलखुंदी अनुष्ठान विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। भोक्ताओं ने नंगे पांव दहकते अंगारों पर चलकर भगवान के प्रति अपनी आस्था और भक्ति का प्रदर्शन किया। रात में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में छऊ नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने किया। अपने संबोधन में कहा कि मंडा पूजा झारखंड की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यह पर्व आज हमारी क्षेत्रीय पहचान बन चुका है। उन्होंने छऊ नृत्य को पारंपरिक कला का जीवंत रूप बताते हुए इसके संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। इस मौके पर टाटीपूर्वी के मुखिया कृष्णा पहान, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, पूजा समिति के अध्यक्ष बसंत मिश्रा, महासचिव अमित कुमार मिश्रा, सचिव जगदीश नायक, कोषाध्यक्ष बिगना महतो समेत मोहन महतो, रंजीत लोहरा, धीरेंद्र त्रिपाठी, नीरज प्रमाणिक, माधुरी देवी, गिरिधर मिश्रा सहित सैकड़ों ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित थे।

## 5101 महिलाओं ने निकाला भव्य कलश यात्रा

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** कुच्चू में श्रीश्री 1008 शिव शक्ति हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ सह राम कथा आयोजन को लेकर नव निर्मित शिव जगदंबा मंदिर परिसर से 5101 महिलाओं के साथ ऐतिहासिक कलश यात्रा निकाली गयी। जिसकी अगुवाई मुख्य यजमान राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू, उनकी पत्नी, पूर्व लोकसभा सांसद राम टहल चौधरी, रणधीर चौधरी, पूर्व विधायक मांडर गंगोत्री कुजूर, पूर्व मेयर रमा खलखो, आरती कुजूर, राधा गोविंद स्कूल के निदेशक आरती सिंह, ओरमांझी पूजा समिति सह मधुवन विहार एवं टूरिज्म के निदेशक नंद गोपाल साहू, अमरनाथ चौधरी, मानकी राजेंद्र शाही, जय गोविंद साहू, शशि मेहता, दीपक बड़ाई, संतोष गुप्ता, नीतीश कुमार, नागेंद्र साहू, संजय साहू, अमित राज, शशि भूषण साहू, संदीप साहू आदि ने की। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकल कर सपाही नदी पहुंची, जहां से पूरे विधि-विधान के साथ मुख्य यजमान के साथ सभी लोग कलश में जल भरकर तीन-चार टोली के मंदिरों का भ्रमण कर वापस मंदिर पहुंचे। यज्ञ आचार्य पंडित राम देव पांडेय द्वारा पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश के साथ सांध्य आरती कराया गया। वहीं कथा वाचक अतुल कृष्ण भारद्वाज ने प्रथम दिन प्रभु राम के जन्म एवं बाल्यावस्था के प्रसंग से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। दूसरे दिन भगवान श्री राम के चारों भाइयों के बाल्यावस्था से किशोरावस्था का वर्णन किया। वहीं, कलश यात्रा सह महायज्ञ के सफल संचालन में मंदिर निर्माण सह महायज्ञ समिति का महत्व पूर्ण योगदान रहा।

## आजसू के टाटी-सुरसू पंचायत के कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के प्रस्तावित प्रखंड जोन्हा अंतर्गत टाटी जोन (टाटी एवं सुरसू) पंचायत के आजसू कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को टाटी में हुई। जिसकी अध्यक्षता सीताराम राजवार ने की। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के केंद्रीय सचिव सह जिला परिषद सदस्य राजेंद्र शाही मुण्डा उपस्थित थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं में आपसी तालमेल, एकजुटता, मानसिक मजबूती, समय का प्रबंधन, व्यवहारिकता को लेकर अपना विचार व्यक्त किया। उन्होंनो एक समर्पित कार्यकर्ता के गुणों का भी उल्लेख किया। वहीं, केंद्रीय सदस्य वीरेंद्र सिंह भोगता ने कहा कि आजसू को मजबूत बनाने के लिए इसी तरह का प्रशिक्षण होना चाहिए, ताकि कार्यकर्ता मानशिक रूप से मजबूत एवं तर्कशील बन सकें। वहीं, महिला अध्यक्षा घासनी देवी ने महिला दीदियों को अपने अपने टोले एवं गांव में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। बैठक में जिला सचिव शंकर बेदिया, बलराम मुंडा, भोलानाथ बेदिया, मोतीलाल कुम्हार आदि मौजूद थे।

# ज्वेलरी दुकान से 15 लाख के गहने और 50 हजार रुपये नकदी की लूट

## चार लुटरों ने बंदूक के बट से मार कर दुकानदार को घायल कर लूटपाट की

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** शास्त्री चौक दडदाग स्थित जय हिंद ज्वेलर की दुकान में गुरुवार की शाम खराब मौसम का फायदा उठाते हुए चार लूटेरों ने धावा बोल दिया। दुकानदार सुधीर कुमार सोनी को बंदूक से बट से वार कर घायल करने के बाद वहां से 10 से 15 लाख रुपये के आभूषण और 50 हजार रुपये नगद लूट कर फरार हो गये। दुकान के मालिक सुधीर कुमार सोनी ने बताया कि गुरुवार की शाम करीब चार बजे चार की संख्या में लोग उनकी दुकान पर आये। वे लोग हेलमेट और मास्क पहने हुए थे। चारों लूटेरों ने सबसे पहले सोने की अंगुठी दिखाने को कहा। मैं उन्हें सोने की अंगुठी दिखा ही रहा था कि तभी उनमें से एक ने मेरे दुकान के फर्स पर फायरिंग कर दिया और सोने के गहने लेकर भागने लगने लगा। जैसे ही मैंने उन्हें पकड़ने की कोशिश की मुझ पर बंदूक के बट्ट से वार कर घायल कर दिया और चारों गोला रोड की ओर भाग निकले। आसपास के दुकानदारों ने चारों को बाइक से भागते हुए भी देखा। पर जब तक कुछ समझ पाते काफी देर हो चुकी थी। उधर, घटना की सूचना पाते ही ओरमांझी पुलिस मौके पर पहुंच गयी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे आदि की जांच कर लुटेरों को पकड़ने का प्रयास शुरू कर दिया है। इसी क्रम में एफएसएल और डॉग स्क्वाड की टीम को बलाया गया। बताते चलें कि बुधवार की रात भी कुच्चू में दो घरों में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। वहीं, आभूषण दुकान के मालिक ने थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है । वहीं, थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी का प्रयास जारी है।



घायल दुकान मालिक सुधीर सोनी और दुकान की जांच करती पुलिस।

## युवक ने की भाई की हत्या, गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के परसातरी गांव में पतरस केरकेट्ट नामक युवक ने अपने ही भाई सुधीर करकेट्टा की हत्या कर दी। घटना गुरुवार की देर रात की बतायी जा रही है। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी और शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए शुक्रवार की सुबह 10 बजे रिम्स अस्पताल भेज दिया। लगे हाथ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पतरस करकेट्टा को भी गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ कर हत्या की गुत्थी को सुलझाने का प्रयास कर रही है।

## भीड़ ने दो गो-तस्करों को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भुइयां टोली के स्थानीय लोगों की सजगता से एक बड़ी गौ तस्करी की घटना टल गई। गाय चोरी कर कार से भाग रहे दो तस्करों को लोगों ने पीछा कर पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। उधर, घटना में शामिल दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान तौहीद कुरैशी और मिस्टर कुरैशी के रूप में हुई है। दोनों लोअर बाजार थाना अंतर्गत गुदड़ी चौक के निवासी है। पुलिस ने इनके कब्जे से गाय लदी कार को जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार भुइयां टोली में लक्ष्मण यादव की गाय चर रही थी, तभी एक कार वहां आकर रुकी और उसमें सवार लोगों ने गाय को जबरदस्ती कार में ठूंस दिया। यह देख स्थानीय लोगों ने तुरंत कार का पीछा किया और मौलाना आजाद कॉलोनी में तस्करों को पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही नामकुम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान दोनों ने तस्करी के उद्देश्य से गाय चोरी करने की बात स्वीकार की है। क्षेत्र में किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो, इसके लिए नामकुम थाना प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। गौरतलब है कि पकड़े गए तस्कर और गाय मालिक अलग-अलग धर्म से संबंधित हैं, जिससे माहौल संवेदनशील बना हुआ है। पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है और शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सतर्क है।

## मजदूरों का निबंधन इ-श्रम पोर्टल में होना आवश्यक : वीरेंद्र



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची झालसा के निर्देश एवं न्यायायुक्त सह डालसा अध्यक्ष के मार्गदर्शन में गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस रांची रेलवे स्टेशन पर मजदूरों एवं कुली के बीच विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसीएस वीरेंद्र प्रताप ने श्रमिकों को नालसा की ओर से (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015 एवं झालसा द्वारा चलाई जा रही योजना श्रमेव वंदते के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं श्रम कार्ड बनाने एवं इससे मिलने वाली लाभकारी योजना के संबंध में जागरूक करते हुए कहा कि असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को लाभ प्राप्त करने के लिए उनका निबंधन ई-श्रम पोर्टल पर होना आवश्यक है। जिनका निबंधन नहीं हो पाया है वे लोग श्रम विभाग से संपर्क कर अथवा प्रखंड स्तर पर संचालित विधिक सहायता केंद्र पर जाकर अपना-अपना निबंधन करवा सकते है। इसमें किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर वह जिला विधिक सेवा प्राधिकार से आवेदन कर विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने भारतीय संविधान में श्रमिकों के कल्याण हेतु समान कार्य एवं समान वेतन के प्रावधान एवं केंद्र सरकार द्वारा बनाए गये न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948, बंधुआ मजदूरी उन्मूलन के लिए बने कानून के बारे में भी जानकारी दी। कहा कि मजदूरों को न्याय देने के लिए श्रम न्यायालय की स्थापना हुई है। प्रोजेक्ट श्रमेव वंदते असंगठित क्षेत्रों के अंतर्गत कार्यरत मजदूर के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं का त्वरित लाभ उन तक पहुंचाये जाने के लिए झालसा एवं डालसा सदैव तत्पर रहता है। डालसा रांची उनके आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए लाभ दिलाने का प्रयास करेगी। कार्यक्रम में रेलवे मजिस्ट्रेट विजय कुमार यादव, एलएडीसी अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप, रेलवे न्यायालय के पेशकार सुजय श्रीवास्तव, पीएलवी संगीता कुमारी, राजा वर्मा, संगीता देवी समेत अन्य उपस्थित थे।

## दिव्यांग धोड़े मुंडा को मिला मोटराएड ट्राई साइकिल

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** कल्याण विभाग की ओर से दिव्यांग धोड़े मुंडा (40) को शुक्रवार को मोटराएड ट्राई साइकिल मिला, जिससे वह काफी खुश है। बतातें चलें कि धोड़े मुंडा गरीबी के कारण 9वीं कक्षा तक की पढ़ाई कर पाये। इसके बाद पढ़ाई छोड़नी पड़ी। उनका घर लापुंग प्रखंड मुख्यालय से 12 किमी की दूरी पर है। जहां आसानी से आना जाना एवं अन्य कार्य कर पाये हैं। वह खुद से अपना कार्य करता है। दोनों पैर से लाचार धोड़े मुंडा का दोनों पैर गठिया की बीमारी के चलते खराब हो गये। उसके माता-पिता नहीं है। उसे मिला साइकिल तीन पहिया मोटर चालित मोटरएड ट्राइसाइकिल है। जो लापुंग के पबीरा निवासी धोड़े मुंडा का अब सहारा है। उसकी छोटी बहन सुषना टोप्पो ससुराल में रहकर टुंबागुटु पतराटोली नामकुम प्रखंड से यह लाभ कल्याण विभाग से दिलाया। उसका कहना है कि वर्तमान सरकार अगर इसी तर्ज पर लापुंग के सभी निशक्त दिव्यांगों को यह सुविधा देती है तो उन्हें काफी सहुलियत होगी। बतातें चलें कि इस मोटरएड ट्राई रिक्शा एक बार चार्ज करने से 40 किमी दूरी तय करती है। धोड़े मुंडा को मासिक पेंशन के रूप में 1000 रुपये मिलता है। उसका कहना है कि इस महंगाई में उक्त राशि बहुत कम है। मंइयां सम्मान योजना की तर्ज पर झारखंड सरकार दिव्यांग और वृद्धा पेंशन की राशि भी बढ़ाये, ताकि मुझ जैसे लाचार का जीवन भी सवंर सके। इस कार्य में जनप्रतिनिधि मदद करें।

## कांग्रेस की महारैली के सफल आयोजन को लेकर चान्हो में बैठक

# ऐतिहासिक होगी कांग्रेस की संविधान बचाओ महारैली: शिल्पी नेहा तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** रांची के पुराना विधानसभा मैदान में छह मई को आयोजित होने वाले कांग्रेस के संविधान बचाओ महारैली की सफलता को लेकर सांगठनिक गतिविधि तेज हो गई है। इसी कड़ी में राज्य की कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने चान्हो प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को पार्टी के प्रखंड कमेटी और पंचायत पदाधिकारी सहित अगुवा नेताओं के साथ बैठक की। इस अवसर पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि संविधान बचाओ महारैली ऐतिहासिक होने जा रही है। देश का हर नागरिक संविधान की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरने को तैयार है। झारखंड की राजधानी रांची में लोगों का जन सैलाब संविधान बचाओ महारैली में देखने को मिलेगा। मंत्री ने कहा कि भाजपा के राजनीतिक मंसूबों को समझने और उसका जवाब देने के लिए सबको तैयार रहना होगा। संविधान को कमजोर कर भाजपा देश में अपनी मनमानी और सामाजिक समरसता को बिगाड़ने में लगी है। इस षडयंत्र का जवाब सामाजिक एकता और जन जागरूकता के माध्यम से देना होगा। संविधान समाज के हर वर्ग हर व्यक्ति को अपने हक अधिकार के लिए लड़ने की छूट देता है। पर भाजरा इस अधिकार को देश की जनता से छीन लेना चाहती है। संविधान बचाओ महारैली को लेकर मांडर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की तैयारी बूथ स्तर पर चल रही है। इसके लिए पंचायत अध्यक्ष को विशेष रूप से जिम्मेवारी दी गई है। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष इस्तियाक अंसारी, मुखिया शिव उरांव, अजीत सिंह, महादेव उरांव, इरशाद खान, दिलीप सिंह, अब्दुल्ला अंसारी, प्रियंका उरांव, जुल्फेकार अली, मन्ना उरांव, विनीता उरांव, सुनीता उरांव, राम उरांव, जीवन मिंज, प्रमोद लाल, दिनेश राम आदि थे।



## ग्रामीण महिलाओं की मेहनत, आत्मनिर्भरता की ओर सशक्त कदम : आरएल राजेश्वरी

**पिस्कानगडी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी पलाश जेएसएलपीएस के अधिन संचालित ओएसएफ नगड़ी एवं ओएसएफ की ओर से चयनित उद्यमी के साइट का भ्रमण कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के निदेशक आरएल राजेश्वरी एसएम द्वारा ओएसएफएमसी सदस्य के साथ बैठक हुई। जिसमें निदेशक द्वारा उद्यमी को वितरित किये गये कम्यूनिटी इंटरप्राइस फंड से संबंधित जानकारी ली गई। ओएसएफ के तहत चयनित उद्यमी के साइट का भी भ्रमण किया गया। जिसमें मीना देवी का कपड़ा दुकान, सिलाई सेंटर, पूजा देवी के ऑयल मिल, रूबी देवी का हार्ड वेयर दुकान, अनुराधा देवी का जेनरल स्टोर का भ्रमण शामिल था। निदेशक ने जेंडर रिसोर्स सेंटर का भी भ्रमण किया। जेंडर रिसोर्स सेंटर में दर्ज घरेलू हिंसा एवं प्रताड़ना के संदर्भ मे सुनवाई के संबंध में जानकारी दी गयी।

## एतवा उरांव अनगड़ा और विजय टोप्पो बने नामकुम प्रखंड अध्यक्ष




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने गुरुवार को एतवा उरांव को अनगड़ा प्रखंड कांग्रेस का अध्यक्ष एवं विजय टोप्पो को नामकुम का प्रखंड अध्यक्ष नियुक्ति किया है। नवनियुक्त दोनों प्रखंड अध्यक्षों को मनोनयन पत्र सौंपा गया। साथ ही उम्मीद जताई की उनके नेतृत्व में अनगड़ा एवं नामकुम प्रखंड में पार्टी को मजबूती मिलेगी। उधर, प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, कांके विधायक सुरेश बैठा, जिला मीडिया समन्वयक कुलेश्वर मुण्डा, महिला अध्यक्ष मैरी तिर्की, श्रवण कुमार मुण्डा, फारूक खान, दीपा उरांव, राजेन्द्र मुण्डा, पंचू तिर्की, दिनेश प्रमाणिक, साकिर अंसारी, शिवदास गोस्वामी, किस्टो कुजूर, अशोक मिश्रा, अर्चना मिश्रा, माधव कच्छप, सातिश पंडा, सरिता देवी और शहनाज खातुन आदि ने बधाई दी है।

## शिक्षक अजय झा बने खेलो इंडिया के तकनीकी पदाधिकारी



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय सेक्टर-2, रांची धुर्वा के शारीरिक शिक्षा शिक्षक अजय झा खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 मलखंब खेल प्रतियोगिता के लिए झारखंड से एकमात्र तकनीकी पदाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। अजय झा झारखंड के सभी कोटि के विद्यालय में वरीय शारीरिक शिक्षा शिक्षक हैं, जो नियमित रूप से 33 वर्षों से विद्यालय में शिक्षण कार्य के अलावा मलखंब, खो-खो,कबड्डी, आत्या-पात्या, योग, क्रिकेट, फुटबॉल, स्कावश, एथलेटिक्स, बैडमिंटन सहित अन्य खेल प्रतियोगिताओं में हजारों खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तैयार किए है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स -2025 बिहार के गया में मलखंब प्रतियोगिता 5 से 8 मई तक इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट बोधगया के प्रांगण में आयोजित की गई है। अजय झा को शनिवार को रिपोर्ट करना है। यह झारखंड के पहले तकनीकी अधिकारी हैं जिन्हें मलखंब खेल में लगातार चौथीं बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए तकनीकी अधिकारी नियुक्त किया गया है। इससे पूर्व खेलों इंडिया यूथ गेम्स (पंचकुला- हरियाणा, उजैन मध्य प्रदेश), नेशनल गेम्स (अहमदाबाद-गुजरात, पणजी-गोवा), विश्व चैंपियनशिप (भूटान), खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी (गुवाहाटी -असम), प्रथम नेशनल बीच गेम्स (दीव दमन) के अतिरिक्त कई फेडरेशन के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में अहम भूमिका निभा चुके हैं। वर्तमान में अजय झा मलखंब खेल के संस्थापक सह झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव एवं मलखंब फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहें हैं। खेलों इंडिया यूथ गेम्स के तहत मलखंब खेल में झारखंड से एकमात्र तकनीकी अधिकारी बनाए जाने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी रांची विनय कुमार, प्रधान लिपिक जीतेन्द्र सिन्हा, लिपिक राजेश कुमार, मलखंब संघ के राज्याध्यक्ष जगदीश सिंह 'जग्गू', अखिलेश्वर उपाध्याय, चन्द्र कान्त लाल, आशुतोष द्विवेदी, सहजाद कुरैशी, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, बीएसपी विधालय धुर्वा के सचिव सजल बनर्जी, प्रधानाध्यापिका मंजू रानी डे, झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ मधुकान्त पाठक, कोषाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार, चंचल भट्टाचार्य, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार आदि ने बधाई दी है।

## जैलेंद्र कुमार ने आर्थिक एवं खाद्य सामग्री की मदद की



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** पेरतोल निवासी 75 वर्षीय लगनू तांती का पिछले दिनों निधन हो गया था। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण श्राद्ध में सहयोग के लीए गांव के ही रामकृष्ण चौधरी ने पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार से संपर्क कर सहयोग की अपील थी, जिसके बाद जैलेंद्र कुमार ने तत्काल सहायता नगद एवं खाद्य सामग्री पहुंचाई। मौके पर पुत्र धनेश तांती, चुन्नू तांती, रामकृष्ण चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष जगेसर महतो,रांची ग्रामीण भाजपा के मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा आदि उपस्थित रहे।

## झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम में एलुमनाई मीट



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम टाटीसिलवे में एलुमनाई मीट का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के 2007 से 2016 बैच तक के लगभग 50 पूर्व छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर संस्थान परिसर में उत्सव का माहौल रहा और सभी ने पुराने दिनों की यादों को साझा किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद संस्थान के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता ने सभी पूर्व छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पूर्व छात्र किसी भी संस्थान की असली पहचान होते है। उनका अनुभव वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत होता है। उन्होंने सभी से संस्थान को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने में सहयोग देने की अपील की। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आशुतोष मिश्रा, ट्रेनिंग इंचार्ज मंगल टोप्पो, प्रोडक्शन इंचार्ज मोहम्मद जावेद अंसारी, फैकल्टी सदस्य पुर्नेंदु पंकज और संजीव रंजन ने भी छात्रों को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि यह मिलन केवल एक स्मरण नहीं, बल्कि संस्थान की समग्र प्रगति के लिए सामूहिक सहयोग का एक महत्वपूर्ण मंच है। पूर्व छात्रों ने अपने-अपने कार्यक्षेत्र और अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि जेजीटीआर से प्राप्त तकनीकी शिक्षा और व्यावहारिक प्रशिक्षण ने उनके करियर को सशक्त आधार प्रदान किया और जीवन की दिशा निर्धारित करने में मदद की। उनके अनुभवों से वर्तमान छात्रों को आत्मविश्वास और प्रेरणा मिली। कार्यक्रम का संचालन मंगल टोप्पो ने किया, जबकि समापन भाषण आशुतोष मिश्रा ने प्रस्तुत किया। इस दौरान सभी पूर्व छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एनटीपीसी मैती आईटीआई बरकागांव के प्राचार्य मिथलेश उपाध्याय भी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 03 मई, 2025
www.azadsipahi.in



# वक्फ बिल संशोधन के विरोध में सड़कों पर उतरे मुसलमान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** वक्फ बिल संशोधन के विरोध में गुमला जिले का मुस्लिम समुदाय शुक्रवार को सड़कों पर उतरा। मुसलमानों के इस जन सैलाब के कारण दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक पूरे शहर में जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी। लोग हाथों में तिरंगा लेकर सड़कों पर वक्फ संशोधन बिल का विरोध करते नजर आये। अनुमान लगाया जा रहा है कि जुलूस में 35 से 40 हजार लोग शामिल थे।

**अंजुमन इस्लामिया की अगुवाई में निकला मौन जुलुस :** अंजुमन इस्लामिया गुमला के आह्वान पर वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ एक मौन जुलूस शुक्रवार को नमाज के बाद निकल गया। यह जुलूस मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के निर्देशानुसार संविधान के दायरे में निकल गया। जुलूस की अगुवाई अंजुमन इस्लामिया के सदर मुशाहिद आजमी सचिव मकसूद आलम जामा मस्जिद के इमाम इनआम रब्बानी, जिले के सभी ग्रामीण अंजुमन के ओहदेदारों और तमाम मस्जिद के इमाम ओर उलेमा कर रहे थे।

**वक्फ बिल संशोधन के खिलाफ दिखा आक्रोश :** वक्फ बिल के संशोधन के खिलाफ मुसलमानों का आक्रोश देखने योग्य था। इस विरोध में लोग अपने-अपने हाथों में वक्फ बिल संशोधन के खिलाफ तख्तियां थामे चल रहे थे। तख्तियों में लोकतंत्र की हत्या बंद करो, वक्फ की संपति हमारी है, वक्फ संशोधन बिल मंजूर नहीं, काला कानून वापस लो, वक्फ संशोधन बिल रद्द करो आदि नारे लिखे हुए थे।

**जामा मस्जिद से शुरू हुआ मौन जुलूस :** यह मौन जुलूस थाना रोड से स्थित जामा मस्जिद से शुरू किया गया, जो थाना रोड, टावर चौक, मेन रोड, पटेल चौक, लोहरदगा रोड होते हुए थाना चौक पहुंचा। थाना चौक से पुनः जमा मस्जिद के पास पहुंचकर जुलूस एक सभा में तब्दील हो गया।

**महामहिम के नाम उप विकास आयुक्त को सौंपा ज्ञापन :** जुलूस की समाप्ति के बाद अंजुमन इस्लामिया का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त कार्यालय पहुंचा। उपायुक्त की अनुपस्थिति में उप विकास आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम दिया गया। जिसमे वक्फ संशोधन बिल को रद्द करने की मांग की गयी है।

जुलूस में निवार्तमान नगर अध्यक्ष कलीम अख्तर कल्लन, आले हसन लड्डन, आफताब आलम लाडले, आशिक अंसारी, फिरोज आलम, खुर्शीद आलम, अफसर आलम कल्लू, कलाम आलम, मुख्तार आलम, डेजी राणा, सहमुल खान, शाहबुद्दीन, मिनहाजुद्दीन खान साहित हजारों की संखया में लोग मौजूद थे।



### वक्फ की संपत्ति पर मुसलमान का अधिकार होना चाहिए : भूषण तिर्की

वक्फ संशोधन कानून के विरोध में निकाले गए जुलुस में स्थानीय विधायक भूषण तिर्की भी शामिल हुए। उन्होने कहा कि वक्फ की संपत्ति पर मुसलमान का अधिकार होना चाहिए। क्योंकि जब भी कोई धार्मिक ट्रस्ट या समिति बनाई जाती है तो उसकी देखरेख, उसकी हिफाजत और उसके उत्तराधिकारी उसी धर्म के लोग हुआ करते हैं। केंद्र सरकार ने वक्फ बिल में संशोधन करके मुसलमान के अधिकारों का हनन किया है। इससे वक्फ की संपत्ति पर मुसलमान का कोई भी अधिकार सुरक्षित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि वे इस कानून का विरोध करते हैं।

### जुलुस के उपरांत वक्ताओं ने रखे अपने विचार

**अंजुमन सदर मुशाहिद आजमी :** जुलूस की समाप्ति के बाद सभा को संबोधित करते हुए मुशाहिद आजमी पम्मू ने कहा कि वक्फ बिल में संशोधन करके हुकूमत अपने पीठ को खुद थपथपा रही है। यह मुसलमानो के अधिकार का हनन है। इस बिल से मुसलमानो की दान की गयी संपत्ति पर मुसलमान का अधिकार नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन बिल सीधे संविधान पर हमला है।

**अंजुमन सचिव मकसूद आलम :** अंजुमन सचिव मकसूद आलम ने कहा कि वक्फ बिल को हम किसी कीमत पर स्वीकार नहीं कर सकते। वक्फ में हमारे पूर्वजों की दान की गयी जमीन है। उसकी देखरेख करने के लिए भारत के मुसलमान काफी है। हम अपने इस अधिकार में किसी की दखलंदाजी बर्दाश्त नहीं कर सकते।

**चैनपुर सदर मो. शकील खान :** चैनपुर के सदर मोहम्मद शकील खान ने कहा कि वक्फ अमेंडमेंट बिल हमारे लिए काले कानून की तरह है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार से आग्रह है कि वह विधानसभा में यह पारित करे कि इस काले कानून का झारखंड में अनुपालन नहीं किया जाएगा।

**सिसई सदर मो. सलमान अली :** सिसई अंजुमन के सदर मोहम्मद सलमान अली ने कहा कि मुसलमान अपनी विरासत से समझौता नहीं कर सकता है। क्योंकि मुसलमान अपने मस्जिदों, मदरसों, मजारों और अपने इबादतगाहों से दिलो जान से मोहब्बत करता है।

**झायुमो के उपाध्यक्ष उमर फारुख अंसारी :** झारखंड युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष उमर फारुख अंसारी ने कहा कि वक्फ बिल केंद्र सरकार की सोची समझी साजिश है। यह मुसलमानो के अधिकार का हनन कर किसी एक समुदाय के वोट का ध्रुवीकरण करना चाहती है। केंद्र सरकार हमेशा से फूट डालो शासन करो की नीति पर काम कर रही है।

## लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान ने सिकरी स्कूल में निकाली जागरूकता रैली



**जारी (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान के नेतृत्व मे जारी प्रखंड अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिकरी के बच्चों एवं शिक्षको के द्वारा शुक्रवार को जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली मे बच्चों के द्वारा बाल विवाह मिटाना है, बोझ न समझो बेटी को अब आजादी दो बेटी को, शिक्षा जीवन का आधार है इसके बिना जीवन बेकार है, हम सबका है एक विचार बाल विवाह मुक्त परिवार, बाल विवाह अपराध है लड़का हो या लड़की दोनों के लिए श्राप है, बाल मजदूरी पाप है इसके जिम्मेदार हम और आप है जैसे कई नारे लगाये गये। वहीं मौके पर उपस्थित लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान के सीएसडब्लू नीलम बेक ने कहा कि बाल श्रम बच्चों का अधिकारों का उलघंन है और इसे समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। मौके पर राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिकरी के प्रधानाध्यापक प्रभुदास तिग्गा एवं स्कूल के सभी बच्चे उपस्थित थे।

## नाबालिग ने बैंक कर्मी पर दुष्कर्म का लगाया आरोप

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** शाखा बैंक ऑफ इंडिया के कैशियर राजकुमार सिंह के द्वारा अपने ही घर में खाना बनाने वाली 12वीं कक्षा की नाबालिग आदिवासी युवती के साथ दुष्कर्म करने का प्राथमिक दर्ज बिशुनपुर थाना में हुआ है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बैंक ऑफ इंडिया के कैशियर राजकुमार सिंह अपने घर में एक 12वीं कक्षा की आदिवासी नाबालिक युवती से खना बनवाने का काम कर रहे थे। इसी दौरान पिछले 18 अप्रैल को युवती खाना बना रही थी तभी अचानक के कैशियर युवती को पकड़ कर जोर जबरदस्ती करते हुए अपने बेड तक ले गये। जहां पर युवती के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया और उसे इस बात की जानकारी किसी को नहीं देने का धमकी दिया गया। इसके बाद सुबह कैशियर अपने घर चले गये। घटना के बाद बच्ची भी डरे सहमे अपने घर गई जहां पर उसने अपनी मां को घटना के बारे में पूरी जानकारी दी तब परिजन लाज लिहाजा के डर से चुपचाप थे तभी घर के अन्य सदस्यों को भी इसकी जानकारी हुई तो सभी लोगों ने मिलकर कैशियर के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज करने का निर्णय लिया। इधर बिशुनपुर थाना में पीड़िता के द्वारा बैंक आफ इंडिया के कैशियर राजकुमार सिंह के उपर दुष्कर्म करने का प्राथमिक दर्ज कराया गया। जिसके बाद पुलिस ने युवती को मेडिकल जांच एवं 164 का बयान दर्ज करने के लिए गुमला भेज दिया। वहीं आरोपी की धर पकड़ के लिए पुलिस जुट गयी है।

## बाराती वाहन ने पेड़ को मारी टक्कर, पांच लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला पालकोट रोड स्थित पिंजरा डीपा के समीप बाराती वाहन ने पेड़ को टक्कर मार दिया। घटना में कुरडेग निवासी चंद्रमुनी देवी सुधेश्वरी देवी घूनसरी घाघरा निवासी 13 वर्षीय बजरंग गोप कोलेंग नवाडीह निवासी गोपाल साहू और कोबांग निवासी शाखापत्ति देवी घायल हो गये। घटना के बाद वाहन चालक वाहन छोड़कर घटना स्थल से फरार हो गया। पीछे से आ रहे एक बाराती वाहन ने घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी इसके बाद सभी घायलों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पालकोट ले जाया गया इसके बाद गुरुवार की सुबह 5 बजे सदर अस्पताल लाया गया। वहीं घटना में बजरंग को सिर में गंभीर चोट लगी जबकि गोपाल साहू का एक पैर टूट गया साथ ही शरीर के कई हिस्से में काफी चोट लगी। परिजन उसे शहर के एक निजी अस्पताल इलाज हेतु ले गये।

जानकारी के मुताबिक सभी सिसई के कुम्हार मोड बारात गये थे लौटने के क्रम मे पिंजरा डीपा के समीप चालक को झपकी लग गयी और सड़क किनारे एक पेड़ को जोरदार टक्कर मार दिया। घायलों के परिजनों ने बताया मौके पर पालकोट थाना की पुलिस पहुंची थी। लेकिन वाहन को पालकोट थाना द्वारा जब्त नहीं किया गया।

## अखड़ा संस्कृति से जुड़े रहेंगे, तो स्वस्थ रहेंगें : चमरा लिंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** प्रकृति पर्व सरहुल धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। करमटोली गांव स्थित सरना स्थल में बैगा विश्राम उरांव, पुजार बुधराम उरांव द्वारा मां सरना की पूजा की गयी जिसके उपरांत समाज के लोगों के बीच सरना फूल एवं प्रसाद का वितरण किया गया। इधर प्रखंड स्तरीय सरहुल पूजा समिति की अगवाई में शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जहां अतिथि स्थानीय विधायक सह झारखंड सरकार के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा पूर्व सांसद समीर उरांव सिल्ली एसडीपीओ अनुज उरांव भिखारी भगत महेंद्र भगत शिवराम कश्यप अनिल भगत सहित विभिन्न प्रखंड से सैकड़ों की संख्या में खोड़हा दल शोभा यात्रा में शामिल हुए। जहां सरना स्थल से लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी शोभायात्रा में शामिल लोगों का उत्साह चरम पर था। हर पांव सड़कों पर थिरकते नजर आ रहा था हर हाथ मांदर और नगाड़ा को मधुर धुन देने में व्यस्त था। लोग एक दूसरे का हाथ पकड़ नाचते हुए बिरसा बाग पहुंचे जहां मंच कार्यक्रम उपरांत बेहतर प्रदर्शन करने वाले खोड़हा दल को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि अखड़ा संस्कृति से जुड़कर हम स्वस्थ रह सकते हैं। उन्होंने कहा सरहुल पर्व हमें आपसी-भाइचारगी का संदेश देता है। सरहुल पर्व में पहान-पुजार गांव की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। जिस तरह पेड़-पौधे अपने पुराने पत्ते को छोड़ नये पत्ते और हरियाली देती है। ठीक उसी प्रकार सरहुल पर्व भी हमें गांव में सुख-शांति देने का काम करती है सरहुल महोत्सव हमारी पौराणिक संस्कृति है जरूरत है हमें इसे संजोने की। उन्होंने कहा 1500 करोड़ का ढोल नगाड़ा खरीदा जा रहा है जो तमाम गांव में बाटा जाएगा ताकि हम लोगों की संस्कृति बचा रहेगा। समीर उरांव ने हमारे पूर्वज वैज्ञानिक मौसम का पता लगा लेते थे प्राकृतिक का अनुपालन करने वाला समाज हमारा आदिवासी समाज है। हमारा आदिवासी समाज स्वाभिमानी है कभी भी हारने वाला नहीं। जिस प्रकार हमारे मंत्री सरना मसना को बचाने का काम कर रहे हैं उसी प्रकार सिरम टोली सरना स्थल को भी बचाने का करें। मौके पर शिवराम कच्छप, भिखारी भगत, महेंद्र भगत, आलोक बागे, जतरु उरांव, संजू उरांव, बालेश्वर उरांव, बिरसाय उरांव, बसनु उरांव, पवन उरांव, समित का अध्यक्ष करमचंद उरांव, सचिव प्रकाश उरांव, कमलेश उरांव सहित हजारों की संख्या में उत्सव में शामिल लोग उपस्थित थे।



## झारखंड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन ने मनाया मजदूर दिवस




**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश महिला प्रतिज्ञा एसोसिएशन के सदस्यों ने गुरुवार की अपराह्न 4:00 बजे जशपुर रोड स्थित डेली मार्केट के पास मजदूर दिवस मनाया। इस अवसर पर एसोसिएशन की महिलाएं डेली मार्केट के पास जमा हुई और जिला अध्यक्ष देवकी देवी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवकी देवी ने कहा 1 मई को पूरे भारत में मजदूर दिवस मनाया जाता है। गुमला में मजदूरों की स्थिति बेहद खराब है यहां के मजदूरों को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का पैसा भी नहीं मिलता है। कई मजदूरों को काम करा कर उन्हें पैसा भी नहीं दिया जाता है। ऐसे कई मामले सामने आए हैं लेकिन एसोसिएशन मजदूरों की हक को लेकर हमेशा आवाज उठाते रही है साथ ही मजदूरों को संगठित करने का काम भी किया है संगठन सभी मजदूरों को न्याय और अधिकार दिलाने का काम करेगी। गुमला के दिहाड़ी मजदूरों को बरसात के दिनों में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। मजदूरों के लिए कोई निश्चित स्थान भी नहीं है जहां वे जमा हो सके फिलहाल पालकोट रोड में ही मजदूर एकत्रित होते हैं जहां पर प्रशासन द्वारा उनके लिए शेड की मांग की जायेगी। मौके पर माया कुजूर, कलावती देवी, केशो देवी, सुधा देवी, उषा देवी, सुमित्रा देवी, भूखली देवी, मुनिया देवी, लक्ष्मी देवी, सरिता देवी विमला देवी, मीना देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सीलाफारी लांजी में चार मंदिर का हुआ निर्माण, निकाली कलश यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला के सीलाफारी लांजी गांव के सीता बगीचा में चार मंदिर का निर्माण किया गया। इस उपलक्ष में शुक्रवार की प्रातः 6:00 बजे नागफेनी नदी से मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाला गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिला व पुरुष भक्तजन शामिल हुए। कलश यात्रा में लांजी सिलाफारी और आसपास के दर्जनों गांव के ग्रामीण नदी से जल में कलश लेकर मंदिर तक पैदल पदयात्रा की। इस दौरान जय जय श्री राम, बजरंगबली की जय, हर हर महादेव, भारत माता की जय के नारों से वातावरण गूंजायमान रहा। दो लाइन की पंक्ति बद्ध तरीके से श्रद्धालु जयकारा लगाते हुए मंदिर पहुंचे। शुक्रवार से तीन दिवसीय चार मंदिर निर्माण सह मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के साथ यज्ञ महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जो चार मई को समाप्त होगा। वहीं शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा, झांकी एवं तत्व बेदी स्थापना कार्यक्रम आरंभ किया गया। शनिवार को जलाभिषेक विशेष पूजन एवं प्राण प्रतिष्ठा जिसमें दो बजरंगबली मां दुर्गा और भोले शंकर की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। वहीं रविवार को यज्ञ परिक्रमा पूजन हवन यज्ञ एवं विविध संस्कार के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष देव कुमार सिंह ने बताया समस्त यज्ञ संचालन प्रवचन भजन कार्यक्रम शांतिकुंज हरिद्वार के विध्व वत पुरोहितों की टोली द्वारा संपन्न होगी। वहीं प्रतिदिन दैनिक सायं प्रवचन भजन सामूहिक आरती कार्यक्रम यज्ञ स्थल सीता बगीचा में आयोजित होगी। कार्यक्रम के सफल संचालन में देव कुमार सिंह, हरेंद्र, शिव, उमेश, विक्की, राजकेश्वर, भूषण सहित समस्त ग्रामीण का योगदान रहा।



## डीडीसी ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक गुरुवार को उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने पोषण ट्रैकर ऐप में पंजीकृत लाभुकों की संख्या, आधार सत्यापन, वजन माप, गृह भ्रमण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, कुपोषण उपचार, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना सहित सेविका/ सहायिका की रिक्तियों और आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारभूत संरचना की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने पोषण ट्रैकर ऐप में डेटा अद्यतन करने, बच्चों के परिजनों का आधार अपलोड करने और वजन मापन की शत प्रतिशत एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। महिला पर्यवेक्षिकाओं को गर्भवती महिलाओं की पहचान कर सरकारी योजनाओं की जानकारी देने और लाभ दिलाने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने सेविका/ सहायिका की नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाने, आंगनबाड़ी केंद्रों के मरम्मत और नवीनीकरण, शौचालय, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। पालकोट, बसिया और सिसई के कई आंगनबाड़ी केंद्रों में खराब चापाकलों को शीघ्र मरम्मत कराने और बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी केंद्रों में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही।




## एकता रौनियार महिला संगठन ने पहलगाम आतंकी हमले में मरे लोगों को दी श्रद्धांजलि




**गुमला (आजाद सिपाही)।** बीते दिनों पहलगाम अटैक के विरोध में एकता रौनियार महिला संगठन की ओर से कैंडल जला कर शोक सभा का अयोजन किया गया। कैंडल शोक सभा कर इस अटैक में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम में घटना की जानकारी देते हुए इस पूरे घटना का जोरदार विरोध किया गया। महिला मंडल की प्रदेश अध्यक्ष लता गुप्ता ने कहा कि यह शोक सभा उन सभी मृतकों को श्रद्धांजलि के रूप में समर्पित है जिनके लहू से आतंकियों ने बर्बरता का इतिहास लिखा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा इसका मुंह तोड़ जवाब आतंकियों देना चाहिए। क्योंकि इस घटना में हमारे भाई बहनों की जान गयी है। हमारे देशवासियों के खून का बदला खून होना चाहिए। यह कैंडल शोक सभा का अयोजन रौनियार धर्मशाला पालकोट रोड गुमला में किया गया था। मौके पर एकता रौनियार महिला संगठन की सचिव सरिता गुप्ता, उपाध्यक्षा ममता गुप्ता, रीता कुमारी गुप्ता और सुलोचना, संरक्षक राधा देवी और सीता गुप्ता, प्रवक्ता श्याम गुप्ता सहकोषाध्यक्षा निपुण गुप्ता साहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।

## बैंक में धक्का-मुक्की से बुर्जुग बेहोश

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया घाघरा में शुक्रवार को अत्यधिक भीड़ व धक्का मुक्की के कारण बड़काडीह ग्राम निवासी तेंबा उरांव भीड़ के बीचों बीच जमीन पर गिर गया और बेहोश हो गया लगभग 1 घंटे तक जमीन पर पड़ा रहा। किसी ने उसकी मदद नहीं की और ना ही बैंक कर्मियों के द्वारा किसी भी तरह की सहायता पहुंचायी गयी। लगभग 1 घंटे व जमीन पर बेसुध पड़ा रहा जिसके बाद बैंक में ग्रामीणों के द्वारा उसे पानी पिलाकर व शांत जगह पर ले जाकर लेताया गया जिसके बाद उसे होश आया। तेम्बा ने बताया कि वह अपना वृद्धा पेंशन का पैसा निकालने के लिए बैंक आया था। अहले सुबह से ही वह लाइन पर लगा था जैसे ही बैंक खुला सभी अचानक बैंक के अंदर घुसने लगे। चुंकी तेम्बा उरांव बुजुर्ग है उसे धकेलते हुए लोग बैंक के अंदर घुसने लगे इसी दौरान वह गिरकर बेहोश हो गया।

## स्पोर्ट्स



बांग्लादेश और यूएई के बीच पिछली द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला 2022 में दुबई में खेली गयी थी, जहां बांग्लादेश ने दोनों मुकाबले जीतकर 2-0 से सीरीज अपने नाम की थी।

## पाकिस्तान दौरे से पहले यूएइ के खिलाफ दो टी-20 मैच खेलेगा बांग्लादेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश पुरुष क्रिकेट टीम पाकिस्तान दौरे से पहले इस महीने के अंत में यूएई का दौरा करेगी, जहां टीम दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलेगी। ये मुकाबले 17 और 19 मई को शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में रात 7 बजे (स्थानीय समयानुसार) खेले जाएंगे। यह दोनों देशों के बीच तीन वर्षों में दूसरी द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला होगी।

बांग्लादेश और यूएई के बीच पिछली द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला 2022 में दुबई में खेली गयी थी, जहां बांग्लादेश ने दोनों मुकाबले जीतकर 2-0 से सीरीज अपने नाम की थी। इस बार भी बांग्लादेश की टीम मजबूत नजर आ रही है, जबकि यूएई को घरेलू परिस्थितियों का फायदा मिल सकता है।

एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड (इसीबी) के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर सुब्हान अहमद ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि हम एक बार फिर बांग्लादेश पुरुष टीम की मेजबानी करके उत्साहित हैं। पिछले तीन वर्षों में हमने न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान जैसी आईसीसी फुल मेंबर टीमों की मेजबानी की है। अब बांग्लादेश की यह दूसरी द्विपक्षीय यात्रा हमारे लिए खास है।

वहीं, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के सीइओ निजामुद्दीन चौधरी ने कहा कि यूएई में दोबारा खेलना हमारे लिए अच्छा अनुभव होगा। ये मुकाबले हमारी टीम के लिए एशिया कप और आगामी व्यस्त अंतरराष्ट्रीय सीजन की तैयारी का अहम हिस्सा होंगे।

बांग्लादेश की यह सीरीज 2025 के टी20 शेड्यूल की शुरूआत है। पाकिस्तान दौरे के बाद टीम श्रीलंका जायेगी, जहां दो टेस्ट, तीन वनडे और दो टी20 खेले जायेंगे। अगस्त में बांग्लादेश भारत की मेजबानी करेगा, जिसमें तीन वनडे और तीन टी20 मुकाबले होंगे।

दूसरी ओर, यूएई की टीम इन दिनों नीदरलैंड्स में वर्ल्ड कप लीग 2 में खेल रही है, जहां 11 मैचों में केवल दो जीत के साथ वह अंकतालिका में सबसे नीचे है।




## स्कूटी और बाइक की टक्कर में दो घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह प्रखंड के बांसडीह घाटी में शुक्रवार की शाम 6 बजे बाइक और स्कूटी में सीधी भिड़त होने से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल रौनक मेहता ने बताया की वह डुमरी प्रखंड में मनरेगा इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। वही साथ में वीएलडब्ल्यू मेल प्रकाश तिर्की भी थे। दोनों ड्यूटी समाप्त कर बाइक से बांसडीह होते गुमला आ रहे थे। इसी क्रम में घाटी के पास से स्कूटी में सवार होकर एक युवक रायडीह की तरफ जा रहा था। स्कूटी चालक नशे में धुत था। बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में मेल प्रकाश के बायां पैर में गंभीर चोटे आयी है। वही रौनक मेहता के शरीर के अन्य हिस्सों में चोटे आयी है। इसके अलावे उनके बायां हाथ में गंभीर चोटे आयी है। दोनों अस्पताल में इलाजरत है।

## संगठित होकर श्रमिक भी ला सकते हैं बदलाव : अनुपमा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर गुरुवार को जोड़ापोखर स्थित आवासीय कार्यालय में मजदूर दिवस मनाया गया। अपने संबोधन में कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह ने कहा कि जिन्होंने अपने हक-अधिकार के लिए आंदोलन किया और शहीद हो गए श्रमिक दिवस उन्हीं की देन है। मजदूर दिवस हमें बताता है कि संगठित होकर श्रमिक भी बदलाव ला सकते हैं। यह दिन आज भी सामाजिक और आर्थिक समानता की मांग को मजबूत करता है। न्यूनतम मजदूरी, बाल श्रमिक निषेध और कार्यस्थल की सुरक्षा जैसी उपलब्धियां मजदूर दिवस आंदोलन का ही परिणाम है। दूसरी ओर, श्रमिक दिवस को 22 श्रमिकों को हर्ल और गेल कंपनी की असंगठित क्षेत्र की नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कहा कि सिंदरी के यूनियन नेता संतोष सिंह के सफल प्रयास से उक्त मजदूरों को रोजगार से जोड़ा गया है। आगे भी रोजगार से जोड़ने का प्रयास जारी रहेगा। वहीं, नियुक्ति पत्र पाने वालों में राजेश कुमार पांडेय, बिपिन बिहारी महतो, राजेश गोराई, दीपक महतो, दिनेश चंद्र प्रमणिक, बलदेव मुखर्जी, रवि कुमार, श्रीकांत दत्ता, भूपेन्द्र कुमार, रंजीत रॉय, अनीश पाल, विश्वजीत बाउरी, धर्मेंद्र प्रमाणिक, प्रिंस कुमार, सुजीत कुमार मण्डल, गौतम मण्डल, सुब्रत मंडल, असलम अंसारी, शेखर रॉय, बिनोद कुमार भुईया और अरुण कुमार शामिल हैं। इस मौके पर संतोष सिंह, बमभोली सिंह, अच्छेयवर प्रसाद, किशोर कुमार, सतपाल सिंह, ब्रोका बाबू और गोपाल धारी आदि उपस्थित थे।

## पहलगाम आतंकी घटना के विरोध में स्कूली बच्चों ने निकाली प्रतिवाद रैली



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन और कुसुम विहार स्थित अपर्णा पब्लिक स्कूल जूनियर विंग के बच्चों ने संयुक्त रूप से विगत 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गये निर्दोश पर्यटकों के विरोध में अपर्णा पब्लिक स्कूल जूनियर विंग से कुसुम विहार ,फेस 2 तक रैली निकाली गयी। इस दौरान मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। रैली में बच्चों के साथ इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन की अध्यक्ष रश्मी सहाय, वाइस प्रेसिडेंट लीना झा, कोषाध्यक्ष रेनू कौशल, इंदिरा महापात्र शामिल थीं। वहीं, रैली को सफल बनाने में अपर्णा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर करुणेश कौशल, इंचार्ज अनुप्रिया, किया, दीप्ति और आंचल सहित अन्य शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने की मांग को लेकर सांसद ढुल्लू महतो को सौंपा पत्र



**बाघमारा (आजाद सिपाही)।** भाजपा सांसद ढुल्लू महतो को उनके चिटाही स्थित आवासीय कार्यालय में जाकर अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चंद्र तिवारी एवं हिंदी परिषद के सात प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को एक स्मार पत्र सौंपा। उनसे आग्रह किया है कि हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने को लेकर वे संसद भवन में आवाज उठायें। बतातें चलें कि हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का ऐतिहासिक अभियान हिंदी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संस्थापक हृदय नारायण मिश्रा ने चला रखा है। जिसमें सभी राज्यों में करीब साढ़े दस लाख से ज्यादा पदाधिकारी एवं सदस्यों की संख्या है। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चंद्र तिवारी, मनोहर पांडेय, सर्वानंद ओझा, प्रेम कुमार तिवारी, अनंत कुमार तिवारी, अनील उपाध्याय एवं श्रीराम पाण्डेय शामिल थे।

## स्थानीय लोगों को नियोजन और बकाया भुगतान की मांग को लेकर कार्य किया ठप

**धनसार (आजाद सिपाही)।** बस्ताकोला देव प्रभा आउटसोर्सिंग के कर्मियों और स्थानीय लोगों ने गुरुवार से जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) के बैनर तले बकाया भुगतान एवं स्थानीय युवाओं को नियोजन देने सहित अन्य मांग को लेकर आउटसोर्सिंग का कार्य पूरी तरह ठप कर दिया। इस दौरान लोगों ने आउटसोर्सिंग प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विगत दो दिनों से जारी आंदोलन देर रात का जारी रहा। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे जश्रसं नेता पप्पू पासवान ने कहा कि यहां संचालित आउटसोर्सिंग कंपनी एवं ट्रांसपोटिंग ठेकेदार मनमानी कर रहे है। कंपनी में कार्यरत मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। जिसे जश्रसं कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। इस बार आउटसोर्सिंग को लगभग सात का कार्य मिला है। यह कंपनी झरिया बस्ताकोला के धरोहर झरिया-धनबाद गोशाला को अपने जद में लेकर उसका अस्तित्व समाप्त करना चाह रही है। पर आउटसोर्सिंग प्रबंधन के मंसूबों को कामयाब होने नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा स्थानीय को नियोजन देने सहित यहां कार्यरत कर्मियों के बकाया भुगतान करने, देवप्रभा आउटसोंसिग कंपनी में कार्यरत श्रमिकों को 12 घंटे की जगह 8 घंटे कार्य कराने, कंपनी में कार्यरत मजदूरों को एचपीसी वेतन देने, बस्ताकोला से बोरागढ साइडिंग में चल रहे ट्रांसपोंटिंग कार्य में स्थानीय को रोजगार उपलब्ध कराने, बस्ताकोला से गोल 6 में चल रहे ट्रांसपोंटिंग कार्य में रोजगार देने, कंपनी में बैठाए कार्यरत मजदूरों को कार्य पर रखने, बंगाली कोठी एवं भेड़ा कांटा में प्रतिदिन पीने के पानी की व्यवस्था करने, सड़क में प्रतिदिन पानी का छिड़काव, मजदूरों को शेफ्टी किट एवं मेडिकल सुविधा उपलब्ध करने सहित विक्ट्री, चांदमारी, बस्ताकोला, भेड़ाकांटा में पीट वाटर उपलब्ध कराने की मांग को रखा गया। आंदोलनकारियों ने कहा कि जबतक यह मांगे पूरी नहीं होती तबतक आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर देशराज चौहान, शंकर कुमार, बबलू भुइयां, विजय चंद्रवंशी, छोटू, रिंकू मोदक, सुप्रीया रंजन कुमार, मुकेश पासवान और राजन कुमार आदि उपस्थित थे।

### हादसा : ट्रक की लाइट से चकमा खाने के बाद कार अनियंत्रित

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**डुमरी/बेरमो।** निमियाघाट थाना क्षेत्र के सीतानाला के पास शुक्रवार अहले सुबह सड़क दुर्घटना में कार सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान प्रमोद गोप के रूप में हुई है। वह बोकारो जिले के चंद्रपुरा स्थित तेलो का रहने वाला था। जबकि इसी हादसे में उसका भाई तपेश्वर गोप और चचेरे भाई पंचानंद गोप घायल हो गए। कार सवार सभी बगोदर के हरिहरधाम से शादी समारोह में शामिल होकर तेलो चन्द्रपुरा जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में हादसा हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एसएनएमएमसीएच ले जाया गया।



खायी में दुर्घटनाग्रस्त कार।

जानकारी के मुताबिक इस दिन अहले सुबह तेलो चन्द्रपुरा जाने के क्रम में कार एक ट्रक की लाइट से चकमा खाकर अनियंत्रित हो गयी और सड़क से करीब 50 मीटर नीचे खाई में गिर गई। उधर, सूचना पाकर मौके पर पहुंचे निमियाघाट थाना प्रभारी सुमन कुमार ने बताया कि घटना तड़के चार बजे की है। कार सवार अपने घर बोकारो के चंद्रपुरा जाने के लिए निकले थे। इनको डुमरी से मुड़ना था पर ये आगे की ओर निकल गए। बताया जा रहा कि सामने से आ रहे ट्रक की लाइट से कार चला रहा युवक वाहन पर से अपना नियंत्रण खो बैठा और सड़ की रेलिंग को तोड़ते हुए नीचे जा गिरा। पुलिस की मानें तो सभी लोग नशे में धुत थे। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को धनबाद के एसएनएमएमसीएच लाया गया। यहां डॉक्टर ने प्रमोद गोप को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल तपेश्वर को बोकारो रेफर किया है। पंचानंद का इलाज धनबाद में ही किया जा रहा है।

## अनाया सिंह उत्तराखंड में आइएससी आर्ट्स स्ट्रीम में 99.25 प्रतिशत अंक लाकर बनी स्टेट टॉपर

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह और कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह की बेटी अनाया सिंह ने आइएससी आर्ट्स स्ट्रीम में 99.25 प्रतिशत अंक लाकर उत्तराखंड राज्य विद्यालय यूनिसन वर्ल्ड स्कूल में स्टेट टॉपर बनकर मान बढ़ाया है। जिससे परिवार और शुभचिंतको में खुशी की लहर है। अनुपमा सिंह ने बताया कि हमलोग जन सेवा में व्यस्त रहते हैं। लेकिन बिटिया की कडी मेहनत, खुद से पढ़ने की प्राथमिकता से ही मुकाम को हासिल किया है। 8 घंटा लगातार नियमित रूप से टाइम टेबल बनाकर हर विषय पर ध्यान केंद्रीत किया और अभ्यास करती रहती थी। अनाया आईएएस बनना चाहती है।



## 50 बांस हस्तशिल्पियों के बीच निःशुल्क उन्नत औजार का वितरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** केंद्रीय कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) के तत्वाधान में चंदनकियारी प्रखंड सभागार में पांच गांव (बरकामा, बोगुला, धाथरी, सुरजूडीह एवं नौडीहा) कलस्टर से आए 50 बांस हस्तशिल्पियों के बीच उन्नत औजार का वितरण किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ अजय कुमार वर्मा और भारत सरकार के सहायक निदेशक (हस्तशिल्प) भुवन भास्कर आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि हस्तशिल्प केंद्र सरकार का विभाग पहले भी बिरसा क्राप्ट प्रोड्यूसर कंपनी एवं सहयोगी संस्थान जन जागरण केंद्र के सहयोग से कई कार्यक्रम आयोजित कर चुका हैं। जिससे बांस कारीगरों के जीवन स्तर में सहयोगी हुआ है। इस दिन भी 50 बांस हस्तशिल्पी कारीगरों के विकास एवं उत्थान के लिए उन्नत टूल्स देना सराहनीय है। उन्होंने हस्तशिल्पियों को हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। वहीं, सहायक निदेशक ने कहा कि निश्चित ही यह कार्यक्रम हस्तशिल्पियों के कौशलता को निखारने और उनकी उत्पादकता एवं आमदनी को बढ़ाने में सहायक साबित होगी। बांस कारीगरों के उत्थान के लिए यह उन्नत टूल्स अति आवश्यक था। झारखंड में बांस हस्तशिल्पियों को उन्नत औजार के जरिये उत्पादकता बढ़ाने, समान गुणवत्ता वाले उत्पादों के उत्पादन में सहायक होगा। उन्होंने हस्तशिल्पियों से समूह में काम करने को कहा। जिससे उन्हें कच्चा माल के क्रय, उत्पादन और विपणन करने में सहायता प्राप्त होगी। इस दौरान हस्तशिल्पियों के बीच विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), भारत सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे मॉडल प्रोड्यूसर क्लस्टर, गांधी शिल्प बाजार, प्रदर्शनी, स्वयं सहायता समूह, इंडिया हैंडमेड पोर्टल, मुद्रा लोन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, इत्यादि विषयों पर विस्तृत विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित रवि जन रोशन ने बताया कि उन्नत औजार मिलने से बांस कारीगरों को उत्पादन और आमदनी बढ़ाने में सहायता मिलेगी। इस मौके पर बिरसा क्रापट प्रोड्यूसर कम्पनी के सीइओ अश्वनी कुमार, भूयेंद्र उपाध्याय आदि मौजूद थे।




## जामाडोबा टाटा डीएवी में मनाया गया मजदूर दिवस


**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** जामाडोबा टाटा डीएवी स्कूल ने गैर-शिक्षण कर्मचारियों के अमूल्य योगदान का सम्मान करने के लिए मजदूर दिवस मनाया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और कृतज्ञता की अभिव्यक्ति से भरा यह कार्यक्रम एकता, सम्मान और प्रशंसा की भावना को दर्शाता है। कार्यक्रम की शुरूआत पिंकी सिंह के हिंदी भाषण से हुई, जिसमें मजदूर दिवस के महत्व एवं श्रम की गरिमा पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद कक्षा 6 सी के उत्कर्ष ने अंग्रेजी में भाषण दिया। छात्र शास्वत सिंह और अनिरुद्ध रवानी ने एक हिंदी कविता सुनाई।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए राजकमल सवि मंदिर के तीन खिलाड़ी हुए चयनित

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार मई को करेंगें उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** भारत की प्रतिष्ठित खेलो इंडिया यूथ गेम्स -2025 का आयोजन चार से 15 मई तक होने जा रहा है। जिसमें 28 खेलों का आयोजन बिहार के पटना, राजगीर, गया, भागलपुर और बेगूसराय में होगा । चार मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेलो इंडिया यूथ गेम्स का विधिवत उद्घाटन करेंगें। स्वदेशी सिख मार्शल आर्ट गतका में झारखंड से 10 खिलाड़ी, दो कोच एवं एक मैनेजर राज्य सरकार की अगुवाई में शामिल होंगें। जिसमें तीन खिलाड़ी धनबाद के प्रतिष्ठित विधालय राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर की पलक परमा, रणवीर ठाकुर और मिनमय दास शामिल हैं। जबकि कोच पप्पू कुमार हैं। गौरतलब हो कि गत वर्ष पंजाब के संगरूर में आयोजित राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के आधार पर इनका चयन खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए हुआ है। वहीं, स्कूल के तीन विद्यार्थियों के चयन पर प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार और उप प्राचार्या लीला सिंह ने बधाई एवं शुभकामनांए दी हैं। वहीं, गतका एसोसिएशन ऑफ झारखंड की टीम पप्पू कुमार, राजीव कुमार सिंह एवं विद्या के नेतृत्व में शनिवार को सुबह धनबाद-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन से रवावा होगी। गतका का आयोजन शनिवार से 8 मई तक बोधगया में होना है।



## खाई में गिरा ट्रक

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। बेरमो थाना के फुसरो-डुमरी मुख्य मार्ग में चपरी ढलान पर गुरुवार को 18 चक्का ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। हालांकि इस हादसे में चालक और खलासी को सामान्य चोट लगी है।**

## एएमपी कोलियरी के प्रबंधक और साइड इंचार्ज पर हमला

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बाघमारा अनुमंडल अंतर्गत आशाकोठी स्थित संजय उद्योग प्राइवेट लिमिटेड आउटसोर्सिंग साइट पर अवैध कोयला कारोबार को लेकर तनाव चरम पर पहुंच गया है। शुक्रवार को इसे लेकर बीसीसीएल के क्षेत्र संख्या-1 स्थित एएमपी कोलियरी के प्रबंधक पंचल पांडेय और साइड इंचार्ज आशीष कुजूर पर जानलेवा हमला हो गया। यह हमला उस वक्त हुआ जब दोनों अधिकारी दिनदहाड़े अवैध कोयला लदे 16 चक्का ट्रक को रोकने पहुंचे थे। सूत्रों की मानें तो, ट्रक रुकवाने की सूचना मिलते ही कोयला माफिया सक्रिय हो गए और करीब 50-60 की संख्या में नकाबपोश हमलावरों ने संजय उद्योग परिसर के बाहर दोनों अधिकारियों पर हमला बोल दिया। गंभीर रूप से घायल प्रबंधक एवं साइड इंचार्ज को तत्काल डुमरा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। उधर, घटना से क्षेत्र में तनाव है। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे बीसीसीएल के वरीय अधिकारियों ने मधुबन थाना में लिखित शिकायत दी, लेकिन खबर लिखे जाने तक किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। उधर, घटना की कड़ी निंदा करते हुए आजसू के जिला प्रधान सचिव सह सांसद प्रतिनिधि रामा शंकर तिवारी ने कहा कि यह हमला कानून व्यवस्था की विफलता को दर्शाता है। बताया कि संजय उद्योग के ओपन कास्ट साइट सहित दर्जनों अवैध खदानों में गरीब मजदूरों से हजारों टन कोयला निकलवाया जा रहा है, जिसे तस्कर ऊंचे दामों पर मंडियों में बेचकर सरकार को भारी राजस्व का चूना लगा रहे हैं। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि कुछ दिन पहले ही भारी पुलिस बल और सीआरपीएफ के साथ यहां छापामारी कर हजारों टन अवैध कोयला जब्त किया गया था। बावजूद इसके फिर से वही गतिविधियां शुरू हो गई हैं। उन्होंने कहा कि अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे अब प्रशासनिक अधिकारियों पर भी हमले कर रहे हैं। उन्होंने वरीय अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई और आशाकोठी में चल रहे अवैध उत्खनन पर रोक लगाने की मांग की है।


**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा ।**

(जिला आपूर्ति शाखा )

(e-Mail id:-dso.chatra@jharkhandmail.gov.in)

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना**

(निविदा संख्या–01/2025–26)

संचिका संख्या–X-07/2020/II-02/2022-23 के पृश्ठ संख्या–52 पर उपायुक्त, चतरा द्वारा प्राप्त अनुमोदन के आलोक मेंमुख्यमंत्री दाल–भात योजना अर्न्तगत वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए केन्द्र संचालकों को चावल मध्यम, चना मध्यम एवं सोया बड़ी मध्यम उपलब्ध कराने के लिए इच्छुक निविदादाताओं से अलग–अलग सीलबन्द लिफाफा में तकनीकी एवं वित्तीय बीड आमंत्रित किया जाता है। निविदा प्रपत्र जिला आपूर्ति शाखा, चतरा से दिनांक–03.05.2025 से 13.05.2025 तक प्रत्येक कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक–16.05.2025 के अपराह्न 01:30 बजे तक जिला आपूर्ति कार्यालय, चतरा में प्राप्त किया जायेगा। प्राप्त निविदा दिनांक–16.05.2025 को अपराह्न 03:30 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा।

निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तें चतरा जिला के विभागीय **Website-**https://chatra.nic.in/ पर देखा जा सकता है।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
चतरा।

PR 351492 Food Public Distribution and Consumer Affairs(25-26)D



**जिला जल एवं स्वच्छता समिति,गुमला**

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गुमला द्वारा विभिन्न ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को उनके मांग के आधार पर शौचालय निर्माण की राशि हस्तांतरित की जाती थी। परंतु अभी तक उनके द्वारा शत प्रतिशत उपयोगिता प्रमाण पत्र/राशि की वापसी इस कार्यालय को नहीं किया गया है। इस हेतु समाचार पत्रों में निम्न ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को सूचित किया जाता है कि अपने अपने प्रखंड अंतर्गत कनीय अभियंता/प्रखण्ड वॉश कॉडिनेटर से संर्पक कर दिनांक 05.05.25 तक निश्चित रूप से उपयोगिता प्रमाण पत्र/राशि की वापसी/समायोजन करा दिया जाय। अन्यथा बाध्य होकर संबंधित ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति पर नियमसम्मत कार्रवाई की जायेगी। जिसका विवरण निम्न प्रकार हैः–

| क0 सं0 | प्रखंड | VWSC/SHG का नाम | पता | शौचालय की संख्या | शौचालय की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रायडीह | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, केमटे** 1. श्री बिसनाथ बड़ाईक (अध्यक्ष), ग्राम–केमटे, पंचायत–केमटे प्रखंड–रायडीह। 2. श्रीमति निरांतर सांगा (कोषाध्यक्ष), ग्राम–केमटे, पंचायत–केमटे प्रखंड–रायडीह। | ग्राम–केमटे, पंचायत–केमटे प्रखंड–रायडीह। जिला–गुमला। | 56 अदद | 6,72,000/– |
| 2 | रायडीह | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, काडंग** 1.श्रीमति मर्था एक्का (अध्यक्ष), ग्राम–काडंग, पंचायत– जरजट्टा, प्रखंड–रायडीह। 2. श्रीमति एथेल सोरेंग (कोषाध्यक्ष), ग्राम– काडंग, पंचायत–जरजट्टा, प्रखंड–रायडीह। | ग्राम– काडंग, पंचायत– जरजट्टा, प्रखंड–रायडीह। जिला–गुमला। | 50 अदद | 6,00,000/– |
| 3 | रायडीह | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, सनियाकोना** 1. श्रीमति मर्था एक्का (अध्यक्ष), ग्राम–सनियाकोना, पंचायत–जरजट्टा, प्रखंड– रायडीह 2. श्रीमति बिरसमुनी देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम–सनियाकोना पंचायत–जरजट्टा, प्रखंड– रायडीह। | ग्राम–सनियाकोना पंचायत–जरजट्टा, प्रखंड– रायडीह जिला–गुमला। | 82 अदद | 7,92,000/– |
| 4 | रायडीह | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, नीच डुमरी** 1. श्रीमति सिलवन्ती देवी (अध्यक्ष), ग्राम–नीच डुमरी पंचायत–कांसीर, प्रखंड–रायडीह। 2. श्रीमति रितु देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम–नीच डुमरी पंचायत–कांसीर, प्रखंड–रायडीह। | ग्राम–नीच डुमरी पंचायत–कांसीर, प्रखंड–रायडीह। जिला–गुमला। | 61 अदद | 7,32,000/– |
| 5 | रायडीह | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, लादू** 1. श्री बिसनाथ बड़ाईक (अध्यक्ष), ग्राम–लादू, पंचायत–केमटे प्रखंड–रायडीह। 2. श्रीमति सचिता देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम–लादू, पंचायत–केमटे प्रखंड–रायडीह। | ग्राम–लादू, पंचायत–केमटे प्रखंड–रायडीह। जिला–गुमला। | 86 अदद | 10,32,000/– |
| 6 | रायडीह | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, सुरसांग** 1. श्रीमति आशा सुचिता एक्का (अध्यक्ष), ग्राम–सुरसांग, पंचायत–सुरसांग,प्रखंड–रायडीह। 2. श्रीमति मुनेश्वरी देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम–सुरसांग, पंचायत–सुरसांग,प्रखंड–रायडीह। | ग्राम–सुरसांग, पंचायत–सुरसांग, प्रखंड–रायडीह। जिला–गुमला। | 56 अदद | 6,72,000/– |
| 7 | रायडीह | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, ऊपर खटंगा** 1. श्रीमति कान्ता एक्का (अध्यक्ष), ग्राम–ऊपर खटंगा पंचायत–ऊपर खटंगा प्रखंड–रायडीह। 2. श्रीमति कांति कुजूर (कोषाध्यक्ष), ग्राम–ऊपर खटंगा पंचायत–ऊपर खटंगा प्रखंड–रायडीह। | ग्राम–ऊपर खटंगा पंचायत–ऊपर खटंगा प्रखंड–रायडीह। जिला–गुमला। | 48 अदद | 5,76,000/– |
| 8 | गुमला | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, चुगलू** 1. श्री रमेश उरॉव (अध्यक्ष), ग्राम–चुगलू, पंचायत–डुमरडीह, प्रखंड–गुमला। 2. श्रीमति चन्द्रमनी देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम–चुगलू, पंचायत–डुमरडीह, प्रखंड–गुमला। | ग्राम–चुगलू, पंचायत–डुमरडीह, प्रखंड–गुमला। जिला–गुमला। | 89 अदद | 10,68,000/– |
| 9 | गुमला | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, गढ़सारू** 1. श्री विनोद उरॉव (अध्यक्ष), ग्राम–गढ़सारू, पंचायत–तेलगॉव, प्रखंड–गुमला। 2. श्रीमति लक्ष्मी देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम–गढ़सारू, पंचायत–तेलगॉव, प्रखंड–गुमला। | ग्राम–गढ़सारू, पंचायत–तेलगॉव, प्रखंड–गुमला। जिला–गुमला। | 55 अदद | 6,60,000/– |
| 10 | गुमला | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, चाहा** 1. श्री विनोद उरॉव (अध्यक्ष), ग्राम–चाहा पंचायत–तेलगॉव, प्रखंड–गुमला। 2. श्रीमति सोशन बाड़ा (कोषाध्यक्ष), ग्राम–चाहा पंचायत–तेलगॉव, प्रखंड–गुमला। | ग्राम–चाहा पंचायत–तेलगॉव, प्रखंड–गुमला। जिला–गुमला। | 125 अदद | 15,00,000/– |
| 11 | गुमला | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, जोराग** 1. श्रीमति बीना देवी (अध्यक्ष), ग्राम–जोराग पंचायत–करौन्दी, प्रखंड–गुमला। 2. श्रीमति शांति देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम–जोराग पंचायत–करौन्दी, प्रखंड–गुमला। | ग्राम–जोराग पंचायत–करौन्दी, प्रखंड–गुमला। जिला–गुमला। | 125 अदद | 15,00,000/– |
| 12 | अलबर्ट एक्का जारी | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, धोबारी** 1. श्री विनय एक्का (अध्यक्ष), ग्राम–धोबारी पंचायत–जरडा, प्रखंड–अलबर्ट एक्का जारी। 2. श्रीमति हिल्दा तिर्की (कोषाध्यक्ष), ग्राम–धोबारी पंचायत–जरडा, प्रखंड–अलबर्ट एक्का जारी। | ग्राम–धोबारी पंचायत–जरडा प्रखंड–अलबर्ट एक्का जारी। जिला–गुमला। | 41 अदद | 4,92,000/– |
| 13 | अलबर्ट एक्का जारी | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, सिकरी** 1. श्री माईकेल कूजूर (अध्यक्ष), ग्राम–सिकरी, पंचायत–सिकरी, प्रखंड–अलबर्ट एक्का जारी। 2. श्रीमति मंजू देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम–सिकरी, पंचायत–सिकरी, प्रखंड–अलबर्ट एक्का जारी। | ग्राम–सिकरी, पंचायत–सिकरी, प्रखंड–अलबर्ट एक्का जारी। जिला–गुमला। | 75 अदद | 9,00,000/– |
| 14 | बिशुनपुर | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, अम्बाकोना** 1. श्रीमति पुष्पा चोरांठ (अध्यक्ष), ग्राम–अम्बाकोना, पंचायत–गुरदरी, प्रखंड–बिशुनपुर। 2. श्रीमति अमिका असुर (कोषाध्यक्ष), ग्राम–अम्बाकोना, पंचायत–गुरदरी, प्रखंड–बिशुनपुर। | ग्राम–अम्बाकोना, पंचायत–गुरदरी, प्रखंड–बिशुनपुर। जिला–गुमला। | 80 अदद | 9,60,000/– |
| 15 | बिशुनपुर | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, अमतीपानी** 1. श्रीमति सुनिता देवी (अध्यक्ष), ग्राम–अमतीपानी, पंचायत–अमतीपानी, प्रखंड–बिशुनपुर। 2. श्रीमति होलिका असुर (कोषाध्यक्ष), ग्राम–अमतीपानी, पंचायत–अमतीपानी, प्रखंड–बिशुनपुर। | ग्राम–अमतीपानी, पंचायत–अमतीपानी, प्रखंड–बिशुनपुर। जिला–गुमला। | 70 अदद | 8,40,000/– |

कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव,
जिला जल एवं स्वच्छता समिति,गुमला

PR 351517 Drinking Water and Sanitation(25-26).D

## मधुपुर प्रखंड कार्यालय में स्कूल रूआर कार्यशाला का उद्घाटन

# ड्रॉप आउट बच्चों को फिर से स्कूल से जोड़ें : पद्मिनी देवी



आजाद सिपाही संवाददाता

**मधुपुर।** स्कूल रुआर 2025 के तहत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्रखंड कार्यालय सभागार में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन प्रमुख पद्मिनी देवी, उप प्रमुख उमेश कुमार यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार दास, बीइओ विनोद कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। स्कूल रूआर 2025, बैक टू स्कूल कैंपेन के तहत इस कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि सरकार प्रत्येक साल की तरह इस साल भी बैक टू स्कूल कार्यक्रम चला रही है। इस कार्यक्रम के तहत वैसे बच्चों को फिर से स्कूल से जोड़ना है, जो ड्रॉप आउट की श्रेणी में आ गये हैं या वैसे बच्चों को स्कूल लाना है, जो अब तक स्कूल से बाहर हैं।

कार्यशाला के माध्यम से प्रमुख ने मौजूद तमाम पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्यों का आह्वान करते हुए कहा कि वह इस अभियान में बढ़-चढ़ कर अपनी हिस्सेदारी निभाते हुए बच्चों को फिर से स्कूल से जोड़ने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें। वहीं कार्यशाला में मौजूद प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विनोद कुमार तिवारी ने कहा कि बैक टू स्कूल कैंपेन सरकार की एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। इस अभियान में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित कर नये बच्चों या ड्राप आउट बच्चों को नये सिरे से विद्यालय से जोड़ कर उन्हें शिक्षा के मुख्य धारा में शामिल करना है। उन्होंने कहा इस कार्यक्रम के तहत अलग-अलग दिवसों में होने वाले गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और अभियान को पूर्ण रूप से सफल बनाने का आह्वान किया।

वहीं इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी आवास विद्यालय के छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया। मौके पर बीपीओ ताहिर हुसैन, डॉ दिवाकर पंकज, कस्तूरबा के वार्डन समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## आरक्षी नीलमणि पासवान का निधन मर्माहत करनेवाला : डॉ सुनील खवाड़े



देवघर (आजाद सिपाही)। जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष डॉ सुनील खवाड़े ने गोड्डा जिला में पदस्थापित पुलिस जवान नीलमणि पासवान के असामयिक निधन पर शोक एवं दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा नीलमणि पासवान काफी होनहार थे। उनका अचानक यूं चला जाना स्तब्धकारी एवं मर्माहत करने वाला है। उन्होंने कहा कि चूंकि वे कबड्डी संघ से जुड़े हुए थे और मेरे पड़ोसी भी थे, इस वजह से मेरा उनसे व्यक्तिगत जुड़ाव था। यह मेरी निजी क्षति है। उन्होंने कहा कि नीलमणि न केवल एक कर्तव्यनिष्ठ पुलिस जवान थे, बल्कि बहुत प्रतिभावान कबड्डी खिलाड़ी थे। उनमें अद्भुत अनुशासन था। उन्होंने राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक तक प्राप्त किया था। डॉ खवाड़े ने शोक की इस बेला में दिवंगत पासवान के परिवारजनों के साथ संवेदना प्रकट करते हुए मृत आत्मा की शांति की प्रार्थना की है। साथ ही कबड्डी संघ के सचिव धर्मेंद्र देव, बीरेंद्र सिंह, आलोक सहित संघ के तमाम सदस्यों ने अपने होनहार एवं प्रतिभावान खिलाड़ी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिर शांति की प्रार्थना की है।

## डेढ़ लाख के कपड़े और नगदी की चोरी



मधुपुर (आजाद सिपाही)। मधुपुर थाना क्षेत्र के गोंदलीटांड़ में बीती रात अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर आयशा फैशन नामक एक रेडिमेट कपड़ा दुकान में लगभग एक लाख 60 हजार मूल्य के वस्त्र और गल्ला में रखे नगद 2200 रुपये चोरी कर ली है। दुकान मालिक अरमान अंसारी द्वारा मधुपुर थाना में लिखित शिकायत दी है। उन्होंने पुलिस को बताया कि बीती रात गोंदलीतांड़ स्कूल के सामने मेरी रेडिमेड वस्त्र की दुकान आयशा फैशन में रात अज्ञात चोरों ने पीछे से सेंधमारी कर दुकान में रखा सूट का पीस 10 बंडल, जींस पैंट 10 बंडल, शर्ट तथा नॉर्मल शर्ट एवं साड़ी एवं छोटा-मोटा सामान की कीमत 1 लाख 60 हजार रुपया तथा दुकान के गले में 22 हजार रुपये रखे चुरा लिये। मधुपुर थाने की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर जांच-पड़ताल में जुट गयी है।

# आधार सीडिंग के लिए मधुपुर में लगा शिविर



**● एसडीओ राजीव कुमार ने निरीक्षण किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मधुपुर।** मधुपुर देवघर उपायुक्त विशाल सागर के निर्देश पर मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों का आधार सीडिंग को लेकर नगर परिषद कार्यालय सभागार में विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इसके अलावा मधुपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायत में भी शिविर का आयोजन किया गया है। कैंप में सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक मंईया सम्मान योजना के लाभुक महिला काफी संख्या में पहुंच कर अपना अपनी आधार सीडिंग करायी। वहीं एसडीओ राजीव कुमार ने बताया कि यह शिविर एक मई से सात मई तक लगातार 7 दिन तक चलेगा, जो भी मंईया सम्मान योजना का लिस्ट मेरे पास है। इसके अलावा सूचना पट्ट पर चिपका दिया गया है, ताकि अपना लिस्ट देखकर पता लगा सकें कि क्या खामियां हैं। मौके पर सीओ यामुन रविदास, संजय कुमार मिश्रा, बीडीओ अजय कुमार दास, कंप्यूटर ऑपरेटर राजेंद्र कुमार, पंकज कुमार, राहुल कुमार, मेहताब आलम, नवाब अंसारी, समेत अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## रंगदारी नहीं देने पर मारपीट, केस दर्ज

जसीडीह (आजाद सिपाही)। जसीडीह थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव में रंगदारी नहीं देने पर एक दुकानदार के साथ मारपीट कर घायल करने का मामला सामने आया है। पीड़ित धीरज कुमार ने पुलिस को बताया है कि वह चांदपुर गांव के पास मुख्य सड़क पर ऑटो पार्ट्स और वॉशिंग पिट्स की दुकान चला कर जीवन यापन करता है। उसकी दुकान अच्छे से चलने के कारण गांव के ही आलोक आनंद, गोलू कुमार, बुधन यादव और अन्य 5-6 अज्ञात लोग बुधवार को दुकान पर आकर गाली गलौज करने लगे और 50 हजार रुपए प्रतिमाह रंगदारी की मांग की। जब धीरज ने रंगदारी देने से इनकार किया तो आरोपियों ने उसकी पिटाई कर दी और दुकान के काउंटर से 28 हजार रुपए नकद लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। पुलिस मामले को लेकर छानबीन करने में जुटी हुई है।

PSM AUTOMOTIVE HUB
(A MULTIBRAND CAR SERVICE CENTRE)
OUR SERVICE
CAR Wash | Wheel Alignment & Balancing
Mechanical Work | Insurance Claim / Renewal
Electrical Work | Denting & Panting
AC Service | Genuine Parts Available
72610 24907, 73013 75193 | 10% DISCOUNT
H.B. Road, Kokar, Opp.- Jharkhand Cancer Hospital, Ranchi - 834001

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | Nursery | KG - I | KG - II
Tiril Road, Kokar, Ranchi | 9661169815

Now Showing
SUJATA PICTURE PALACE
at Screen-1 (Sujata) | Schedule For 03rd May, 2025 onwards!
Raid 2 : 11.00, 1.45, 4.45, 7.30
at Screen-2 (Miniplex)
HIT -The Third Case : 10.15, 3.45
Raid 2 : 6.45
Jaat : 1.15
*Due to security reasons, only mobiles, wallets & ladies handbags allowed. Patrons are requested to reach the cinema 30 mins before the start of the show to avoid any inconvenience.
*All above information is subject to change without prior notice.

BU
Adding value since 2009
BALAJEE UDYOG
The Mark of Excellence
bathsense | ESSESS | ASTRAL ADHESIVES | m-seal | PRECISION | Racold | VENUS | C.R.I. PUMPS | fresh'n
Plot No. 766, OLD H.B. ROAD, OPP. SADHU MAIDAN
KOKAR, RANCHI-834 001 (JHARKHAND)
Mob. 93869-09008 / 0651-3554978
Email : balajee udyog@rediffmail.com

HOTEL RAMA
AC & NON- AC ROOMS
Booty More | Government Wine Shop | Kokar Chowk | Curesta Hospital | Jharkhand Cancer Center | Samford Hospital
HOTEL RAMA
BOOK NOW
7667855282
9693591164
Add.- H.B. Road, Dipatoli, Near Jharkhand Cancer Center, Kokar, Ranchi

LAKSHMI VASTRALAY
अच्छे से अच्छा फिर भी सस्ता फेन्सी
हमारे यहाँ फैंसी साड़ी, लहंगा, सूट सभी तरह के वस्त्र उचित दामों में मिलते है।
7033265646
Coal Board Colony, Near Dy.SP Bunglow
Police Line Hirapur, Dhanbad

EXPERIENCE
The Happy Riding
28,000/- Only
Low Cost Maintenance
License Free
Battery Cost Extra
One year warranty
J.K. SALES
Pillar No.83, In between O.T.C. Ground & Piska More,
Ratu Road, Beside M-Bazaar, Lakdi Tall, Ranchi.
M.-9386070011, 9386070051

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG)
AGE GROUP 01.8 TO 06 YEARS
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
Contact No. 7903079507, 8092334348

M.R. INDUSTRIAL ENTERPRISES
Furniture, Material Handling, Matters
Manufacture Of :-
CRCA Products | MDF Products
Particle Board Products | Epoxy Coating Product
Bunawat Products / Swing | Stainless Steel Products
Nilkamal | AVRO | cello | Supreme
-: Contact Us :-
+91 9304129368, 79797864572, 7004518458, 9931556455
www.mrichair.com mrikokar@gmail.com
Head Office : Industrial Area, Kokar
Branch Office : Hotel Gali, Vikrant Chowk,

Shreshtha Soni
7481000333
Google | Justdial | indiamart
RS RATNA SAGAR
Govt. Regd.
Wholesale & Retail :
रत्न उपरत्न, रूद्राक्ष, वास्तु सामग्री, हस्तरेखा एवं कुण्डली द्वारा तरक्की के सटीक उपाय
CERTIFIED GEMS, ORIGINAL RUDRAKSH, FENGSUI ITEMS
: Our Branches :
Panchwati Plaza, 9-A, Kutchery Road, Ranchi | Mohan Marketing Complex Under Mr. Sanjay Seth Office Ashok Nagar, Ranchi | Chanchal Complex, Beside Petrol Pump, Sadhu Maidan, Kokar, Ranchi

ETERNAL RANCHI
ETERNAL CAREER CLASSES
Run By Doctors from Rims
Admission open for NEET (MEDICAL)
Free Classes for NEET Coaching XI XII & XII Pass out
Only One Batch FREE for Each Class
Be A Doctor + By the Doctors
BOOK YOUR SEAT
Branch I - 5th Floor Le-Desire Complex
Circular Road, Lalpur, Ranchi
Mob. 6200935394, 6200131542

AJ
V अलंकार ज्वेलर्स
सोना चाँदी का थोक भाव में रिटेल विक्रेता
पुराना सोना खरीद बिक्री की जाती है
CERTIFIED GEMS
BIS 916
तिरिल रोड, कोकर
7488705225
7992284114

RAVINDRA NATH ACADEMY
LIMITED SEATS
ADMISSION OPEN
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
BABY PRE-NURSERY TO CLASS X
MOB. 9905504970, 7992281709
BASUKI NAGAR,
Haidar Ali, Road No.-10, Kokar, Ranchi

प्रकाशित
झारखंड अधिविद्य परिषद, राँची द्वारा आयोजित वर्ग-XI की बोर्ड परीक्षा - 2025 के लिए JCERT, राँची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (बहुविकल्पीय प्रश्न) पर पूर्णतः आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन
Verma's Today
CHAPTER WISE
CLASS - XI
2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
All Subjects Combined in ONE BOOK
कृपया पुस्तक की Cover पर VERMA PRESS PVT. LTD. का Logo और Address देखकर ही पुस्तक खरीदें।
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA
RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
100% सफलता के लिए अवश्य पढ़ें!

HEALMAX HOSPITAL
Healing To The Maximum
Visit Now
3rd Floor, Chhat Talab Road, Govindpur, Dhanbad - 828109
(Opposite Police Station, National Highway 2)

Guddu Soni
GE
V-GUARD | Kirloskar | Crompton Greaves | C.R.I. PUMPS | KSB
GUDDU ELECTRICALS
Repairing & Rewinding of all Types of Motors, Pumps, Fans & Geyser
7992372475, 9386422109, 8102406846
Industrial Area, Near Udyog, kokar, H.B. Road, Ranchi-1

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्यवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**